सुप्रभात
रांची, गुरुवार
07.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 234



12 फिल्म स्पाई यूनिवर्स में नजर आयेंगी आलिया


# राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**यहां होगी नियुक्ति**

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत **बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313 एवं भूगोल के 195** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक

नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर** और **55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर**

कृषि विभाग अंतर्गत **09 कनीय अभियंता**

**यहां होगी नियुक्ति**

खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत **34 खान निरीक्षक**

विद्युत विभाग अंतर्गत **53 कनीय अभियंता**

पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **1,268 कनीय अभियंता** (सिविल)

## 2,454
अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

**दिनांक: 07 मार्च, 2024 (गुरुवार)**
**समय: 12:00 बजे मध्याह्न**
**स्थान: शहीद मैदान, धुर्वा, राँची**

## श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा



**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

PRNO 321791 (IPRD) 23-24

## खबर एक नजर में

### टीवी नरेंद्रन ने सीएम चंपई से मुलाकात की



रांची। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष टाटा स्टील( कारपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी भी उपस्थित थे।

### कांग्रेस पार्टी की लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में मामूली फेरबदल



रांची। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर की जा रही विभिन्न लोकसभा समन्वय समिति की बैठक के कार्यक्रम में मामूली फेरबदल की गयी है। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व से निर्धारित गोड्डा लोकसभा समन्वय समिति की देवघर में 8 मार्च की प्रस्तावित बैठक को महाशिवरात्रि के महान पर्व को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है। अन्य लोकसभा क्षेत्र की बैठक निर्धारित तिथि पर ही होगी। गोड्डा लोकसभा के लिए नई तिथि की घोषणा नए सिरे से जल्द ही की जाएगी।

### रसोइया और संयोजिका ने शिक्षा सचिव से की मुलाकात, मांगों पर की चर्चा

रांची। झारखंड रसोईया संयोजिका संघ का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह से मिला। इस मौके पर बगोदर विधायक विनोद सिंह मौजूद थे। संघ की ओर से मांगों की जानकारी दी गयी। साथ ही इसके पूर्व संघ की विभागिय अधिकारियों के साथ हुई बैठक और मांगों पर बनी सहमति की जानकारी दी गयी। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा सचिव और विधायक से कहा कि उनकी मांगों को जल्द से जल्द कैबिनेट से पास कराया जाये। संघ की मांगों में साल में दो साड़ी, दस महीने की जगह 12 महीने तक मानदेय, सर्वजन पेंशन और भारत इंश्योरेंस से सभी रसोइया को जोड़ा जाये, रसोईया संयोजिका अध्यक्ष जिनकी उम्र को दो साल के अंदर में 60 साल उम्र पूरी होगी ऐसी मीड डे मील वर्कर के घर की महिला सदस्य को नौकरी देने समेत अन्य मांग की गयी।

## भू-राजस्व विभाग के सचिव अदालत में हुए उपस्थित

# खरकई डैम प्रोजेक्ट को हर हाल में करें पूरा : हाईकोर्ट

**कोर्ट ने की टिप्पणी : अब तक 6000 करोड़ हो चुके खर्च, प्रोजेक्ट बंद नहीं हो**



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में 6 हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च होने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए संतोष कुमार सोनी ने जनहित याचिका दायर की थी। इसकी सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट में भू राजस्व विभाग के सचिव हाजिर हुए। उन्होंने खरकई डैम प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के संबंध में जानकारी दी। कोर्ट ने उन्हें शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि अभी इस प्रोजेक्ट के लिए और कितने जमीन के अधिग्रहण का काम बचा है और इसके लिए कितनी राशि आपके पास बची है। इस पर जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कोर्ट को बताया कि जमीन अधिग्रहण पर स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में बाधा हो रही है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि आपस में मिलजुल कर इसका समाधान निकाला जाना चाहिए। इस प्रोजेक्ट पर 6000 करोड़ रूपया खर्च हो चुका है, इतनी राशि खर्च होने के बाद इसे आधा अधूरा बंद नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि छह हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च करने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को वर्ष 2020 में एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट को क्यों बंद कर दिया गया था?

**हाई कोर्ट ने मौखिक कहा- भू-राजस्व सचिव जमीन अधिग्रहण में आ रही समस्या का करें निराकरण**

दरअसल, वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसी के तहत खरकई डैम प्रोजेक्ट किया जा रहा था, लेकिन वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया। प्रार्थी का कहना है कि सरकार ने इस डैम के प्रोजेक्ट पर 6 हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर दी है जबकि इस डैम के प्रोजेक्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है और प्रभावित विस्थापितों को बसाने के लिए नयी जगह भी तैयार है। ऐसे में इस प्रोजेक्ट को पूरा किया जाए।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से हजारीबाग केन्द्रीय कारा के 70 साल के रिकार्ड संबंधी मांगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने हजारीबाग केंद्रीय कारा के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए उसके रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि हजारीबाग केंद्रीय कारा का इतिहास सन 1800 के आसपास का है। इस जेल में स्वतंत्रता सेनानियों को रखा जाता था। इस पर कोर्ट ने 1911 के 70 साल पहले के रिकॉर्ड को संरक्षित करने के संबंध में सरकार से सवाल जवाब किया। मामले की अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी। बता दें कि जेल मैनुअल में सुधार एवं जेल में कैदियों की स्थिति से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई हाई कोर्ट में हो रही है। कोर्ट ने उक्त दिशा-निर्देश राज्य सरकार को दिया है।

## नींबू पहाड़ मामले में आज से सीबीआई जांच संभव!

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में साहिबगंज जिले के नींबू पहाड़ में अवैध खनन मामले की सीबीआई जांच आज से संभव है। मामले में सीबीआई की टीम जांच करने के लिए साहिबगंज रवाना हो सकती है।

गौरतलब हो कि 23 फरवरी, 2024 को झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई की जांच पर लगी रोक हटाकर नींबू पहाड़ में अवैध खनन के मामले की गहन जांच का रास्ता साफ कर दिया था। सीबीआई को इस मामले में जांच करने के लिए निर्देशित किया गया है। इससे पहले अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी होने तक जांच पर रोक लगाई थी। सीबीआई की ओर से नींबू पहाड़ में अवैध खनन के मामले में कांड संख्या 6/23 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# झारखंड में सीएनटी के दायरे में शामिल जातियों की सूची जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य में सीएनटी एक्ट के तहत चयनित क्लास के लोगों को ही विभिन्न तरह का लाभ दिए जाने का प्रावधान है। आरटीआई एक्टिविस्ट सुनील खंडेलवाल ने इसे लेकर राज्य सरकार से जानकारी मांगी थी कि यहां किन-किन जातियों को सीएनटी एक्ट के दायरे में शामिल किया गया है। इससे संबंधित जवाब पिछले दिनों उन्हें भेजा गया है। इसमें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड की ओर से सूचना दी गयी है कि बिहार शिड्यूल्ड एरियाज रेगुलेशन में लिस्ट ऑफ बैकवर्ड क्लासेज के संदर्भ में जून 1962 में निर्गत नोटिफिकेशन में अंकित जातियां ही प्रवर्तनीय हैं। इस सूची में शामिल जातियों के अलावा किसी अन्य पर यह लागू नहीं होता है।

### सीएनटी के दायरे में शामिल जातियां

शिड्यूल ट्राइब- असुर, बैगा, बंजारा, बटहुडी, बिंझिया, बिरहोर, बेदिया, बिरिजिया, चिरो, चिक-बराईक, गोंड, गोरैत, हो, करमाली, खैरा, खीवार, खोनल, किसन, कोरा, करवा, लोहारा या लोहार, महली, माल पहाड़िया, मुंडा, उरांव, पहाड़िया, संथाल, सौरिया पहाड़िया, सावर इसके अलावा रांची, साहेबगंज, हजारीबाग और संथाल परगना में रहनेवाले भूमिज को भी इसमें जगह दी गयी है।

**शेड्यूल कास्ट (एससी)**- बाउरी, बनतार, भोगता, चमार या मोची, चौपाल, धोबी, डोम या ढांगर, दुसाध, धारी या धाती, घारी, हलाल खोर, हरि, मेहतार या वांगी, कंजर, कुरियार, लालबेगी, दावपर, मुसहर, नट, पान या खवासी, पासी, रजवाड़, तूरी। इसके अलावा पलामू जिले के भूमिज या भूईयां को भी इस श्रेणी में माना गया है।

**बैकवर्ड क्लासेज (बीसी)**- इस लिस्ट में 4 दर्जन से अधिक जाति समूहों को शामिल किया गया है। मुख्य रूप से बारी, बानापार, बेलदार, भटियारा, बिंद, चिंक (मुस्लिम), डफाली (मुस्लिम), धानुक, धोबी (मुस्लिम), गोरही, हजाम, कहार, कसाब (कसाई मुस्लिम), केवट, खटिक, माली, धुनिया (मुस्लिम), मेहतर, शिकारा, गुलगुलिया, कवार, भूईयां, मझवार, तांती व अन्य को रखा गया है।

### लोस चुनाव : पुलिस मुख्यालय में 7 मार्च को होगी समीक्षा बैठक

रांची। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए झारखंड पुलिस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार 7 मार्च को सुरक्षा समेत अन्य मामलों को लेकर आईजी अभियान पुलिस मुख्यालय में राज्य के सभी रेंज के डीआईजी और एसएसपी/एसपी के समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान सभी जिलों के एसपी अपने अपने जिले के जिला सुरक्षा को लेकर अपनी तैयारी की जानकारी देंगे। बीते तीन मार्च को राज्य के सभी रेंज आईजी, डीआईजी, एसएसपी/एसपी और डीएसपी को भी लोकसभा चुनाव को लेकर नोडल पदाधिकारी ने प्रशिक्षण दिया था। लोकसभा चुनाव के दौरान लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति, नक्सली इलाकों में सुरक्षित मतदान, पिछले चुनाव में हुई समस्याएं, आदि को लेकर चुनाव आयोग ने इस संबंध में निर्देश दिये हैं।

## जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विरोध प्रदर्शन का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों से 7 मार्च को जिला मुख्यालय में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है, साथ ही पूर्व विधायकों, पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारीयों प्रखंड अध्यक्ष एवं वरीय नेताओं से प्रदर्शन में आवश्यक रूप से भाग लेने का अनुरोध किया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विगत दिनों उच्चतम न्यायालय द्वारा भाजपा की चुनावी बांड योजना को सुप्रीम कोर्ट ने और संवैधानिक करार दिया था और इस योजना द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों को प्राप्त चंदे की सूची सार्वजनिक करने और 6 मार्च के पहले उसे चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था। शांति ने बताया कि 2017 से प्रारंभ इस योजना के द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों को सामूहिक रूप से लगभग 212000 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। अकेले भाजपा को इस योजना से 86566 करोड़ रुपए के लगभग प्राप्त हुए थे जो कुल राशि का लगभग 45% है। भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले उद्योगपति घरानों से अपने संबंधों का खुलासा होने से डर रही है और इसी कारण स्टेट बैंक को मोहरा बनाकर इस काले धन के स्त्रोत की जानकारी को चुनाव तक रोकना चाहती है। इसी वजह से स्टेट बैंक उच्चतम न्यायालय में आवेदन देकर जानकारी का विवरण साझा करने के लिए 30 जून तक का समय मांग रहा है, ताकि उस समय तक आम चुनाव खत्म हो जाए और भाजपा के काले धन के स्त्रोत का खुलासा ना हो पाए।

## जेबीवीएनएल के तकनीकी अधिकारियों का तबादला

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड बिजली वितरण निगम ने क्षेत्रीय तकनीकी महाप्रबंधकों का तबादला किया है। छतरपुर के वरीय प्रबंधक तकनीकी राम गोपाल राम को स्थांतरित करते हुए वरीय प्रबंधक तकनीकी विद्युत आपूर्ति अंचल साहेबगंज में पदस्थापित किया गया है।

निगम मुख्यालय में पदस्थापित वरीय प्रबंधक तकनीकी शोभन सिंह को वरीय प्रबंधक तकनीकी छतरपुर में स्थांतरित किया गया है। नगर उंटारी में कनीय अभियंता रहे धनंजय प्रसाद को राजखरसावां विद्युत आपूर्ति प्रशाखा जमशेदपुर पदस्थापित किया गया है।

वहीं, तकनीकी महाप्रबंधक संजय सिंह को उप महाप्रबंधक पावर परचेस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके साथ ही संजय सिंह महाप्रबंधक वाणिज्यिक के कार्यों का वहन भी करेंगे। इस संबंध में निगम मुख्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जानकारी हो कि पिछले दिनों जीएम वाणिज्यिक के पद पर कार्यरत अधिकारी ऋषि नंदन का आकस्मिक निधन हो गया था। जिसके बाद से ये पद रिक्त था।

### ग्रामीण विकास सचिव ने आरइओ का कार्यभार संभाला



रांची। आईएएस अधिकारी चंद्रशेखर ने बुधवार को सचिव ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ) का पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान विभागीय पदाधिकारियों ने भी उनका स्वागत किया। योगदान के बाद चंद्रशेखर ने विभागीय पदाधिकारियों से जरूरी मसलों पर चर्चा भी की। बताते चलें कि चंद्रशेखर के पास पहले ग्रामीण विकास विभाग था। मंगलवार की देर शााम उन्हें आरईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

## बेरोजगारी भत्ता का वादा भूल चुकी गठबंधन सरकार : रमाकांत महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने चंपई सरकार पर निशाना साधा है। श्री महतो ने कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य के झामुमो कांग्रेस राजद ठगबंधन ने राज्य के युवाओं के लिए प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता और नहीं तो इस्तीफा का वादा किया था। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती हेमंत सरकार ने न तो युवाओं को नौकरी दी और न बेरोजगारी भत्ता। उन्होंने कहा कि भले हेमंत सोरेन जी का इस्तीफा भ्रष्टाचार के कारण हुआ लेकिन कहीं न कहीं उसमें युवाओं की आह भी शामिल है। उन्होंने कहा कि चंपई सरकार भी युवाओं को रोज ठग रही है। आज तक जेएससीसी परीक्षा में हुये भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच का आदेश राज्य सरकार ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि चंपई सरकार की नजरों में भी युवाओं का कोई कद्र नहीं है। यह सरकार सर्वजन पेंशन योजना का ढिंढोरा पीट रही है। जबकि पेंशन की योजनायें बहुत पहले से लागू है। उन्होंने कहा कि यह सरकार बेरोजगारी भत्ता के बारे में कोई विचार नहीं कर रही है। युवा अपनी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी केलिए लाखों रुपए खर्च कर रहे। लेकिन नौकरियों को बेचा जा रहा है। परीक्षायें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जा रही है। उन्होंने कहा कि चम्पई सरकार भी युवाओं को पेंशन के उम्र तक इंतजार कराना चाहती है।

## हेमंत सोरेन के बाद अब शिबू सोरेन पर कसा शिकंजा

# आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन पर दबिश दे सकती है सीबीआई

**आय से अधिक संपत्ति मामले में बड़ी कार्रवाई**

**सीबीआई जांच होगी आरंभ, शिबू सोरेन की मुश्किलें बढ़ी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हेमंत सोरेन के बाद अब उनके पिता शिबू सोरेन की भी मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में झामुमो के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर सोमवार को फैसला सुनाया। लोकपाल ने सीबीआई को जल्द जांच करने का आदेश दिया है। इस मामले की प्रारंभिक जांच छह महीने के अंदर पूरी कर रिपोर्ट की एक प्रति सौंपने को कहा है। बता दें कि लोकपाल ने सुनवाई पूरी करने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब इस मामले में सीबीआई जांच आरंभ होगा।

गोड्डा से बीजेपी सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी। गोड्डा से बीजेपी सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने राज्यसभा सांसद और झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था और 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी। इसी शिकायतवाद पर लोकपाल ने फैसला सुनाते हुए सीबीआई को आदेश दिया।

लोकपाल द्वारा की जा रही प्रारंभिक जांच के आदेश को शिबू सोरेन ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट से शिबू सोरेन को अपील याचिका पर राहत नहीं मिली थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा था और एकल पीठ ने लोकपाल के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। सीबीआई ने मामले की जांच के बाद मार्च 2021 और उसके बाद 1 जुलाई 2021 को सोरेन परिवार की संपत्ति का ब्यौरा और उनके आयकर रिटर्न पर लोकपाल को रिपोर्ट सौंपी थी। इसके आधार पर लोकपाल ने शिबू सोरेन और परिवार के सदस्यों को नोटिस भेजकर उनका पक्ष मांगा था। इसके बाद सोरेन परिवार के सदस्यों से मिले जवाब के आलोक में सीबीआई ने अंतिम पीई रिपोर्ट बीते साल 29 जून को लोकपाल के यहां दाखिल की। इसमें सीबीआई की ओर से कहा गया है कि सोरेन और परिवार के सदस्यों ने आय के ज्ञात और घोषित स्त्रोत से ज्यादा कई बेनामी संपत्तियां बनाई हैं।

### लोकपाल के आदेश को चुनौती दे सकते हैं शिबू सोरेन

झारखंड में जेएमएम के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन लोकपाल के उस आदेश को चुनौती दे सकते हैं जिसमें लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई को जांच का आदेश दिया है। लोकपाल का आदेश आने के बाद कानूनी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है और जल्द ही इस आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल की जा सकती है।

### आदित्यपुर सिवरेज प्रबंधन परियोजना से 23600 घरों को जोड़ने की योजना

रांची। राज्य सरकार ने आदित्यपुर सिवरेज प्रबंधन परियोजना की रिवाइज स्वीकृति प्रदान कर दी है। नगर विकास विभाग ने 15.67 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस परियोजना के अंतर्गत आदित्यपुर क्षेत्र के 23600 घरों में गृह संयोजन देने की योजना तैयार की गयी है। सिवरेज प्लांट के साथ 135 किमी सिवरेज नेटवर्क पाईप लाइन बिछाया जा रहा है। अभी तक 105 किमी पाइपलाइन बिछा दी गयी है। शेष 30 किमी पाइपलाइन बिछाया जायेगा।

### सांसद गीता कोड़ा की मां के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

रांची। प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने। सांसद गीता कोड़ा की मां के निधन पर शोक जताया है। बाबूलाल मरांडी ने शोक प्रकट करते हुये आत्मा की शांति केलिये ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि ईश्वर परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं साहस प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश के पदाधिकारी गण शामिल हैं।


**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

O.A. No. 180 of 2022

BETWEEN
BANK OF INDIA, BARKAGAON BR., HAZARIBAGH ....APPLICANT BANK
VS.
VIJAY MAHTO ..........DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | VIJAY MAHTO S/O SRI MAHESH MAHTO | R/O VILLAGE & P.O. - KEREDARI, P.S. - KEREDARI, DIST. - HAZARIBAGH 825311, JHARKHAND |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 33,58,822.00/- (Rupees Thirty Three Lakhs Fifty Eight Thousand Eight Hundred Twenty Two Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 6th day of May, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **26th day of Fab, 2024.**

D.K. MAHATO
REGISTRAR



**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

RC/86/2023

NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

BANK OF INDIA
Versus
AJAY PRASAD SINHA

To
(CD1)AJAY PRASAD SINHA
RAMGARH, RO OF ASHOK NAGAR PO MARAR
PS MANDU RAMGARH-829117

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/100/2021** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 2847837.00 (Rupees Twenty Eight Lakhs Forty Seven Thousand Eight Hundred Thirty Seven Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **23/05/2024** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **23/02/2024.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0-निविदा संख्या :- WRD/MID/HUSSAINABAD/F, -46/2023-24
पत्रांक -208 हुसैनाबाद, दिनांक -05/03/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | रबदा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड-नावाबाजार, जिला-पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 45.440 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0-निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 07-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 28-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई-मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651-2214784 |

नोट:- सिर्फ ई0-निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :- https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 321731 (Water Resource) 23-24 (D)



ब-अदालत,
**कोर्ट नोटिस**

श्रीमती अर्चना मिश्रा पीठासीन पदाधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय रॉंची
सह दिवानी न्यायाधीश वरीय कोटि प्रथम, रॉंची।
वाणिज्यिक वाद संख्या 63/2022

कैनरा बैंक रांची-2, शाखा ................वादी
बनाम
मेसर्स कल्याणी इंटरप्राईजेज एवं अन्य .....प्रतिवादी

नोटिस बनाम:-
1. श्री कल्याणी इंटरप्राईजेज प्रोपराईटर-श्रीमती मीना देवी, पति-सुनील कुमार पता-महुआ टोली, पालक निकेतन, मिलन चौक, खदगढ़ा, पो०-हेहल, थाना-सुखदेवनगर, जिला-रांची-834005.
2. श्रीमती मीना देवी, पति-सुनील कुमार, प्रोपराईटर श्री कल्याणी इंटरप्राईजेज, निवासी-महुआ टोली, पालक निकेतन, मिलन चौक, खदगढ़ा, पो०-हेहल, थाना-सुखदेवनगर, जिला-रांची-834005.
3. सुनील कुमार, पिता-शिवनंदन सिंह, निवासी-महुआ टोली, पालक निकेतन, मिलन चौक, खदगढ़ा, पो०-हेहल, थाना-सुखदेवनगर, जिला-रांची-834005.

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आप सभी को सूचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध मेरे न्यायालय में उपरोक्त वाद दायर किया है। न्यायालय से पंजीकृत डाक एवं नजारत द्वारा नोटिस जारी किया गया लेकिन आपलोग मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।

अत: न्यायालय के आदेश से इस प्रकाशन नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आप सभी को उपस्थिति हेतु दिनांक 13.5.2024 को ........... बजे दिन में निर्धारित किया गया है। आपलोग स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थिति होकर अपना पक्ष रखें, अगर उक्त तिथि को आपलोग उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमा की सुनवाई एकपक्षीय कर दी जायेगी, इसे सख्त ताकिद जानें। यह प्रकाशन नोटिस न्यायालय की सील, मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से निर्गत किया जा रहा है।

दिनांक:- 28.2.2024 श्रीमती अर्चना मिश्रा पीठासीन पदाधिकारी
स्थान:- वाणिज्यिक न्यायालय रॉंची

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
07.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 234



12 फिल्म स्पाई यूनिवर्स में नजर आयेंगी आलिया

## न्यूज डायरी

### परीक्षित को मिला संगीत नाटक अकादमी अवार्ड

**रांची।** बोकारो के खेड़ाबेड़ा गांव निवासी छऊ कलाकार परीक्षित महतो को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। बुधवार को विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। परीक्षित महतो ने पुरस्कार मिलने पर खुशी जतायी और कहा कि 46 साल की उनकी साधना सफल हुई। उन्होंने कहा, चंदनकियारी की जनता और हमारे टीम की सहयोग से मुझे यह पुरस्कार मिला है। गांव में भी खुशी का माहौल है।

### जंगलराजवालों को बिहार माफ नहीं करेगा : मोदी

**पटना।** बेतिया में एक जनसभा में पीएम मोदी ने बुधवार को राजनीति में परिवारवादियों को आड़े हाथों लेते हुए जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा जंगलराज लानेवालों को बिहार के लोग कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा एक-एक नौकरी के बदले जमीन पर कब्जा किया गया। उन्होंने बिना लालू का नाम लिए कहा कि बिहार में जंगलराज लाने वाला परिवार युवाओं का सबसे बड़ा गुनहगार है। उनलोगों ने सिर्फ अपने परिवार की चिंता की। लाखों बच्चों का भविष्य दांव पर लगा दिया। एक ही परिवार फलता-फूलता रहा।

### सेल्फी लेने के दौरान नदी में डूबा युवक

**दुमका।** मयूराक्षी नदी में डूबे 21 वर्षीय युवक अरविंद कुमार राय का शव मछुआरों ने 15 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ढूंढ लिया। सेल्फी लेने के दौरान पैर फिसलने से युवक नदी में डूब गया था, जिससे उसकी मौत हो गयी थी।

### दूसरी सूची को ले भाजपा कोर कमेटी की बैठक

**नयी दिल्ली।** लोकसभा उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट पर मंथन करने के लिए भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्यवार उम्मीदवारों के नामों पर मंथन किया। बैठक में ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों के कोर कमेटी के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठक कर उम्मीदवारों के नामों के पैनल पर चर्चा की।

### कोडरमा में कार- ट्रक में भिड़ंत, एक की मौत

**कोडरमा।** जेजे कॉलेज के पास बुधवार को कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। कार पर सवार होकर तीन लोग पटना से धनबाद की तरफ जा रहे थे। वहीं ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था। इसी दौरान आमने-सामने की टक्कर हो गयी। कार पर सवार अजय कुमार (50) की इस दुर्घटना में मौत हो गयी।

### पूर्व सांसद को सात साल की सजा, 50 हजार जुर्माना

**जौनपुर।** एमपीएमएलए कोर्ट ने नमामि गंगे के इंजीनियर के अपहरण और रंगदारी वसूलने के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह को 7 साल की सजा सुनायी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 60,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# 105 साल पुराना सपना साकार, हुगली नदी के अंदर दौड़ी पहली मेट्रो



- बुधवार को उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने भी की सवारी।
- कोलकाता के नाम एक और रिकॉर्ड। पहला मेट्रो भी यहीं शुरू हुआ था।
- अंडरवाटर मेट्रो, हुगली नदी के तल से 32 किलोमीटर नीचे चलेगी।
- यह मेट्रो हावड़ा को कोलकाता शहर से जोड़ेगी।
- हावड़ा से सियालदाह अब 40 मिनट में। सड़क मार्ग से डेढ़ घंटा लगता है।
- 520 मीटर लंबी है देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो की सुरंग
- हावड़ा से एस्प्लानेड तक का रास्ता करीब 4.8 किलोमीटर लंबा है।
- हुगली नदी के नीचे 520 मीटर लंबी मेट्रो सुरंग बनी है।
- हावड़ा मेट्रो स्टेशन देश का सबसे गहरा स्टेशन बना।
- अंडरग्राउंड पूरी टनल करीब 10.8 किलोमीटर लंबी है।
- यात्रियों को काफी कम समय लगेगा।
- रोमांच से भरे सफर में मिलेगी 5जी इंटरनेट सेवा उपलब्ध है।
- टनल 11 मंजिली इमारत की ऊंचाई के बराबर गहराइ में बनाया गया है।
- शहरी परिवहन आधारित संरचना का विकास
- शहरी और उपनगरीय यात्रियों की यात्रा के समय में आएगी कमी
- पर्यावरण अनुकूल परिवहन से कार्बन उत्सर्जन होगा कम

**कौन देश किस नंबर पर है**

- पहले नंबर पर है यूके और फ्रांस के बीच चलने वाली अंडरवॉटर ट्रेन है।
- दूसरे नंबर पर है स्वीडन और डेनमार्क के बीच चलने वाली अंडरवॉटर ट्रेन।
- तीसरे नंबर पर है जापान। चौथे नंबर पर है तुर्किये।
- पांचवें नंबर पर है अमेरिका। (पेज 12 भी देखें)

पीएम मोदी ने कोलकाता में हुगली नदी के नीचे मेट्रो रेल की सुरंग का लोकार्पण करके 105 साल पुरानी उस कल्पना को आज साकार किया जिसे अंग्रेजों की सरकार और आजादी के बाद बनी सरकारें भी अंजाम तक नहीं पहुंचा सकीं। अंग्रेजी शासनकाल में इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में 1919 में यह प्रस्ताव पारित हुआ था।

### प्रोन्नति में आरक्षण रोस्टर की स्वीकृति समेत 41 प्रस्तावों को मंजूरी

# कृषि उपकरणों की खरीद में अब 80 फीसदी तक अनुदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि प्राथमिक राशि 4120 करोड़ में वर्तमान अनुसूचित दर के 5 हजार 53 करोड़ देने को मंजूरी दी गयी। 44 आवासीय विद्यालयों का संचालन गैर सरकारी माध्यम से करने का फैसला लिया गया है। राज्य स्तर के पदों में प्रोन्नति के लिए 1 से 50 पदों के लिये आरक्षण के नये रोस्टर तय किये गये। मंत्रिमंडल सचिवालय ग्रामीण विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड राज्य अभिलेखागार संपर्क के समूह ग की भर्ती प्रोन्नति नियमावली स्वीकृत हुई। झारखंड उच्च न्यायालय की स्थापना के लिए गैर संवर्ग कैडर में 25 पद सृजित किये गये। कृषि विभाग के तहत मशीन उपकरण में अनुदान को 40 प्रतिशत से बढ़ा कर 80 प्रतिशत किया गया। इसका लाभ महिला समूहए कृषकों को मिलेगा। अखिल भारतीय सेवा के पदाधिकारी को चिकित्सा प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में सरलीकरण किया गया है। अलग-अलग लेवल के अधिकारियों के लिये स्वीकृत प्राधिकृत पाधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला में डीसी और सचिवालय में सचिव होंगे। इसका लाभ रिटायर अधिकारियों को भी मिलेगा। झारखंड फूड एंड प्रोसेसिंग पॉलिसी 2024 की स्वीकृति दी गयी।

#### डीआरडीए का जिला परिषद में विलय की मंजूरी

बैठक में लिये गये फैसलों के अनुसार डीआरडीए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण का जिला परिषद में विलय किया जायेगा। इसे ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं के लिये सभी जिलों में शाखा का गठन किया जायेगा। 380 कर्मियों का जिला परिषद में विलय होगा। साथ ही उन महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव के तहत 730 दिनों तक का अवकाश मिल सकेगा, जिनके बच्चे 18 साल से कम उम्र के हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट प्राकलन पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति हुई। झारखंड कारखाना नियमावली 1950 में संशोधन हुआ। अनुज्ञा प्रमाण पत्र न्यूनतम 1 साल और अधिकतम 15 वर्ष तक अब जारी होगा। खान निरीक्षक के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया में वादीगण को एक बार की व्यवस्था में आयु सीमा में छूट दी गयी, वे सात वादीगण है, जिन्होंने हाइकोर्ट में केस किया था। झारखंड प्रशासनिक सेवा के सीओ कुंदा प्रमोद राम की अपील खारिज की गयी।

### सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों के खाते में सीएम ने राशि भेजी, कहा

# झारखंडी अस्मिता बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

- आंगनबाड़ी सेविकाओं को अब हर माह 9500 रुपये
- राज्य में किसी के साथ अन्याय नहीं होगा
- हालात व जरूरतों के हिसाब से बन रहीं नीतियां

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन ने कहा झारखंड को संवारने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जल, जंगल और जमीन के रक्षकों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में बलिदान देने वाले अपने पूर्वजों के सपनों का झारखंड बना रहे हैं। यहां के आदिवासियों- मूलवासियों की अस्मिता को बनाये रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। झारखंड का नवनिर्माण एक ऐसे राज्य के रूप में करेंगे। जहां सभी समुदाय और वर्ग का मान-सम्मान होगा। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। राज्य के हालात और यहां के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर नीतियां और कार्य योजनाएं बनायी जा रही हैं। उन्होंने कहा अब आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9500 रुपये और सहायिकाओं को 4750 रुपये हर महीने मानदेय मिलेगा। मुख्यमंत्री बुधवार को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50 से 60 वर्ष के लाभुकों के बीच पहली किस्त की राशि के हस्तांतरित की। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में राज्य के बहन-बेटियों को कई सौगातें दी। (शेष 11 पर)



**पेंशन राशि खाते में भेजी:** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 50 से 60 वर्ष के 1 लाख 58 हजार 218 आदिवासीए दलित और महिला लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पेंशन की पहली किस्त की राशि का हस्तांतरण किया। सीएम ने कहा कि रोटी-कपड़ा और मकान हर किसी की मूलभूत जरूरत है। इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीब, जरूरतमंद और आवास विहीन लोगों को तीन कमरों का मकान दे रहे हैं। आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से हमने राज्य के हालात और यहां के लोगों की आवश्यकताओं को जानने का प्रयास किया, ताकि उनके हित में उनके अनुरूप योजनाएं बनाकर उसे धरातल पर उतार सकें।

## तबादले से खपा डीएसपी देंगे इस्तीफा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव से पूर्व झारखंड में प्रशासनिक पदाधिकारियों का जमकर तबादला हो रहा है। अब तबादले के खिलाफ अधिकारी आवाज भी उठाने लगे हैं। ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है कि साजिद जफर ने। साजिद गिरिडीह के खोरीमहुआ में डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। डीएसपी ने सोशल मीडिया पर खुद के इस्तीफे देने की बात कही है। यह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और सब तरफ यह चर्चा का विषय बन गया है। (शेष 11 पर)

#### सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, तबादले का अन्याय पूर्ण फैसला देखकर मैंने नौकरी से इस्तीफा देने के फैसला लिया है। जीवन नौकरी से बड़ा है। न्याय की जीत होनी चाहिए, जय हिंद। दरअसल, बुधवार को झारखंड सरकार ने 100 से ज्यादा डीएसपी स्तर के पुलिस अफसरों का तबादला किया है, उनमें एक साजिद जफर भी है। एक माह पूर्व ही साजिद जफर को झारखंड के गिरिडीह जिले के खोरी महुआ एसडीपीओ के रूप में पदस्थापन हुआ था। लेकिन एक महीने बाद ही साजिद जफर का तबादला बोकारो कर दिया गया है। अपने ट्रांसफर की अधिसूचना जारी होने के बाद साजिद जफर ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए यह ऐलान भी किया है कि वह नौकरी से इस्तीफा दे देंगे।

## सरफराज अहमद होंगे झामुमो से रास प्रत्याशी

**रांची।** आगामी 21 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी का नाम तय कर लिया गया है। महागठबंधन की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक सरफराज अहमद प्रत्याशी होंगे। रास चुनाव में झामुमो एक सीट के लिए महागठबंधन पर दिया जा रहा दबाब को आखिर में खत्म कर दिया। गौरतलब हो कि झारखंड से राज्यसभा की दो सीटें कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू और भाजपा के समीर उरांव का टर्म पूरा होने के बाद खाली हो रहा है। इन दोनों सीटों के लिए 21 को चुनाव होना है। उल्लेखनीय है कि सरफराज अहमद ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद से इस्तीफा दिया था।

### हर हाथ तीर-कमान थामेगा, कारवां बढ़ेगा : कल्पना सोरेन

## हेमंत को परेशान करनेवालों की उल्टी गिनती शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय हो गयी हैं। साहिबगंज जिले में बुधवार को राजमहल के आजसू के बड़े नेता एमटी राजा को पार्टी में शामिल कराने के बाद कहा कि हर हाथ तीर-कमान थामेगा, झामुमो का कारवां बढ़ता जायेगा। उन्होंने कहा, आजसू नेता एमटी राजा जी का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत और जोहार। उन्होंने एक बार फिर कहा कि हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत परेशान किया जा रहा है। ऐसे विपक्ष की अब उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। झारखंड की जनता करारा जवाब देगी।

**न झारखंडी झुका है न झुकेगा:** कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट करके ये बातें कहीं। उन्होंने आगे लिखा कि न झारखंड झुका है, न झारखंडी झुकेगा। हमंत है तो हिम्मत है। उन्होंने हेमंत सोरेन के हैंडल से ट्वीट किया- हर हाथ तीर-कमान थामेगा, झामुमो का कारवां बढ़ता जायेगा। आजसू नेता एमटी राजा 2004 से राजमहल विधानसभा में सक्रिय राजनीति कर रहे हैं। 2004 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भाग्य आजमाया। 2009 में पहली बार झामुमो के सिंबल पर चुनाव लड़े थे। आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले एमटी राजा की वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में महज 5,000 वोट से हार हुई थी।

### संदेशखाली की पीड़िताआं को दर्द सुनकर भावुक हो गये मोदी, कहा

# संदेशखाली का ज्वार पूरे बंगाल में फूटेगा

एजेंसी

**कोलकाता।** पीएम मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण और टोलाबाजों के दबाव में काम करने वाली टीएमसी सरकार कभी भी बहन बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती। वहीं भाजपा की केंद्र सरकार है, जिसने बलात्कार और रेप जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। संकट के समय बहनें आसानी से शिकायत कर सकें, इसके लिए महिला हेल्पलाइन बनायी गयी, लेकिन टीएमसी सरकार इस व्यवस्था को यहां लागू नहीं होने दे रही है। ऐसी महिला विरोधी टीएमसी सरकार महिलाओं का कभी भला नहीं कर सकती। सरकार राज्य ने महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा रही है जबकि उसे हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक में झटका लगा है। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न और हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन कर रही संदेशखाली की महिलाओं की हालिया जागृति की लहर पूरे राज्य में फैल जायेगी। (शेष 11 पर)



**क्या कहा पीड़ित महिलाओं ने :** पीएम मोदी ने संदेशखली की पांच पीड़ित महिलाओं से भेंट की और उनका दुख-दर्द सुना। महिलाओं के बात करते हुए पीएम काफी भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के टीएमसी की सरकार में नारीशक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है। संदेशखाली घटना से किसी का सिर शर्म से झुक जायेगा। उन्होंने कहा, देश की बहनें हीं मोदी का परिवार हैं। मोदी के शरीर का कण-कण और जीवन का पल-पल इसी परिवार के लिए समर्पित है। मोदी से मुलाकात पर संदेशखाली की एक पीड़िता ने कहा, हमने उन्हें हर किसी पर हो रहे अत्याचार के बारे में खुलकर बताया। हमने उन्हें बताया कि कैसे हमारे साथ अत्याचार किया गया। उन्होंने हमें मदद का आश्वासन दिया। एक महिला ने कहा, हमने सीएम को वोट देकर जिताया लेकिन उन्होंने हमारा अपमान किया...। उन्होंने हमसे बात तक नहीं की...। पीएम मोदी से बात करके हमें बहुत अच्छा लगा...। हमने उनसे यहां केंद्रीय बल तैनात करने का अनुरोध किया क्योंकि हमें राज्य सरकार पर भरोसा नहीं है।

## डेडलाइन के तीन घंटे बाद शाहजहां सीबीआइ के हवाले

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने बुधवार शाम करीब पौने सात बजे संदेशखाली के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआइ को सौंप दिया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार सवा चार बजे तक शाहजहां को सीबीआइ को सौंपने का निर्देश दिया था। हालांकि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोर्ट की डेडलाइन के करीब ढाई घंटे बाद शाहजहां की कस्टडी उइकको सौंपी।

**सुप्रीम कोर्ट से भी झटका**

बंगाल सरकार को संदेशखाली के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली के मुद्दे पर कलकत्ता हाईकोर्ट की ओर से दिये गये फैसले के खिलाफ जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया है। ममता सरकार हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गयी थी। शीर्ष कोर्ट से आग्रह किया था कि आदेश पर शीघ्र रोक लगायी जाये। यह मामला संदेशखाली में ईडी की टीम पर हुए हमले से जुड़ा है। जनवरी के पहले सप्ताह में राशन घोटाला मामले की जांच के दौरान ईडी की टीम संदेशखाली में टीएमसी नेता शेख शाहजहां को गिरफ्तार करने के लिए पहुंची थी। ममता सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस मामले में जल्द सुनवाई की जरूरत है।

स्पीड न्यूज

## रमजान के शुरू होते ही मधुबन मार्केट में 10 दिवसीय तरावीह

**रांची।** पाक महीना रमजान के शुरू होते ही राजधानी रांची के मेन रोड स्थित एदार ए शरिया झारखंड के सरपरस्त मोहम्मद सईद के निवास स्थान मधुबन मार्केट में 10 दिवसीय तरावीह की नमाज का आयोजन होगा। उक्त जानकारी देते हुए केंद्रीय मोहर्रम कमेटी के महासचिव अकीलुर रहमान ने बताया कि संभवत: रविवार को रमजान का चांद देखे जाने की उम्मीद है। चांद देखे जाने के साथ ही नमाजे ईशा के बाद पढ़ाई जाने वाले तरावीह का आयोजन मोहम्मद तौहीद और मोहम्मद महजूद की देखरेख में किया जाएगा। काजी ए शरीयत मुफ्ती फैजुल्लाह मिस्बाही (बनारस वाले) नमाजे तरावीह पढ़ाएंगे।

## एक दिवसीय कार्यशाला में छात्राओं ने दिखायी कलात्मक प्रदर्शनी

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत विमेंस कॉलेज के बीएड विभाग में सत्र 2022-24 के द्वारा कार्यशाला सह कलात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए विमेंस कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. सुप्रिया ने छात्राओं का कलात्मक प्रदर्शनी देखकर काफी सराहना की। मौके पर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. लिली बैनर्जी ने विभाग के सभी छात्राओं के द्वारा शिक्षण सहायक सामग्री (टीएलएम) के द्वारा प्रदर्शनी में एसिड रेन, सोलर सिस्टम, एक्स्क्रेटरी सिस्टम, फंक्शन ऑफ मैनेजमेंट, एटीएम मशीन, कुतुब मीनार आदि प्रदर्शित किया गया। मौके पर उपस्थित बीएड विभाग की को-ऑर्डिनेटर डॉ. शालिनी मेहता, डॉ. विनीता सिंह, सरिता सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकगण के साथ छात्राओं का सम्मिलित योगदान रहा ।

## सदर अस्पताल में सहिया सम्मेलन का आयोजन

**रांची।** सदर अस्पताल में बुधवार को सहिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें रांची जिले के 14 प्रखंडों से उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहियाओं, वीएचएसएनसी एवं जिला में सहिया के कार्यों को सुचारू रूप से कार्यान्वित करने के लिए बीटीटी और एसटीटी को भी पुरुस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में सेल प्रमुख, राज्य मुख्यालय से डॉ. कमलेश कुमार, राज्य कार्यक्रम समन्वयक से अकॉय मिंज और झारखंड राज्य प्रशिक्षण सलाहकार, मनीर अहमद, उपस्थित थे। रांची जिला से सिविल सर्जन, रांची एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के सभी सदस्य उपस्थित थे। राज्य मुख्यालय से आये डॉ. कमलेश कुमार ने कार्यक्रम में सहियाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की और सामाजिक सद्भाव पर विशेष बल देते हुए समाज को एक सकारात्मक दिशा देने की बात कही। वहीं, अकॉय मिंज ने सहियाओं के द्वारा किये जा रहे बेहतर कार्यों की प्रशंसा की एवं किये जा रहे कार्यों को बेहतर ढंग से सामाजिक स्तर पर कार्यान्वित करने का दिशा-निर्देश दिया। मनीर अहमद ने सहियाओं से संबंधित आने वाली योजनाओं पर विस्तार जानकारी दी। साथ ही सहियाओं द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।

## पोस्टिंग का इंतजार कर रहे 109 पुलिस अधिकारियों का हुआ पदस्थापन

**रांची।** झारखंड में इंस्पेक्टर से प्रमोट होकर डीएसपी बने और पोस्टिंग की प्रतीक्षा कर रहे 109 डीएसपी स्तर के अधिकारियों की सरकार ने बुधवार को पोस्टिंग कर दी है। अमर पांडे को रांची मुख्यालय वन डीएसपी बनाया गया है जबकि रामनारायण चौधरी को रांची के खलारी का डीएसपी बनाया गया है। वेटिंग फॉर पोस्टिंग वाले 31 डीएसपी की हुई पोस्टिंग

पिछले महीने बड़े पैमाने पर डीएसपी रैंक के अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ था, जिसमें 31 डीएसपी पोस्टिंग के इंतजार में रह गए थे, उन सभी को भी बुधवार को पोस्टिंग दे दी गई।

**78 नव प्रोन्नत डीएसपी को भी मिली पोस्टिंग :** बुधवार को इंस्पेक्टर से डीएसपी बने 78 असफरों की भी पोस्टिंग की गयी है, जिसमें एक-दो अधिकारियों को छोड़कर अधिकतर अधिकारियों की पोस्टिंग जगुआर, जैप, स्पेशल ब्रांच, आईआरबी और सीआईडी में की गयी है।

# काफी सरल हो गया है राजभाषा हिंदी में काम करना : कुमार संजय

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 26वीं बैठक संपन्न

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पत्रिका राजभाषा जोहार के चतुर्थ अंक का लोकार्पण**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (के०का) रांची की छमाही बैठक बुधवार को रांची के होटल रैडिशन ब्लू में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय ने की। यह बैठक इस कलेंडर वर्ष की द्वितीय एवं नराकास की 26वीं बैठक थी। समिति के 97 सदस्य कार्यालयों में से लगभग 130 सदस्य शामिल हुए जिसमें 50 ऐसे कार्यालय थे जिसके कार्यालय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक का संचालन करते हुए समिति के सचिव डॉ० सूर्यकांत सामल ने अध्यक्ष महोदय के साथ-साथ यहां उपस्थित सभी विभागाध्यशक्ष एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

स्वागत भाषण में उन्होंने नराकास बैठक की महत्ता एवं सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा भी की।

अध्यक्षीय संबोधन में समिति के अध्यक्ष कुमार संजय ने कहा कि ऐसी स्थिति आज नहीं रह गई है जहां राजभाषा हिन्दी में काम करना कठिन हो। केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में सरकारी काम में हिन्दी का अधिक-से-अधिक प्रयोग करने की भारतीय संविधान के अनुसार व्यवस्था है। उन्होंने राजभाषा नीतियों, नियमों एवं आदेशों को लागू करने के लिए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से आग्रह किया। उन्होंने आगे यह भी कहा कि यदि अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी में कार्य करना व करवाना है तो हमें इस प्रकार से योजना बनानी पड़ेगी कि लोग हमारे पास आएं और कहें कि मैं हिंदी में कार्य करना चाहता हूं और हिंदी में कार्य करना भी सरल है। इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पत्रिका राजभाषा जोहार का चतुर्थ अंक का लोकार्पण किया गया।वर्ष 2022-23 के लिए नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं में से सर्वश्रेष्ठ प्रथम तीन पत्रिकाओं को अध्यक्ष महोदय के द्वारा स्मृति चि? प्रदान किया गया। कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र की तकनीकी अधिकारी (राजभाषा), अणिमा प्रभा ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया।



## विकास भारती रांची केन्द्र पर 500 दीदियों को किया गया सम्मानित

खबर एक नजर में

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** विकास भारती के रांची केन्द्र में 'दीदी सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गत वर्षों में आर्थिक रूप से सशक्त झारखण्ड राज्य की 500 दीदियों को सम्मानित किया गया। इसका आयोजन हर साल किया जाता है। विकास भारती बिशुनपुर और फाउंडेशन ऑफ बेटरमेन्ट ऑफ ह्यूमैनकाइंड (मानव जाति की बेहतरी के लिए फाउंडेशन) के संयुक्त तत्वावधान से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता एवं अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए पद्मश्री से अलंकृत चामी मुर्मू उपस्थित थे। इसके इलावा झारखण्ड राज्य से 19 स्वयं सहायता समूहों को उनके सामाजिक कार्यों को देखते हुए उन्हें सहयोग राशि चेक के रूप में भी संस्था द्वारा प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान, रांची की छात्रों द्वारा मनोहर गान एवं नृत्य की प्रस्तुति की गयी साथ ही राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ओडिसी नृत्यांगना सुमेधा सेनगुप्ता द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य ने सभी को खास रूप से प्रभावित किया। यह जानकारी विकास भारती के मीडिया प्रभाग द्वारा दी गयी है। उपस्थित अतिथिगण में से रागिनी राय, डॉ स्मृति सिंह, मैरी स्टेला, बीना श्रीवास्तव, आस्था किरण के साथ-साथ चामी मुर्मू द्वारा दिए गए अपने अविभाषण में महिलाओं के संघर्ष एवं चुनौतियां, उनकी उपलब्धियां एवं विश्व पटल पर कैसे अपने देश का झंडा विभिन्न क्षेत्रों में ऊँचा कर रही हैं पर अपने अपने विचारों को रखीं।

# त्रिपक्षीय वार्ता में डेढ़ घंटे तक चला मंथन, वेतनमान के समतुल्य मानदेय पर सीएम से वार्ता का मिला अश्वासन

### रघुवर के समय दर्ज कराये गये केस से बरी करने के मामले में भी सीएम से ली जायेगी सहमति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विभिन्न मुद्दों को लेकर बुधवार को सरकार के प्रतिनिधि विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक विनोद सिंह, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा एवं संघीय शिष्टमंडल के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई। बैठक लगभग डेढ़ घंटे तक चली। इस दौरान कोई खास निर्णय तो नहीं हो सका, लेकिन कई मुद्दों पर चर्चा के बाद आम राय बनती दिख रही है। वार्ता में झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की ओर से बिनोद बिहारी महतो, प्रद्युम्न कुमार सिंह (सिंटू), ह्रिषिकेश पाठक, शेख सिद्दीक, विकास चौधरी, नारायण महतो, निरंजन डे, विनोद तिवारी, बेलाल अहमद एवं टेट संगठन की ओर से प्रमोद कुमार, दशरथ ठाकुर, मिथिलेश उपाध्याय, मीना कुमारी एवं झरीलाल महतो शामिल थे। वेतनमान के मुद्दे पर तकनीकी रूप से पूर्व में बताए गए कठिनाइयों को दुहराया गया। परंतु वेतनमान के समतुल्य मानदेय पर बात बढ़ी है, इस पर विधायक ने कहा कि वह इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से बात करेंगे।

ईपीएफ अविलंब लागू करने एवं अनुकंपा के प्रावधान को शिथिल करने पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। ईपीएफ के संबंध शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह वित्त सचिव से बात करेंगे। आकलन परीक्षा से संबंधित मामलों पर यथा ओएमआर एवं परिणाम में अंतर, 34.67%एवं 39.33% को सफल घोषित करने, त्रुटिपूर्ण प्रश्नों के लिए सबको अंक देने तथा बिना सिलेबस जारी किए अधिकतम कठिनाई स्तर के प्रश्न पूछने के कारण 5 अंकों का ग्रेस देने की बातचीत/चर्चा पर शिक्षा सचिव ने एसपीडी से कहा कि वह गुरुवार को जैक अध्यक्ष/सचिव से बात करें। इसी तरह शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापकों की सेवा संपुष्टि के लिए प्राधिकार गठन का प्रस्ताव अगली कैबिनेट में शामिल करने का भरोसा मिला। सहायक अध्यापकों के 4% वार्षिक वृद्धि के लिए प्रतिवर्ष प्राधिकार से सेवा संपुष्टि पर आपत्ति दर्ज की गई। विधायक एवं शिक्षा सचिव ने आश्वस्त किया कि इसे समाप्त कराया जाएगा। पलामू जिले के छतरपुर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड के 512 सहायक अध्यापकों के कार्य से रोक हटाने के मामले पर विधायक एवं शिक्षा सचिव ने एसपीडी को जल्द कारवाई करने का निर्देश दिया। सीटेट को जेटेट के समकक्ष मान्यता के मुद्दे पर तत्काल निर्णय नहीं हो सका, मामला विचाराधीन रखा गया। परंतु सीटेट उत्तीर्ण को जेटेट के समान मानदेय के मुद्दे पर विचार का आश्वासन मिला। जीरो बायोमेट्रिक एवं विभिन्न कारणों से सहायक अध्यापकों के पूर्व के वित्तीय वर्ष के किसी भी प्रकार के बकाए भुगतान को लेकर शिक्षा सचिव ने एसपीडी को जिलों से पत्राचार करने का निर्देश दिया। भाजपा सरकार द्वारा आंदोलन के क्रम में सहायक अध्यापकों एवं सहायक अध्यापकों के परिजनों पर रांची तथा राज्य के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमे को वापस लेने के मामले पर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने 9 मार्च को गिरीडीह में मुख्यमंत्री को आवेदन प्रेषित करने को कहा एवं आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री से गृह सचिव को निर्देशित कराया जाएगा। इसके लिए संगठन की ओर से नारायण महतो को अधिकृत किया गया। साथ ही एक से 5 एवं 6 से 8 दोनों कैटेगरी में टेट उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को उच्च कैटेगरी (6 से 8) की मान्यता दिए जाने के मुद्दे पर शिक्षा सचिव ने विचार करने का आश्वासन दिया।

## पूर्व सीएम के निर्णय को लागू करने को लेकर सचिवालय सेवक संघ का प्रदर्शन

**रांची।** सचिवालय सेवा संघ के द्वारा प्रोजेक्ट बिल्डिंग परिसर में नारेबाजी की गयी। संघ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संयुक्त सचिव के 24 पद और डिप्टी सेक्रेटरी के 41 पद सृजन पर जो अपनी सहमति प्रदान की थी, उसे वर्तमान में खत्म किया जा रहा है और इसके लिए कार्मिक सचिव पूरी तरह से जिम्मेवार है। संघ का कहना था कि ऐसा लग रहा है कि कार्मिक सचिव किसी के दबाव में काम कर रहे हैं और उनकी मनसा सचिवालय को आउटसोर्सिंग की ओर धकेलना की है। इसलिए वह लोग इसकी मनसा पूरी होने नहीं देंगे। संघ के लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलने नहीं दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम एक चेतावनी है, अगर सरकार का यही रवैया रहा तो आंदोलन तेज होगा और हम लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। इधर निजी सहायक संयुक्त सेवा संघ के कर्मचारियों ने भी प्रमोशन की मांग को लेकर इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## वैश्य समाज की उप जातियों को राजनीति में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए : महेश्वर साहु

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा है कि झारखंड प्रदेश तेली समाज के अध्यक्ष अरुण साहु एवं रौनियार वैश्य समाज के नेताओं सुखदेव प्रसाद, मनोज गुप्ता द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में अपने-अपने नेताओं के लिए सीटें मांगना बिल्कुल जायज है। लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और सबका साथ, सबका विकास की बात केवल हवा में नहीं होनी चाहिए, बल्कि आबादी के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी भी मिलना चाहिए। श्री साहु ने कहा कि झारखंड में पूरे वैश्य समाज की 40% आबादी है, जिस पर एक पार्टी विशेष अपना दावा जताती रही है तो राजनीति में अधिकार देने में भी सकारात्मक सोच रखना चाहिए। जिन जातियों की आबादी चार-पाँच प्रतिशत है, उनको तीन-चार सीट दे दिया जाता है, फिर वैश्य समाज के लिए क्यों नहीं? महेश्वर साहु ने कहा कि चाहे राष्ट्रीय पार्टी भाजपा हो या कांग्रेस या फिर क्षेत्रीय पार्टियों को चाहिए कि 40% आबादी वाले वैश्य समाज को लोकसभा में टिकट दे कर अपने नारों एवं बातों को सही साबित करें। श्री साहु ने कहा कि 10 मार्च को रांची में वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

## झाप्रसे के कई अधिकारी बदले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का थोक में स्थानांतरण-पदस्थापन किया गया है। कई एसडीओ, अपर समाहर्ता और दंडाधिकारी बदले गये हैं। 15 दिनों में ही राजधानी में पदस्थापित एडीएम राशनिंग जेम्स सुरीन को बदल दिया गया है। उनकी जगह मोनी कुमारी को एडीएम राशनिंग बनाया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार संयुक्त सचिव कृषि विभाग राजकुमार गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जैप आईटी रांची के पद पर पदस्थापित किया गया। उपसचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग अरविंद कुमार लाल को स्थानांतरित करते हुए उप सचिव झारखंड कर्मचारी चयन आयोग रांची के पद पर स्थापित किया गया है। अपर नगर आयुक्त रांची नगर निगम कमलकांत गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक संयुक्त सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी धन्यवाद भागीरथ प्रसाद को स्थानांतरित करते उप सचिव राजस्व निबंधन नियम भूमि सुधार विभाग। संजय कुमार सिन्हा को कार्यपालक दंडाधिकारी सिमडेगा के पद पर पदस्थापित किया गया है। दीपक कुमार दुबे को कार्यपालक दंडाधिकारी धनबाद के पद पर पदस्थापित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड़ हरिवंश पंडित को उपसचिव स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग रांची के पद पर स्थापित किया गया है।

# आरबीआई डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए चला रहा जागरूकता सप्ताह




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विभिन्न गतिविधियों के अलावा डिजिटल भुगतान को बढ़वा देने और डिजिटल भुगतान उत्पादों के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करने के उदेश्य से देशभर में डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष 'डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह 2024' चार से 10 मार्च तक मनाया जा रहा है। इसका व्यापक विषय हर पेमेंट डिजिटल एवं टैगलाइन 'डिजिटल भुगतान, सुरक्षित भुगतान' है। सप्ताह के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक, रांची क्षेत्रीय कार्यालय में जन जागरूकता जानकारी एवं भागीदारी को बढ़ावा देने के उदेश्य से विभिन्न गतिविधियों कार्यक्रमों जैसे वॉकथॉन, वृक्षारोपण अभियान, छात्रों के लिए डिजिटल भुगतान जागरूकता कार्यक्रम, सभी जिलों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही जनता के बीच डिजिटल भुगतान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए रांची एवं हटिया रेलवे स्टेशन एवं रांची एयरपोर्ट पर डिजिटल जागरूकता संदेशों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। वित्तीय एवं साइबर धोखाधड़ी और इससे बचाव के उपायों के संदर्भ में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए छात्रों के लिए एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया है।

## विकसित भारत मोदी की गारंटी को लेकर लोगों ने दिए अपने सुझाव



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विकसित भारत मोदी की गारंटी को लेकर भाजपा की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे प्रदेश में चल रहे इस कार्यक्रम के तहत रातू रोड स्थित न्यू मार्केट चौक पर भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें स्थानीय विधायक चंदेश्वर प्रसाद, रमेश सिंह, प्रेम सिंह, ओम प्रकाश पांडे और विनोद चौरसिया समेत अन्य शामिल थे।

मौके पर विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सीधा मोदी जी को भेजे जाने वाले सुझाव लिए गए। इस दौरान सीपी सिंह ने कहा कि लोग अपने सुझाव दें । उनके सुझाव को प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचाया जाएगा।

# सूचना क्रांति के युग में गो सेवा आयोग की वेबसाइट सेवा उपयोगी, गौशालाएं बनेंगी आत्मनिर्भर : राजीव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड गो सेवा आयोग के आधिकारिक वेबसाइट का उदघाटन आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राजू गिरी, कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीकी ने बुधवार को किया।

पशुपालन भवन सभागार, हेसाग में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में पशुपालन निदेशक किरण कुमारी पासी की भी मौजूदगी रही। इस दौरान अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि सूचना क्रांति के युग में आधिकारिक वेबसाइट समय की मांग है। आयोग के इस पहल का फायदा गौशालाओं को आत्मनिर्भरता बनाने में भी मिलेगा। अब विश्व के किसी कोने में बैठा हुआ व्यक्ति एक माउस क्लिक कर यह जान सकेगा कि झारखंड में कितनी संख्या में निबंधित गौशाला हैं। उसके क्रियाकलापों एवं गोवंश की स्थिति के संदर्भ में या आयोग की योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकेगा। आयोग में निबंधन की प्रक्रिया वेबसाइट के जरिये सरल हो जाएगी।



**अब वेबसाइट से भी समस्या का समाधान :** अध्यक्ष ने कहा कि आये दिन गो सेवा में रत लोगों की शिकायत मिलती रही है। अब वेबसाइट पर भी लोग इसे दर्ज करवा सकेंगे।

बहुत जल्द आयोग हमारी गौ माता, हमारा दायित्व की ऑनलाइन शुरूआत करेगा। इसके जरिये सीधे तौर पर लोगों को गौ सेवा से जोड़ने का काम आरंभ होगा। लोग किसी भी गौशाला के गोवंश को अपनी सुविधा अनुसार गोद लेंगे, उनके पालन पोषण के निमित्त अपनी सहयोग राशि को वेबसाइट के पेमेंट गेटवे के माध्यम से सीधे गौशाला के आधिकारिक अकाउंट में ट्रांसफर कर सकेंगे। इसके अलावा आयोग के सभी निर्णय, योजनाओं को वेबसाइट में अपलोड किया जायेगा ताकि पारदर्शिता रहे। इस प्रयास में विभागीय मंत्री बादल के अलावा अधिकारियों का भी पूरा सहयोग और समर्थन मिल रहा है।

उपाध्यक्ष राजू गिरी ने राज्य की ऐसी गौशालाओं को भी वेबसाइट का लाभ लेने को कहा जो रजिस्टर्ड नहीं हैं। उन्होंने गोमाता की सेवा हेतु सभी लोगों से अपील करते कहा कि हम सभी इसके लिए आगे बढ़ें। विभागीय सचिव अबु बकर सिद्दीख ने कहा कि लम्बे अंतराल के बाद झारखंड गो सेवा आयोग को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के रूप में सरकार द्वारा नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति के बाद से ही झारखंड गो सेवा आयोग, रांची के द्वारा लगातार अच्छे कार्य किये जा रहे हैं। सूचना क्रांति के इस युग में सूचनाओं का आदान-प्रदान एक महत्वपूर्ण विषय है और इस परिप्रेक्ष्य में झारखंड गो सेवा आयोग के द्वारा बनाए गये वेबसाइट आनेवाले समय में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा।

निदेशक किरण पासी ने उदघाटन सत्र में कहा कि झारखंड में पशुपालन की दिशा में कार्य किए जाने की असीम सम्भावनाएं हैं। पशु कल्याण एवं पशु संरक्षण संबंधी विषयों पर झारखंड गो सेवा आयोग के द्वारा संतोषजनक कार्य किये जा रहे हैं। मौके पर क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन दक्षिणी छोटानागपूर क्षेत्र डॉ विपिन खलखो, आयोग के पदाधिकरी डॉ संजय प्रसाद, डॉ मुकेश मिश्र, रांची गौशाला के पुनीत पोद्दार एवं प्रदीप राजगढ़िया सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## जेएसएससी पीजीटी 2023 परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों का धरना-प्रदर्शन जारी, आज कैंडल मार्च

**रांची।** जेएसएससी पीजीटी 2023 परीक्षा के अभ्यर्थियों ने दूसरे दिन भी बुधवार को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इसमें 24 जिले के सैकड़ों अभ्यर्थियों शामिल थे। महिला अभ्यर्थी अपने बच्चों के साथ धरना स्थल पर पहुंची थीं। इस दौरान सात विषय के अभ्यर्थी गणित, अर्थशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत और कॉमर्स के ऐसे अभ्यर्थी शामिल थे, जिनका अभी तक आयोग द्वारा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन नहीं किया गया है। साथ ही सरकार द्वारा गुरुवार को चार विषय भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और भूगोल के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने की बात कही गयी है। अभ्यर्थियों का कहना कहना है कि जब तक जेएसएससी पीजीटी 2023 का परीक्षा परिणाम नहीं निकल जाता तब तक यह धरना अनिश्चितकालीन चलता रहेगा। अभ्यर्थियों की मांग है कि लोकसभा चुनाव से पहले सभी विषयों विषय के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पर प्रदान करें।

## आरोप- गोरखा संगठन के वर्तमान पदाधिकारी नियमावली के विरुद्ध कर रहे काम : मन तमांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गोरखा संगठन के पूर्व महासचिव मन कुमार तमांग ने संगठन के वर्तमान पदाधिकारी के नियमावली के विरुद्ध किए जा रहे कार्य को लेकर बुधवार को निबंधन महानिरीक्षक रांची झारखंड को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने वर्तमान कमेटी को भंग कर नए तरीके से चुनाव कराने की मांग की। उन्होंने वर्तमान कमेटी की नियमावली के विरुद्ध किए जा रहे कामों की संपूर्ण जानकारी दी। ज्ञापन की प्रतिलिपि उपयुक्त रांची, अनुमंडल पदाधिकारी रांची, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची, समादेष्टा जैप 1 डोरंडा, थाना प्रभारी डोरंडा सहित अध्यक्ष झारखंड गोरख संगठन को भी सौंपा। मन कुमार तमांग ने बताया कि वर्तमान कमेटी गोरखा संगठन को मजबूत करने के बजाय तोड़ कमजोर कर रही है। गोरखा संगठन एक मजबूत संगठन है जिसे कुछ लोग कमजोर कर रहे हैं। मन कुमार तमांग ने बताया कि मै 2006 मे गोरखा संगठन के महासचिव के पद पर समाज द्वारा चुन कर कमेटी मे आया था उसके बाद कुछ घरेलू कारणों से मैने अपने पद से इस्तीफा दिया था। संगठन से इस्तीफा के बावजूद मैं लगातार समाज के लिए कार्य कर रहा था। उसके बाद दोबारा मैंने 24 अक्टूबर 2023 को संगठन की सदस्यता लेने के लिए वर्तमान कमेटी को अपना नाम दिया परंतु अब तक 5 महीना बीत जाने के बाद भी मुझे संगठन की सदस्यता नही दिया गया वही अब तक सदस्यता नही देने का उचित कारण भी नही बताया गया। ये सिर्फ मेरे साथ ही नही हुआ बल्कि जैप 1 के पूर्व सूबेदार मेजर प्रभास छेत्री प्रदीप लामा रवि सिंह सहित कई और लोगो को भी सदस्यता नही दिया गया। जिसकी मै घोर निन्दा करता हूं और सरकार से ये मांग करता हूं की वर्तमान कमेटी को भंग कर नए तरीके से गोरखा संगठन का चुनाव कराया जाए।

**कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाई ओवर निर्माण का किया निरीक्षण**

# जुलाई 2024 तक निर्माण हर हाल में पूरा करें : चंपई सोरेन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने बुधवार को राजधानी में बन रहे निमार्णाधीन कांटाटोली एवं सिरमटोली फ्लाईओवर की कार्य प्रगति का औचक निरीक्षण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग एवं जुडको के अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निमार्णाधीन फ्लाईओवर का कार्य हर हाल में निर्धारित समय में पूरा करने के लिए कार्य में तेजी लायें। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर फ्लाईओवर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण जल्द करने को कहा। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर की सुविधा आमजनों के लिए है। इसलिए जरूरी है कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य दिन-रात तेज गति से किया जाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जरूरत पड़े, तो मानव बल बढ़ायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फ्लाईओवर निर्माण जुलाई 2024 तक हर हाल में पूरा कर लें।

**निर्माण पूरा होने तक ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे। उन्होंने कहा कि कोई भी नया निर्माण दीर्घकालिक दृष्टि के साथ होना चाहिये। निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। लम्बे अरसे तक राज्य की जनता इस फ्लाईओवर का उपयोग कर सके, इस निमित्त निर्माण से संबंधित सभी मापदंडों पर बेहतर और गुणवत्तापूर्ण कार्य किये जायें।

मौके पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, सचिव अरवा राजकमल, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा उपस्थित थे।

**वित्त मंत्री से मिला झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन, रखी तीन सूत्री मांगें, कहा**

# झारखंड में वैट 17% कर देने से बिक्री बढ़ेगी, सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा

**पंप मालिकों से जीएसटी के अलावा बिक्री कर का भी भराया जाता है रिटर्न**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मिला। इसका नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने किया। एसोसिएशन ने अपनी तीन मांगों को उनके समक्ष लिखित रूप से रखा और अपनी परेशानियों से उन्हें अवगत कराया। एसोसिएशन के पदधारियों ने कहा कि उन्हें बिक्री कर विभाग को रिटर्न देना पड़ता है। इसका असेसमेंट भी कराना पड़ता है, जबकि उनके आइटम टैक्स पेड होते हैं। इससे पंप संचालकों को परेशानी होती है। लुब्रिकेंट जीएसटी के दायरे में होते हैं। इसका रिटर्न पंप मालिक भरते है। पंप मालिकों से जीएसटी के अलावा बिक्री कर का भी रिटर्न भराया जाता है। इसपर वित्त मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से बात की।

वित्त मंत्री से पंप मालिकों सरकारी राशि के बकाया का मामला भी उठाया। इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के स्तर पर सभी जिलों को उनके डिमांड के अनुसार पैसा भेजे जा रहे हैं। उन्होंने संगठन से कहा कि अब तक की बकाया राशि की सूची उपलब्ध कराएं। भुगतान उन्हें हर हाल में समय पर किया जाएगा। संगठन ने बताया कि रघुवर सरकार ने 24 फरवरी, 2015 से वैट बढ़ाकर 22 प्रतिशत कर दिया था। इसका नुकसान जनता, पंप के मालिक और खुद राज्य सरकार भी उठा रही है। एसोसिएशन ने कहा कि झारखंड में वैट 17% कर दिया जाए, तो बिक्री इतनी बढ़ जाएगी कि सरकार की राजस्व में भारी वृद्धि हो सकती है। संगठन इसकी गारंटी लेने को तैयार है।

### झारखंड में ही सबसे अधिक वैट की वसूली

वित्त मंत्री को यह भी बताया गया कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में झारखंड में ही सबसे अधिक वैट है। झारखंड में वैट 22 प्रतिशत या 12.50 रुपया प्रति लीटर, जो भी अधिक हो, लिया जाता है। इसके अलावे 1 रुपये प्रति लीटर सेस की भी वसूली की जाती है, जबकि बिहार में वैट की दर 16.37 प्रतिशत या 12.33 रुपए प्रति लीटर, जो अधिक हो, लिया जाता है। पड़ोसी राज्यों में सस्ता होने के कारण झारखंड के वाहन अथवा बड़े कारोबारी भी पड़ोसी राज्यों से ही डीजल मंगाते हैं। इससे झारखंड में बिक्री कम हो जाती है। सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। अगर झारखंड में वैट की दर 17 प्रतिशत कर दी जाए तो बिक्री बढ़ जाएगी। सरकार के राजस्व में अधिक वृद्धि होगी। वित्त मंत्री ने भरोसा दिया है कि बहुत जल्द ही इस पर कोई सकारात्मक निर्णय ले लिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा राजहंस मिश्रा, नीरज भट्टाचार्य, मासूम परवेज और अनूप संथालिया शामिल थे।

# बिजली वितरण कंपनियां आपूर्ति की तकनीकी चीजों का रखें ध्यान, नहीं तो दें मुआवजा : नियामक आयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में बिजली वितरण करने वाली कंपनियों को राज्य विद्युत नियामक आयोग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में नियामक आयोग ने कहा है कि वितरण कंपनियां अपने-अपने वितरण क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर समेत अन्य तकनीकी रूप बिजली को बाधित करने वाले कारकों पर ध्यान दें। विषेशकर ट्रांसफॉर्मर फ्यूज होने के मामले में अगर शहरी क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज उड़ जायें तो उसे अधिकतम चार घंटे के भीतर ठीक करना होगा।

वितरण कंपनियां ऐसा नहीं करती है तो उस ट्रांसफॉर्मर से जुड़े सभी उपभोक्ता को 25 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा देना होगा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज उड़ने पर अधिकतम 24 घंटे के भीतर ठीक करना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो उस ट्रांसफॉर्मर से जुड़े सभी ग्रामीण उपभोक्ताओं को 25 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा देना होगा।

इसके साथ ही राज्य के शहरी क्षेत्रों में त्रुटिपूर्ण या जले हुए ट्रांसफॉर्मर को 24 घंटे के अंदर बदलना होगा या मरम्मत करने का आदेश है। ऐसा नहीं होने पर उस ट्रांसफॉर्मर से जुड़े उपभोक्ताओं को 25 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा देना होगा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में त्रुटिपूर्ण या जले हुए ट्रांसफॉर्मर को 48 घंटे के अंदर बदलना होगा या दुरुस्त करना होगा। यदि उपरोक्त समय सीमा में ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला जाता है तो मुआवजा मांगने पर प्रत्येक उपभोक्ता को 25 रुपए प्रतिदिन की दर से हजार्ना वितरण कम्पनी द्वारा देय होगा।

**ये कपंनियां है झारखंड में :** झारखंड के बिजली वितरण के पांच लाइसेंसी कंपनियां हैं। इसमें झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम, टाटा पावर, सेल बोकारो, जुस्को और डीवीसी शामिल हैं।

**प्रोविजनल विद्युत कनेक्शन 30 दिनों के अंदर :** नियामक आयोग ने जारी आदेश में कहा है कि ऐसे व्यक्ति या संस्था जिनके पास परिसर का वैध अधिकार या स्वामित्व संबंधित दस्तावेज नहीं है वे भी सप्लाई कोड के नियमानुसार प्रोविजनल विद्युत कनेक्शन ले सकते हैं। वितरण कंपनी को हर हाल में 30 दिन के अंदर नया विद्युत कनेक्शन देना अनिवार्य है। बिजली आपूर्ति में शिकायत या बिल संबंधी शिकायतों का निपटारा निर्धारित समय के अंदर निष्पादित नहीं होता है तो आयोग वितरण कंपनी पर हर्जाना लगा सकता है। सभी बिजली वितरण कंपनी को हर माह उपभोक्ताओं को बिजली बिल देना अनिवार्य है।

## राजधानी में पानी की किल्लत शुरू, समिति ने लिखा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री को पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शहर में आए दिन पेयजल संकट को लेकर बुधवार को विद्यापति स्मारक समिति ने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में यह लिखा गया कि राजधानी रांची के 70 प्रतिशत से भी ज्यादा लोगों के घरों में जलापूर्ति का स्रोत रूक्का डैम है। उचित मात्रा में बिजली की आपूर्ति नहीं होने के कारण शहर के घरों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पाती है। बिजली विभाग और पेयजल विभाग में सही ताल मेल नहीं होने के कारण भी शायद यह समस्या है। सुचारू रूप से जलापूर्ति नहीं होने के कारण शहर के अधिकांश लोगों को बहुत हीं कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में तो सप्ताह में एक से दो दिन ही जलापूर्ति हो पाती है। नतीजा रातु रोड, किशोरगंज, पिस्का मोड़, सुखदेवनगर, देवी मंडप रोड आदि में पानी की किल्लत रहती है और आम जनता त्राहिमाम रहता है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार की सौर ऊर्जा नीति के अनुसार झारखंड के तीन दर्जन डैम एवं जलाशयों के उपर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाने का प्रावधान है, जिससे एक से दो हजार मेगावाट के बीच बिजली उत्पादन करने का लक्ष्य है। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने बताया कि समिति के द्वारा लिखे गए इस पत्र में राज्य की सौर ऊर्जा नीति के तहत चिन्हित डैम में रुका डैम का नाम शामिल कर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का निर्माण कराने की मांग की गई है, ताकि राजधानी रांची के घरों में नियमित जलापूर्ति हो सके।

**खबर एक नजर में**

### हत्या के जुर्म में सौतन व उसके भाई को उम्र कैद

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने सौतन की हत्या के आरोप में दोषी सौतन ममता देवी और उसके भाई सुभाष महतो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, दोनों पर 40-40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोनों को अतिरिक्त तीन साल जेल काटनी होगी। मृतका के पति धनराज महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी किया। कांके थाना क्षेत्र के धनराज महतो की दूसरी पत्नी अंजू देवी की हत्या धनराज महतो की पहली पत्नी मिमता देवी अपने भाई सुभाष महतो संग मिलकर कर दी थी। दरअसल धनराज महतो की दोनों पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। दोनो के बीच विवाद इतना बढ़ गया की 13 जनवरी 2019 को पहली पत्नी अपने भाई के संग मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दे दिया।

### आने वाले दिनों में साफ रहेगा मौसम

**रांची।** राज्य में आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा। पिछले कुछ दिनों से जारी पश्चिमी विक्षोभ का असर राज्य में खत्म हो चुका है। ऐसे में 11 मार्च तक राज्य में मौसम साफ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी है। ऐसे में राज्य भर में जारी बारिश और वज्रपात की संभावनाएं भी खत्म हो गयी है। 11 मार्च तक राज्य का मौसम साफ रहेगा। वहीं, एक दो दिनों तक लोगों को तापमान में ठंड का एहसास होगा लेकिन दिन में धूप के कारण लोगों को गर्मी का एहसास होगा। केंद्र की मानें तो आठ मार्च से लोगों को गर्मी का एहसास होगा। इस दौरान राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 29 डिग्री तक और न्यूनतम तामपान 16 डिग्री तक रहने की संभावना है।

### साइबर ठगी करनेवाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रांची में किराये पर रहकर देते थे साइबर फ्रॉड को अंजाम**

**रांची।** फर्जी बैंक वेबसाइट बना कर ठगी करनेवाले तीन साइबर अपराधियों को सीआइडी की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने राजधानी रांची के लालपुर में किराये पर मकान ले रखा था। वहीं से साइबर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों ने हाल ही में ठगी के पैसे से ब्रेजा कार कर खरीदी थी। इस कार की मदद से विभिन्न एटीएम में घूम-घूम कर ठगी के पैसे निकलते थे। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र गौरैया निवासी प्रिंस राज, पलामू के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र स्थूत धनगांव निवासी सुमित कुमार और जामताड़ा जिले के करमाटांड़ स्थित देओल्बरी निवासी उमेश कुमार रजक है।

### मेडिका ने थोरेसिक एंडोवास्कुलर आर्टेरियल रिपेयर विधि से बचायी मरीज की जान

रांची। भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने थोरेसिक एंडोवास्कुलर आर्टेरियल रिपेयर (ट्रेभर) नामक एक अत्यधिक जटिल कार्डियोलॉजी प्रक्रिया का सफलतापूर्वक संचालन किया है। यह प्रक्रिया, जो शायद ही कभी की जाती है, एक गंभीर स्थिति वाले मरीज पर की गई थी, जिसे तीन अन्य अस्पतालों ने एडमिट करने से मना कर दिया था और राज्य के बाहर इलाज कराने की सलाह दे दी थी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय कुमार ने अस्पताल में अपनी टीम के साथ धमनी को सफलतापूर्वक ग्राफ्ट किया, जिससे प्रभावी ढंग से मरीज की जान बच गई। भारती ने बताया कि अस्पताल हर शनिवार को मुफ्त हृदय जांच की पेशकश कर रहा है।

**राजधानी में आशाराम बापू के भक्तों का उमड़ा हुजूम**

# निर्दोष आशाराम बापू को रिहा करने और आयुर्वेदिक उपचार की मांग की

**निकाली गयी जन जागृति मौन यात्रा, राज्यपाल को सौंपा गया ज्ञापन**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 86 वर्षीय वयोवृद्ध संत श्री आशारामजी बापू के गंभीर स्वास्थ्य के चलते उन्हें अनुकूल व बेहतर त्वरित उपचार व उनकी शीघ्र रिहाई की मांग को लेकर राजधानी रांची में हजारों बापू के भक्त साधक भाई-बहनों का जुटान बुधवार को हुआ। मौन यात्रा भी निकाली गयी। इसके बाद राज्यपाल को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके जरिये बापू को शीघ्र न्याय दिलाने ओर वर्तमान में स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत जमानत या पैरोल देने की मांग की गयी। हजारों साधक भाई बहनों में एक साथ कहा कि अगर सरकार अविलंब बापू को रिहा करने की कार्रवाई नहीं करती तो आगामी लोकसभा चुनाव में देशभर के 15 करोड़ से अधिक साधक भाई बहन उन्हें सबक सिखाएगी, वोट का बहिष्कार भी करेगी। इस अवसर पर योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार को अविलंब हमारी आवाज को सुनना चाहिए और बापू को रिहा करने की कार्रवाई करनी चाहिए।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर गठित कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निदेर्शानुसार बुधवार को आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के निमित्त गठित किए गए विभिन्न कोषांगों के प्रभारी पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक की गयी। इसमें चर्चा करते हुए सभी सम्बंधित कोषांग के प्रभारी पदाधिकारियों को कहा गया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा निर्गत निदेर्शों के अन्तर्गत दिये गये प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन की सभी प्रक्रिया ससमय सारणी के अनुसार पूरा करें। निर्वाचन से संबंधित प्रक्रियाओं पर सतत निगरानी रखें। विभिन्न विभागों/ कोषांगों से समन्वय स्थापित करें एवं निर्देशों का नियंत्रण, प्राप्त आवंटन का संधारण, मतदान दलों को लेकर रूट चार्ट की तैयारी, विभिन्न प्रतिवेदनों का प्रेषण, मतगणना की तैयारी करना, निर्वाचन के अंतिम परिणाम की घोषणा की व्यवस्था एवं उनका प्रेषण, जिला निर्वाचन आदेश तैयार करना, कार्यालय अवधि के बाद विभिन्न कोषांग में कार्य करने वाले कर्मियों के लिए अल्पाहार, भोजना अदि की व्यवस्था आदि कार्यों का दायित्व समझाया गया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, परियोजना निदेशक आईटीडीए रांची संजय कुमार भगत, अपर समाहर्ता (नक्सल) रांची, सुदर्शन मुर्मू, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडे, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन, वरीय सह नोडल पदाधिकारी (वाहन कोषांग), उप समाहर्ता भूमि सुधार रांची, मुकेश कुमार, वरीय सह मंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, मिथलेश केरकेप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साहू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची, प्रदीप भगत, अंचल अधिकारी शहर रांची, मुंशी राम, अंचल अधिकारी हेहल, और विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रोमांचक रहा है रांची में भाजपा-कांग्रेस के बीच संघर्ष

**रांची लोकसभा सीट का सफरनामा है दिलचस्प**





**उदय चौहान**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच रोमांचक संघर्ष होता रहा है। राज्य की सत्ता पर काबिज झामुमो कभी भी इस सीट पर जीत नहीं पाई है। पिछले दो चुनावों में यहां से लगातार भाजपा जीतती आ रही रही है।

सूत्रों के अनुसार रांची संयुक्त बिहार के समय से ही राजनीति का मुख्य केंद्र रही है। देश के पहले लोकसभा चुनाव के समय रांची संसदीय क्षेत्र आज जैसा नहीं था। उस समय रांची तीन लोकसभा क्षेत्रों में बंटा हुआ था। रांची नॉर्थ इस्ट, रांची वेस्ट और पलामू-हजारीबाग-रांची लोकसभा सीट। तब से लेकर अब तक रांची लोकसभा सीट पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सबसे ज्यादा दबदबा रहा है लेकिन, पिछले कुछ चुनावों भाजपा ने कांग्रेस के इस दबदबे को लगभग खत्म कर दिया है।

1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने रांची नॉर्थ इस्ट सीट जीती। कांग्रेस पार्टी के अब्दुल इब्राहिम 32.6 फीसदी वोटों के साथ जीते। 1952 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी ने रांची वेस्ट सीट जीती थी। जिसे जयपाल सिंह ने जीता था, जबकि 1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तीसरी लोकसभा सीट रांची, पलामू हजारीबाग रांची लोकसभा सीट जीती थी। जिसे जेठन सिंह खेरवार ने जीता था।

1957 के लोकसभा चुनाव में एक लोकसभा क्षेत्र रांची से अलग कर दिया गया। अब रांची में दो लोकसभा क्षेत्र थे। 1957 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार एमआर मसानी ने रांची इस्ट से 34.6 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की थी। झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह एक बार फिर रांची वेस्ट सीट से जीते और उन्हें 60.3 फीसदी वोट मिले।

1962 में भी रांची में दो लोकसभा क्षेत्र हुआ करते थे। इधर, रांची वेस्ट से झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह जीते। 1962 में प्रशांत कुमार घोष 30.4 फीसदी वोट पाकर रांची ईस्ट से जीते। 1967 में रांची एक अलग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बन गया। 1967 के लोकसभा चुनाव में प्रशांत कुमार घोष को 18.3 प्रतिशत वोट मिले। इस तरह प्रशांत कुमार घोष ने फिर बाजी मार ली। 1971 के लोकसभा चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने रांची से जीत हासिल की। 1977 में कांग्रेस ने शिव प्रसाद साहू को रांची लोकसभा सीट से मैदान में उतारा। कांग्रेस ने दो बार के विजेता प्रशांत कुमार घोष की जगह शिव प्रसाद साहू को मैदान में उतारा था और कांग्रेस यह सीट हार गयी। 1977 में भारतीय लोकदल के रवींद्र वर्मा ने रांची लोकसभा सीट से जीत हासिल की। 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर रांची लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया और शिवप्रसाद साहू ने इस सीट से जीत हासिल की। शिव प्रसाद साहू यहां से 1984 में दोबारा लोकसभा चुनाव जीते। 1989 के लोकसभा चुनाव में यह सीट एक बार फिर कांग्रेस पार्टी के हाथ से निकल गई और इस बार इस सीट पर जनता दल के उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय ने जीत हासिल की।

### 1991 में पहली बार जीती भाजपा

1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार रांची सीट जीती। इस बार भाजपा के रामटहल चौधरी को 47.6 फीसदी वोट मिले थे, जिससे वे विजयी रहे। 1996 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर रांची सीट पर कब्जा कर लिया। इस बार रामटहल चौधरी विजयी रहे।1998 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रामटहल चौधरी एक बार फिर रांची सीट से जीते।1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस बार फिर रांची सीट पर कब्जा कर लिया। रामटहल चौधरी एक बार फिर रांची सीट से जीते।

### झारखंड गठन के बाद फिर कांग्रेस जीती

2004 के लोकसभा चुनाव में झारखंड राज्य बनने के बाद रांची सीट पर पहला लोकसभा चुनाव हुआ। इस बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सुबोधकांत सहाय को अपना उम्मीदवार बनाया और सुबोध कांत सहाय 40.8 फीसदी वोट पाकर विजयी रहे। 2009 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय ने रांची लोकसभा सीट से जीत हासिल की।

### 2014 में भाजपा ने सीट पर किया कब्जा

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर से रांची लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया और इस बार रामटहल चौधरी को 42.7 फीसदी वोट मिले। 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी का मैजिक फिर दिखा।इस बार भाजपा ।ने रांची लोकसभा सीट से संजय सेठ को मैदान में उतारा।2024 की तैयारी में जुटे राजनीतिक दलों के लिए रांची बेहद अहम है। 2024 के लिए एक बार फिर भाजपा ने संजय सेठ पर भरोसा जताया है।

## श्याम मंदिर में एकादशी संकीर्तन पर निशान पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन माह की विजया एकादशी के मौके पर बुधवार को विशेष एकादशी कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्य मनोहारी आलौकिक विशेष श्रृंगार किया गया। कोलकाता एवं बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से मंगाये गये गुलाब रजनीगंधा, तुलसी दल बाबा श्याम का अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया। राजीव रंजन मित्तल कविता मित्तल ने श्री गणेश पूजन करके खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर अखंड ज्योति में आहुति दी। खाटूधाम जाने वाले श्याम प्रेमियों की मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। भजन संकीर्तन के बीच खाटूधाम जाने वाले पवित्र निशानों का पूजन स्थापना तथा जागृत करने का पवित्र धार्मिक अनुष्ठान भक्तिमय वातावरण में प्रारंभ हुआ। मंडल के श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा सलज अग्रवाल सोनू साकेत ढानढनिया अनुज मोदी गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तों को अपने भजनों से झुमाया। रविशंकर अग्रवाल के परिजनों द्वारा मंदिर में निर्मित बुनदिया की सवामनी एवं केसरिया पेडा का प्रसाद भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया रौनक पोद्दार अभिषेक सरावगी रोशन खेमका दिनेश अग्रवाल कृष्ण शर्मा निखिल नारनौली आदि उपस्थित थे।



### श्रीश्याम मन्दिर में बाबा का भव्य श्रृंगार

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में भी बुधवार को फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी पर्व अत्यन्त श्रद्धा व भक्तिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया । श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के ताजे व खुशबूदार फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। खाटू धाम ( राजस्थान ) स्थित श्री श्याम मन्दिर में अर्पित किये जाने वाले निशानों ( ध्वजा ) की विधिवत पूजन मण्डल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बगला व मंत्री धीरज बंका के करकमलों से कर स्थापित किये गये। रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव की पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया । इस क्रायक्राम को सफल बनाने में रमेश चन्द्र सारस्वत , ओम जोशी , गोपी किशन ढांढनीयां, अरुण धानुका , विकाश पाडिया , नितेश केजरीवाल , सुदर्शन चितलांगिया , बालकिशन परसरामपुरिया , अमित जलान, अजय साबू का सहयोग रहा ।

# पाक में शहबाज

पाकिस्तानी सेना व पीएमएल-एन के तमाम प्रयासों के बावजूद नवाज शरीफ के लिए प्रधानमंत्री बनने की स्थितियां नहीं बन सकी। उनकी पार्टी बहुमत से दूर रही। शरीफ राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं और देश में व्याप्त जनाक्रोश को महसूस कर रहे हैं। तभी पार्टी ने नवाज के छोटे भाई शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री बनाने का फैसला लिया। बहत्तर वर्षीय शहबाज शरीफ की प्रधानमंत्री के रूप में यह दूसरी पारी है। इससे पहले विपक्षी गठबंधन द्वारा इमरान खान को सत्ता से बाहर किये जाने पर भी वे एक साल चार महीने तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। लेकिन उनके खाते में ऐसी कुछ उपलब्धियां नहीं हैं जिनके बूते उनसे सुशासन की उम्मीद की जा सके। पाकिस्तान वर्तमान में जिस आर्थिक संकट से दो-चार है, उससे देश को बाहर निकालना शहबाज शरीफ के लिये आसान नहीं होगा। दरअसल, शहबाज विरोधी दलों के गठबंधन के साथ हुए समझौते के बाद ही प्रधानमंत्री बन सके हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी यानी पीपीपी अपने मुखिया आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति बनाए जाने की शर्त पर शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री बनाने पर राजी हुई है। इन हालातों के चलते ही नवाज शरीफ ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी से अपना हाथ पीछे खींचा है। बहरहाल, इमरान खान के जेल में होने और नवाज शरीफ की ऊहापोह के बीच शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल पाया है। पीएमएल-एन का नेतृत्व जानता है कि शहबाज विपक्षी दलों और सेना से तालमेल बनाने में कामयाब होकर अपनी कुर्सी बचा सकते हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के भीतर स्थितियां इतनी चुनौतीपूर्ण हैं कि वहां राज करना कांटों का ताज संभालना ही है। पूरी दुनिया में घटती साख के बीच पाक का आर्थिक संकट जगजाहिर है। महंगाई के त्रास से पाकिस्तानी जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

# ड्रोन से बढ़ता खतरा

हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर और पंजाब की पाक से लगी सीमा पर सुरक्षा बलों ने जहां कई ड्रोनों को खदेड़ा, वहीं बड़ी मात्रा में आधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। समस्या यह है कि ड्रोन को भारतीय सीमा में विषम मौसम और देर रात भेजा जाता है। कोहरे और सर्दियों में इनकी निगरानी करना अपने आप में चुनौती है। फिर इनसे हथियार आदि दुर्गम इलाकों में गिराये जाते हैं जहां आतंकवादियों के स्थानीय मददगार पहुंच रखते हैं। जम्मू-कश्मीर में सर्दियों के मौसम में बर्फबारी के कारण घुसपैठ संभव नहीं हो पाती, ऐसे में ड्रोन को पाकिस्तान कारगर हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। हाल के दिनों में अमृतसर में एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का खुलासा हुआ जो ड्रोन की आपूर्ति व निर्माण से जुड़ा था, जिसके संपर्क पाकिस्तान तक थे। छापों के बाद कई लोग गिरफ्तार किये गये। इस गिरोह के सदस्य देश की राजधानी में ड्रोन की खरीद-बेच और उसके निर्माण में जुटे थे। निस्संदेह यह देश की सुरक्षा के लिये बड़ी चुनौती है। ड्रोन के जरिये देश के महत्वपूर्ण और संवेदनशील इलाकों को आतंकी वारदात का शिकार बनाया जा सकता है। ड्रोनों के पंजीकरण और उन्हें उड़ाने की वैधता के लिये सरकार की तरफ से पहल तो हुई है, मगर इस संवेदनशील विषय में सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। आधुनिक तकनीक से देश के भीतर ड्रोनों की गतिविधियों की निगरानी की जा सकेगी। निस्संदेह सुरक्षा के मद्देनजर देश में बेहतर ड्रोन नियामक सिस्टम बनाने और आधुनिक तकनीक के जरिये इनके निगरानी कार्यक्रम को जल्दी अंतिम रूप देने की जरूरत है। साथ ही देश की सीमाओं पर उच्च तकनीक वाले संवेदनशील यंत्र लगाने की जरूरत है जो पाक की ओर से आने वाले ड्रोनों की निगरानी कर सकें और उन्हें निष्क्रिय बना सकें। इसके मुकाबले के लिये तैयारी जरूरी है।

# किसान आंदोलन और देश का बदलता परिदृश्य




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष सितंबर में संसद द्वारा पारित तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की तो ऐसी तमाम टिप्पणियां सामने आईं जिनमें इस बात की व्याख्या की गई कि भारतीय कृषि के लिए ये निर्णय क्या मायने रखते हैं। आमतौर पर यही कहा गया कि नए कानूनों को वापस लेना कृषि सुधारों के लिए झटका है और सरकार को ऐसा तरीका निकालना चाहिए ताकि ऐसे महत्त्वपूर्ण निर्णय को बिना राजनीतिक विरोध के लागू किया जा सके।

ऐसी व्याख्याओं को गलत नहीं कहा जा सकता, हालांकि इनकी अपनी सीमा है। इनमें इस बात पर ध्यान नहीं जाता कि भारतीय राजनीति और राजनीतिक अर्थव्यवस्था के वे कौन से बदलाव हैं जिनके चलते मोदी सरकार को कृषि कानून वापस लेने पड़े। बीते कुछ वर्षों में देश के राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में कुछ नई ताकतें सामने आई हैं जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। खासकर मोदी द्वारा कानून वापसी के निर्णय का आकलन करते हुए। मोदी सरकार के अधीन भारत की नई हकीकत ने यह भी सुनिश्चित किया कि आने वाले महीनों में आर्थिक नीति निर्माण वैसा नहीं होगा जैसा बीते वर्षों में था।बीते कुछ वर्षों में देश में जड़ें जमा चुकी नई हकीकत की वजह क्या है? उस हकीकत के कई कारक हैं। उनका आकलन करके हम यह भी समझ पाएंगे कि कृषि कानूनों को कैसे और क्यों वापस लिया गया?

सन 2019 के आम चुनाव के बाद मोदी सरकार और अधिक स्पष्ट बहुमत के साथ सामने आई। इससे सत्ताधारी दल को अपना महत्त्वाकांक्षी राजनीतिक एजेंडा पूरा करने का बल मिला। इसमें संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और नागरिकता कानून में संशोधन करना शामिल है जिसके कारण एक अल्पसंख्यक समुदाय के साथ भेदभाव हुआ। यह स्पष्ट था कि सरकार के पास अपना राजनीतिक एजेंडा आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त बहुमत था।

शायद उस सफलता ने मोदी सरकार को यह आत्मविश्वास दिया कि वह अपने आर्थिक एजेंडे पर भी उसी राजनीतिक बहुमत के सहारे आगे बढ़े। लेकिन यह सोच गलत था। राजनीतिक क्षेत्र में सही साबित हुए कदम आर्थिक क्षेत्र में कारगर नहीं रहे। यहां प्रस्तावित नीतिगत बदलाव से प्रभावित होने वाले अंशधारक अलग थे और उन्हें तगड़ा राजनीतिक सशक्तीकरण भी हासिल था। उत्तर भारत के किसानों और कुछ राज्य सरकारों पर दबाव बनाना आसान नहीं था।



**-एके भट्टाचार्य**

> बहरहाल, श्रम कानून सुधारों की अधिसूचना में अभी भी देरी हो रही है, हालांकि कानून कई महीने पहले पारित हो चुका है। कृषि कानूनों को तो सरकार के विरोध के कारण वापस ही लेना पड़ गया है। मोदी सरकार को अब अहसास हुआ है कि भूमि, श्रम और कृषि सुधारों को लागू करना कहीं अधिक कठिन काम है।

किसानों के विरोध प्रदर्शन ने एक और बदलाव को जन्म दिया। विरोध प्रदर्शन करीब एक वर्ष तक चला और हाल के वर्षों में पहली बार यह स्थापित हुआ कि आंदोलन की राजनीति सरकार को लोगों के प्रति अधिक जवाबदेह बनाने का सही हथियार है। उत्तर भारत में और खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य में यह व्यापक तौर पर देखने को मिला। आशा है कि आने वाले वर्षों में इससे ही राजनीति और आर्थिक नीति को स्वरूप मिलेगा।

आर्थिक नीति और राजनीति के बीच बदले हुए समीकरण का अर्थ यह भी है कि किसानों ने नए कृषि कानूनों का एक वर्ष लंबा जो विरोध किया उसको ईंधन, किसानों के लिए प्रस्तावित नीतिगत ढांचे के विरोध से उतना नहीं मिला जितना कि इस राजनीतिक विचार से मिला कि केंद्र के सत्ताधारी दल के खिलाफ प्रतिपक्ष तैयार किया जाए। किसान आंदोलन की एक खासियत यह थी कि उसने ऐसे कई लोगों को एकजुट किया जो मोदी और उनकी राजनीति और नीतियों के खिलाफ थे। इसमें भी मोदी सरकार का विरोध मुखर था जबकि तीनों कृषि कानूनों के प्रावधानों का कम। विडंबना यह थी कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने इस विषय पर अपनी रिपोर्ट सौंपी लेकिन उसे सार्वजनिक नहीं किया गया। यही वजह है कि इस बात पर कोई बहस नहीं हो सकी कि विशेषज्ञों ने तीनों कानूनों को लेकर क्या राय दी है अथवा गतिरोध को दूर करने को लेकर उनकी क्या राय है। कृषि कानूनों से जुड़े मसले सरकार द्वारा कानूनों को वापस लेने की मांग के सामने गौण हो गए। सरकार ने देश के किसानों के लिए यह नया खाका तैयार करते समय मशविरे और सहमति की जरूरत भी नहीं समझी थी और यह भी नाराजगी की एक वजह थी।

एक अन्य संबद्ध मसला जिसकी अब तक अनदेखी की गई है वह यह है कि नए कृषि कानून आर्थिक नीति में एक खास तरह का बदलाव लाना चाहते थे। अक्सर इस बात को चिह्नित नहीं किया जाता है कि राजकोषीय नीति अथवा व्यापार नीति में बदलाव जमीन, श्रम या खेती में बदलाव करने जैसा नहीं है।

बतौर प्रधानमंत्री अपने पहले कार्यकाल में मोदी को यह अंदाजा हो गया था कि भूमि सुधार लागू करना कितना मुश्किल है। भूमि सुधारों पर अध्यादेश को समाप्त हो जाने दिया गया क्योंकि कांग्रेस तथा कई राज्य सरकारों ने इसके खिलाफ जमकर आंदोलन छेड़ा था। मोदी सरकार पर अमीरों के लिए काम करने का इल्जाम लगाया गया था। तब दलील दी गई थी कि मोदी सरकार को संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं था इसलिए उसे कदम खींचना पड़ा।

परंतु 2019 के बाद ऐसी तमाम बाधाएं दूर हो गईं। नागरिकता संशोधन कानून और अनुच्छेद 370 के मामले ने यह दिखाया कि राजनीतिक जनादेश दरअसल राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने का एक जरिया था। कराधान की पहल, शुल्क में बदलाव और निजीकरण की योजनाओं को भी कोई चुनौती नहीं मिली। बहरहाल, श्रम कानून सुधारों की अधिसूचना में अभी भी देरी हो रही है, हालांकि कानून कई महीने पहले पारित हो चुका है। कृषि कानूनों को तो सरकार के विरोध के कारण वापस ही लेना पड़ गया है। मोदी सरकार को अब अहसास हुआ है कि भूमि, श्रम और कृषि सुधारों को लागू करना कहीं अधिक कठिन काम है।

किसानों के प्रदर्शन ने देश में आ रहे एक अन्य अहम बदलाव की ओर ध्यान आकृष्ट किया। बीते कुछ वर्षों के दौरान देश के राज्य इस बात को लेकर काफी असहज रहे हैं कि केंद्र द्वारा उनके नीतिगत क्षेत्र में घुसपैठ की गई है। श्रम, भूमि और बिजली की तरह कृषि भी राज्यों के नीतिगत क्षेत्र का भी विषय है।

## खास बात

### किआरा का सितारा बुलंद

**असीम चक्रवर्ती**

फिल्मी स्टारडम की दौड़ में देखें,तो आज भी अभिनेत्री किआरा आडवाणी बहुत पीछे हैं। पर बावजूद इसके उनका स्टारडम इन दिनों चरम पर है। और यह सारा कमाल उनके पास मौजूद ढेरों इंडोर्समेंट ने कर दिखाया है। जिसके चलते ही इंडोर्समेंट के मामले में वह अमिताभ और अक्षय जैसे बड़े सितारों से आगे निकल चुकी हैं। आइए उनके इस बदलते स्टाडरम पर विस्तृत नजर डालें-

किआरा का आगमन

2014 की फिल्म ह्यफगलीह्ण में अभिनेत्री किआरा आडवाणी पहली बार दिखाई पड़ी थीं। इसके बाद से पिछले आठ साल में उनके कैरियर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। कुछेक अंट-शंट फिल्मों में काम करने के बाद फिल्म ह्यकबीर सिंहह्ण में उन्हें खूब नोटिस किया गया। मगर उनका कैरियर वहीं स्थिर रहा। ऐसे में शेरशाह, भूल-भुलैया-2, जुग-जुग जियो जैसी फिल्मों ने उन्हें एक नई शक्ति दी। और ह्यभूल-भुलैया-2ह्ण के बाद तो वह एक जाना- पहचाना नाम बन गई।

फिर भी स्टारडम दूर था

इन फिल्मों ने एक बात को पूरी तरह से साबित कर दिया था कि एक परफेक्ट हीरोइन के सारे दांव-पेच वे बखूबी खेलना जानती हैं। यह भी कि उन्हें ग्लैमर के साथ ही अपनी एक्टिंग का तालमेल भी बखूबी बिठाना आता है। लेकिन उन्हें इस बात का अहसास था कि स्टारडम की दौड़ में वह बहुत पीछे है। समझदार किआरा इसके बाद से ही इस दूरी को कम करने में जुट गईं।

अच्छी प्लानर

इस मामले में किआरा ने कोई जल्दबाजी नहीं की। इस बीच उन्होंने शादी भी कर डाली। शादी के बाद किआरा आडवाणी की पहली धमाकेदार फिल्म ह्यसत्यप्रेमह्ण की कथा को दर्शकों का अच्छा रिस्पान्स नहीं मिला। मगर वे अपसेट नहीं हुईं। जाहिर है वे लाइम लाइट से काफी दूर चली गई थीं। पर उन्होंने इसकी चिंता नहीं की। उन्होंने बड़ी समझदारी के साथ दो-तीन बड़ी फिल्मों का ऑफर स्वीकार कर लिया। जिसमें साउथ की ह्यगेम चेंजरह्ण और यशराज बैनर की ह्यवॉर-2ह्ण जैसी बड़ी फिल्में थी। इसके साथ अपनी इंडोर्समेंट की रफ्तार को भी उन्होंने बढ़ा दिया।

# मारीच की सलाह

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री राम** ने सोचा कि गुरु जी ने अगस्त्य जी के बारे में बताया अतः उनके द्वारा जो भी बताया जा रहा है वह सही हो रहा है सही रास्ता है। गुरु स्वयं न बोलकर किसी दूसरे को बता देते हैं, मुर्करर कर देते हैं तो उसकी बात भी गुरु की बात मान जी जाती है। क्योंकि उनके द्वारा ही वे बताये हुए हैं। इसलिये अगस्त्य जी ने जो कुछ कहा उसके अनुसार श्रीराम जी ने खर-दूषण का सेना सहित बध किया। यही उनकी भक्ति है।

होइहिं भजनु न तामस देहा। मन क्रम वचन मंत्र दृढ़ एहा।। जौं नररूप भूपसूत कोऊ। हरिहऊं नारि जीति रन दोऊ।। शूर्पनखा की बात सुनकर रावण सोचने लगा कि खर और दूषण अति बलशाली था। अगर खर और दूषण दोनों का वध हुआ है तो अवश्य ही यह कोई अवतारी पुरुष है। वह अवतारी है कि नहीं इस बात का पता कैसे चलेगा? मैं उनकी स्त्री का हरण कर लेता हूं, अगर वे अवतारी होंगे ज्ञान संपन्न होंगे तो उनके अंदर ज्ञान के कारण दुख नहीं होगा और अवतारी के स्थान पर साधारण मनुष्य होंगे प्रकृति के भीतर के होंगे तो मेरे द्वारा मारे जायेंगे। इस तरह का विचार आने के बाद वह अपने मामा मारीच के पास गया। मारीज रूप बदलने में माहिर था। वह पूछा आने का कारण क्या है? जब रावण से सारी बात बतायी मारीच ने कहा जो आपने नाम बोला है क्या वे अयोध्या के हैं? हां राजा दशरथ के बेटा हैं। रावण हमलोगों की भेंट हो चुकी है। मैं और सुबाहु ताड़का के साथ बक्सर में रहते थे। हमलोग यज्ञ विध्वंस करने का काम करते थे। ये दोनों उस समय किशोर अवस्था में थे।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

**कोडरमा** लोकसभा क्षेत्र के चतुर्दिक विकास की दिशा तय हुई, बेहतर शुरूआत हुई।

इस बेहतर शुरूआत को हमें बेहतरीन परिणति तक पहुंचाना है।

अपना आशीर्वाद बनाए रखें, अबतक खूब स्नेह मिला है।

**-अन्नपूर्णा देवी केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

निमार्णाधीन कांटाटोली एवं सिरमटोली फ्लाईओवर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

हमारी सरकार एक नहीं, बल्कि तीन फ्लाइओवर बनवा रही है, जिनके बनने के बाद जनता को इस समस्या से निजात मिलेगी। **-चंपई सोरेन, सीएम**





**वीर** तुम बढ़े चलो
धीर तुम बढ़े चलो
वॉटर गन की बौछार
हो या गीदड़ भभकी हजार
हो, तुम निडर डरो नहीं
तुम निडर डटो वहीं
वीर तुम बढ़े चलो
अन्नदाता तुम बढ़े चलो!

**-राहुल गांधी, सांसद**

# क्या राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुक हैं?

**रविरंजन**

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि जो राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हैं, वह लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते हैं। संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, देश में एक संवैधानिक लोकतांत्रिक परंपरा है और इसमें राजनीतिक दलों का अपना एक महत्व है। राजनीतिक दल भी हमारे संविधान की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रमुख माध्यम हैं, लेकिन संविधान की भावना को चोट तब पहुंचती है, जब राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो देते हैं।' उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जो दल स्वयं लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हो, वह लोकतंत्र की रक्षा कैसे कर सकते हैं? उन्होंने कहा, ह्यह्यकश्मीर से कन्याकुमारी तक हिंदुस्तान के हर कोने में जाइए...आज भारत एक ऐसे संकट की तरफ बढ़ रहा है जो संविधान के समर्पित लोगों के लिए चिंता का विषय है। लोकतंत्र के प्रति आस्था रखने वालों के लिए चिंता का विषय है और वह है पारिवारिक पार्टियां।' उन्होंने कहा, पार्टी फॉर द फैमिली... पार्टी बाय द फैमिली... अब आगे कहने की जरूरत नहीं लगती है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है।

वहीं कांग्रेस ने संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में

## सामयिक

शामिल नहीं होने के बाद शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि यह सरकार संवैधानिक संस्थाओं और संविधान की मूल भावना पर आघात कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने यह भी कहा कि यह सरकार प्रजातंत्र और संविधान के जश्न के आयोजन में विपक्ष का सम्मान नहीं करती और संसदीय लोकतंत्र का अपमान करती है, जिस कारण कई विपक्षी दलों ने इस कार्यक्रम से अलग रहने का फैसला किया। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद संविधान दिवस के कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा, सरकार कोई अवसर नहीं छोड़ती कि संविधान और संवैधानिक परंपराओं को दबाकर निर्णय लिया जाए।" शर्मा ने दावा किया, देश में कई समस्याएं और विकट परिस्थितियां पैदा हुई हैं। सरकार ने जिस तरह से कानून बनाए, उससे समाज में टकराव और और उत्तेजना पैदा हुई है। तीनों कृषि कानूनों को लेकर यही हुआ। हमने सरकार से कहा था कि विधेयक पारित कराने की एक प्रक्रिया होती है। सरकार ने प्रक्रिया को दरकिनार कर दिया। यही कारण है कि किसानों का एक साल तक आंदोलन चला और अब सरकार कानूनों को वापस ले रही है। अगर विपक्ष की बात सुनते तो इतना बड़ा संकट नहीं आता।' उन्होंने कहा, अभी भी समय है। सरकार अपनी कार्यशैली और अपनी मानसिकता बदले। वह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर सहमति बनाए।" उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, वह जानते हैं कि आजादी के संग्राम में उनके वैचारिक पूर्वजों का कोई योगदान नहीं था, बल्कि वो लोग अंग्रेजों के साथ मिले हुए थे। ऐसे में वो दूसरे नायक ढूंढ रहे हैं।' शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री दूसरे दलों को नसीहत नहीं, बल्कि हमने जो मुद्दे उठाए हैं, उस पर जवाब दें।'

लेकिन पूरे प्रकरण में यह बात भी सामने आती है कि किन कारणों से मोदी सरकार अधिक से अधिक अध्यादेश का उपयोग कर रही है? निश्चित तौर पर राजनीतिक दलों का उदेश्य जनता के हित से अधिक चुनाव जीतना होता जा रहा है जिससे देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही है तो यह प्रयास सबसे अधिक सत्तारूढ़ दल को ही करना होगा।

## लेटर टू एडिटर

### कोर्ट से उम्मीद

**किसान** आंदोलन एवं अंदरखाते चल रही राजनीति के चलते सरकार को अब समझ आने लगा है कि मामला सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के हस्तक्षेप से ही हल होगा। सर्वमान्य समाधान निकलता तो मामला सर्वोच्च न्यायालय के पास पहुंचने से बच सकता था। किसान संगठन और सरकार संयुक्त समिति में प्रतिनिधि भेजकर राष्ट्रीय हित में मुद्दों को सुलझाएं।

**-रविकांत, रांची**

### बंगाल की हिंसा

**पश्चिम** बंगाल राजनीतिक चर्चा में है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पर हमले के बाद आरोप पूरे जोर-शोर से लगे हैं। राज्य का चरित्र देश के लोकतांत्रिक ढांचा पर लगातार प्रहार कर रहा है और ममताबनर्जी लोकतंत्र का माखौल उड़ा रही है। दोनों पक्षों ने दावा किया है कि हमारे कार्यकर्ता गलत नहीं कर रहे हैं। अब ममता बनर्जी का गलत चेहरा सबसे सामने आ चुका है।

**-नरेंद्र शर्मा, हजारीबाग**

# नैतिकता की आस और ग्रेड की बात को लेकर फर्जीबाड़ा

**प्रो विवेक सिंह**

**शिक्षा** के मंदिर जो नैतिकता के केंद्र होते हैं अगर वही अनैतिक आचरण करने लगे तो लोगों का शिक्षा व्यवस्था से मोह भंग होना स्वाभाविक है। हैदराबाद स्थित मल्ला रेड्डी इंजीनियरिंग कॉलेज ने अपने सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (एसएसआर) में जिस फर्जी तरीके से नैक की आंख में धूल झोंकने का प्रयास किया वह चिंतनीय है। प्रमाणित करने के लिए कि कॉलेज के विद्यार्थी इंटर्नशिप करने के लिए अनेकों प्रसिद्ध कंपनियों में गए थे। उन कंपनियों की फर्जी लेटर हेड, सील और डिजिटल सिगनेचर का इस्तेमाल किया गया।

नैक ने जांच के बाद फजीर्वाड़े को सही पाया। संस्थान पर 5 साल के एक्रीडिटेशन के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। कहीं ना कहीं ये घटनाएं शिक्षा के गिरते स्तर को प्रदर्शित कर रही हैं। विजयवाड़ा के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में भी कुछ ऐसा ही किया था। आंध्र प्रदेश स्टेट स्किल डेवपमेन्ट काउंसिल का वाटर मार्क लोगो गलत तरीके से इस्तेमाल किया था। इस कॉलेज पर भी नैक के द्वारा 5 साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर देश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को ऐसा करने की नौबत क्यों आ गई? विगत वर्षों में ऐसा क्या हो गया है कि शैक्षणिक संस्थान अब जालसाजी पर उतर आए हैं? इसका उत्तर सीधा है नैक ग्रेड का

## शिक्षा

दबाव, ग्रेड की चिंता और ग्रेड को बढ़ाने की लालच। यूजीसी की फंडिंग नैक के ग्रेड के आधार पर होती है। इसलिए हर उच्च शिक्षण संस्थान नैक ग्रेड को बढ़ाना चाहता है। कुछ शिक्षण संस्थान जालसाजी पर उतर आते हैं। इस समस्याा के अनेकों कारण हैं।

पहला कारण है उच्च शिक्षण संस्थानों में गठित आइक्यूएसी का ठीक से काम ना करना। आइक्यूएसी उच्च शिक्षण संस्थानों में इसलिए स्थापित किए जाते हैं ताकि शिक्षण गुणवत्ता विभिन्न माध्यमों से बढ़ाई जा सके। लेकिन जब आइक्यूएसी केवल कागज पर हो और धरातल पर कोई काम ना कर रही हो, कोई फैसले ना ले रही हो, फैसले ले भी रही हो तो उसको क्रियान्वित ना कर पा रही हो, समय पर मीटिंग्स ना हो रही हो, मीटिंग में उच्च स्तर का डिस्कशन ना हो रहा हो। इस स्थिति में समस्याएं तो आएंगी, जालसाजी बढ़ेगी।

दूसरी समस्या है नैक की नजरों में सभी उच्च शैक्षणिक संस्थान एक जैसे हैं। शिक्षण संस्थान चाहे गांव में हों या किसी बड़े शहर में स्थित हों। 50 साल पुराना प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान हो या 5 साल पहले खुला एक नया शिक्षण संस्थान, नैक की नजर में सब बराबर हैं।

नैक को अपने मूल्यांकन प्रक्रिया में सुधार लाना आवश्यक है। एक 50 साल पुराने शैक्षणिक संस्थान को एक नए 5 साल पहले स्थापित हुए शिक्षण संस्थान से तुलना कैसे किया जा सकता है? एक छोटे से गांव में स्थित महाविद्यालय की तुलना मुंबई जैसे महानगर में स्थित महाविद्यालय से कैसे कर सकते हैं? नैक के पास दोनों तरीके के महाविद्यालयों की मूल्यांकन की कोई ठोस पद्धति या प्रक्रिया नहीं है।

नैक की अपनी भी कुछ कमियां हैं जो समय-समय पर समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं। नैक के मूल्यांकन पद्धति पर भी काफी सवाल उठे हैं, हालांकि अभी मूल्यांकन पद्धति में परिवर्तन किया गया है। नैक के ग्रेडिंग के आधार और क्रियाकलापों पर भी गंभीर सवाल उठे हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बटन दबते ही 19 हजार से अधिक पेंशनधारियों के खाते में पहुंचे 3.94 करोड़

- सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान
- जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी किया गया सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के रविन्द्र भवन सभागार, साक्ची में जिला स्तरीय सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण तथा आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में माननीय विधायक पोटका संजीव सरदार विशिष्ट, डीसी अनन्य मित्तल, डीडीसी मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिप सदस्य परितोष सिंह, प्रखंड प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के हित में कई कल्याणकारी योजनायें संचालित कर रही है। सर्वजन पेंशन में परिवर्तन करते हुए अब 50 से 60 आयु वर्ष की सभी महिलाओं तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पुरूषों का लाभ दिया जा रहा। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्दि योजना हो या मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, छात्राओं, महिलाओं को सबल, आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार प्रयासरत है।

मंत्री ने बटन दबाकर ऑनलाइन 19719 नवचयनित पेंशनधारियों के बैंक खाते में फरवरी-मार्च की पेंशन राशि 3 करोड़ 94 लाख 38 हजार रुपये डीबीटी की गयी। साथ ही सांकेतिक रूप से 5 पेंशनधारियों को मंच पर स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के 01 लाभुक, 03 दिव्यांगजनों श्रवण यंत्र एवं 3 को ट्राईसाइकिल, 2 को बैशाखी, 2 लोगों को ब्लाइंड स्टीक, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 03 लाभुक छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी गयी। साथ ही नवजात बच्चों को अन्नप्रासन्न एवं माताओं की गोदभराई स्वरूप उपहार प्रदान किया गया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना के तहत पांच लाभुकों को 20-20 हजार का चेक का वितरण किया गया। मौके पर जमशेदपुर सदर प्रखंड की 2 सेविका और 2 सहायिका को चयन पत्र दिया गया।

डीसी अनन्य मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि 50-60 आयु वर्ष के पेंशनधारियों को चिन्हित करने में पूर्वी सिंहभूम जिला पूरे राज्य में पहले स्थान पर है। लगभग 35 हजार आवेदन अभियान के तहत प्राप्त किये गये हैं जिनमें अबतक 24 हजार आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री कराते हुए आज 19719 पेंशनधारियों को दो महीने की पेंशन राशि डीबीटी की गयी। उन्होंने इस अभियान के सफल संचालन में सेविका एंव सहायिका के कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि ग्राउंड लेवल पर आपके इमानदार प्रयास से हमारा जिला इस अभियान में पूरे राज्य में अव्वल रहा, आगे भी इसी प्रकार से अन्य दायित्वों में सामूहिक प्रयास की अपेक्षा है।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर मंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा आयोजन स्थल पर लगे स्टॉल का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।



एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता। साथ में डीसी अनन्य मित्तल व अन्य।

## स्पीड न्यूज

### इएसआइसी हॉस्पिटल में डायलिसिस सुविधा जल्द बहाल करें : परबिंदर सिंह



**जमशेदपुर।** टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष परबिंदर सिंह सोहल ने कहा है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) जमशेदपुर में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसमें सिर्फ समस्या ही समस्या रह गयी। कल से डायलिसिस करने की सुविधा भी बंद हो गयी है। अस्पताल में कोई भी सुविधा नहीं है लोग उसे अस्पताल में जाने से डर रहे हैं। केंद्र सरकार एवं संबंधित पदाधिकारी से आग्रह है कि जल्द से जल्द ईएसआई अस्पताल की समस्याओं को ध्यान में रखकर उनकी सुविधाओं को बहाल किया जाए अन्यथा जल्द ही हम लोग इसके लिए लड़ाई लड़ने एवं प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### पोटका प्रखंड के अबुआ आवास में हो रही बड़ी गड़बड़ी : कन्हैया सिंह

**जमशेदपुर।** केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर प्रखंड प्रभारियों द्वारा ग्राम समिति (पिलर मेंबर) बनाने को लेकर पोटका प्रखंड मे प्रभारी डोमन टुडू एवं पोटका प्रखंड समिति की बैठक हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति कराने हेतु प्रत्येक गांव मे चूल्हा प्रमुख का गठन किया जा रहा है हर दस घर पर एक चूल्हा प्रमुख होंगे चूल्हा प्रमुख का गठन कर 13 मार्च तक जिला समिति को सूची सौपना है।

### एचइसी बचाने की मांग को लेकर भेजा ज्ञापन

**जमशेदपुर।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने 4 से 9 मार्च तक राज्यव्यापी मनाया जा रहे एचईसी बचाओ संघर्ष एकजुटता सप्ताह के तहत आज पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

### आज रोजगार न्याय मार्च निकालेगा भाजयुमो

**जमशेदपुर।** झारखंड की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार में युवाओं से वादाखिलाफी, बेरोजगारी, जेएसएससी पेपर लीक एवं नियुक्ति घोटाला समेत युवाओं के मुद्दे को लेकर गुरुवार को कोल्हान प्रमंडल के आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ता रोजगार न्याय मार्च निकालकर गोलमुरी स्थित जमशेदपुर अवर प्रादेशिक नियोजनालय का महाघेराव कर विरोध दर्ज करायेंगे। जानकारी भाजयुमो के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने दी।

### विजया गार्डेन में शिव रात्रि कार्यक्रम शुरू

**जमशेदपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज के बारीडीह विजया गार्डन सेवाकेंद्र शाखा के द्वारा महाशिवरात्रि कार्यक्रम का शुभारंभ शिव आरती परमात्मा की याद से किया गया किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथियों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद अतिथियों को सम्मानित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। आध्यात्मिक रूप से उत्थानकरी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति के साथ-साथ शिव और शंकर में भेद का अंतर स्पष्ट किया।

# जामताड़ा कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत पूरी कमेटी ने थामा भाजपा का दामन

- जमशेदपुर परिसदन में भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने सभी को कराया पार्टी में शामिल
- आपके आने से पार्टी मजबूत हुई, अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटें : मरांडी
- लूटनीति से तंग होकर सत्तारूढ़ पार्टी के नेता भाजपा में हो रहे शामिल : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विभिन्न राजनीतिक दल, संगठनों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में, बुधवार को जामताड़ा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि मोहन मिश्रा के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, जिला महासचिव विमल कुमार भैया, महिला जिलाध्यक्ष बेबी पासवान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, असलम अंसारी, युवराज सिंह, मंडल अध्यक्ष विवेका रंजन सिंह समेत कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया।

जमशेदपुर परिसदन में आयोजित एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम में भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सभी नेताओं एवं कार्यकताओं को पार्टी का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी नवागंतुकों का पार्टी में स्वागत करते हुए राष्ट्रनिर्माण में आगे आकर भाजपा में जुड़ने के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा में शामिल होने से जामताड़ा ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी। यह सभी दायित्वों में थे, जिनमें कोई जिला अध्यक्ष, कोई प्रखंड अध्यक्ष, कोई महिला मोर्चा अध्यक्ष हैं। जिनके पीछे कई कार्यकता हैं उन सभी कार्यकर्ताओं का योगदान भी जामताड़ा में सुनिश्चित किया जायेगा।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज झारखंड में जिनकी सरकार है उस पार्टी के लोग, पार्टी की नीतियों एवं कार्यसंस्कृति से क्षुब्ध होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। आज एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर कृतसंकल्पित हैं। तो वहीं, दूसरी ओर अन्य दलों की कोई विचारधारा नहीं है। उनका सिर्फ एक ही मकसद है कैसे अपने परिवार को बचाएं और अपने बच्चों की भविष्य को सुरक्षित करें और इसके लिए उनका सिर्फ एक लक्ष्य है मोदी को हटाओ। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि समाज की सेवा हेतु राजनीति के क्षेत्र में आगे आए हुए लोग आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। पिछले दिनों चाईबासा में भी बड़ी संख्या में अन्य दलों के नेता एवं कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं।



जमशेदपुर में हरिमोहन मिश्रा को गुलदस्ता देकर स्वागत करते बाबूलाल मरांडी।

**खास बातें :** इस दौरान ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष अभय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजन सिंह, नीरज सिंह, जटाशंकर पांडेय, जिला महामंत्री राकेश सिंह, अनिल मोदी, जिला मंत्री मंजीत सिंह, विजय तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा, मानगो मंडल अध्यक्ष बिनोद राय व अन्य मौजूद रहे।

# आज बालीगुमा में सुधा डेयरी प्लांट का शिलान्यास करेंगे सीएम चंपई सोरेन

›› डीसी ने अंतिम तैयारी का लिया जायजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में 07 मार्च को झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आगमन प्रस्तावित है। जमशेदपुर सदर प्रखंड के बालीगुमा में आयोजित इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मेघा डेयरी प्लांट का शिलान्यास किया जाना है।

डीसी अनन्य मित्तल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आयोजन हेतु किए गए तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल से आवागमन एवं निकासी, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था, परिसर में बैरिकेडिंग व पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कार्यक्रम स्थल पर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, रूट चार्ट तथा वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम बना रहे इसको लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये। मौके पर एसडीएम, झारखंड स्टेट मिल्क कॉपरेटिव फेडरेशन के जीएम, डीटीओ, डीपीआरओ (जनसंपर्क), नगर निकाय के पदाधिकारी, भवन निर्माण के पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।



प्लांट के मॉडल को निहारते डीसी अनन्य मित्तल।

# साकची रामलीला मैदान में भागवत कथा 9 से 15 तक



कथा के आयोजन का आमंत्रण पत्र विमोचित करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी 09 से 15 मार्च तक साकची रामलीला मैदान में होगा। जिसकी सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में बुधवार को कथा स्थल रामलीला मैदान में आयोजकों ने मीडिया से बातचीत करते हुए आगे बताया कि गोकुलधाम मथुरा से कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानंद जी महाराज कथा का प्रसंग करने के लिए शहर पधार रहे हैं। भागवत कथा रोजाना दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक होगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे पूजा होगी। पहले दिन शनिवार 9 मार्च को सुबह 8.30 बजे स्वर्णरेखा हाथी घोड़ा मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी, जो कथा स्थल पहुँचकर समाप्त होगी। कलश यात्रा में 121 महिलाएं शामिल होगी। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने का अनुरोध किया हैं। उन्होंने बताया कि इस भागवत कथा के आयोजन में स्व मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट विशिष्ठ सहयोगी हैं। मौके पर भागवत कथा समिति के अध्यक्ष डॉ डीपी शुक्ल, रामफल मिश्र, महामंत्री शंकर लाल सिंघल, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज मिश्र, पवन अग्रहरी, रोहित मिश्र, रामगोपाल चौधरी आदि मौजूद थे।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के साथ बोड़ाम में निकाली न्याय यात्रा

- मान सम्मान बचाना है तो झामुमो का साथ दें: विधायक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**पटमदा।** झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के निदेर्शानुसार बुधवार को बोड़ाम प्रखंड की पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्याय यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद व केंद्र सरकार मुदार्बाद, जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा लगाते हुए चल रहे थे। कार्यकर्ताओं के जोश भरने के लिए विधायक मंगल कालिंदी रैली में शामिल होकर चिरुडीह मोड़ से बोड़ाम तक पहुंचे। बोड़ाम बाजार में कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा करते हुए विधायक ने शहीद निर्मल महतो के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए चलंत सभा को संबोधित किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि राज्य अलग होकर 23 साल हो गये। सबसे ज्यादा आजसू भाजपा ने सरकार चलाई। 2019 में हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बनते ही बीजेपी सरकार को गिराने के लिए लगा रहे। इको संसेटिव जोन चिन्हित कर भाजपा सरकार ने लोगों को बेरोजगार किया। हेमंत ने साढ़े तीन करोड़ लोगों की मान सम्मान के लिए जेल जाना पसंद किया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गांव गांव में विकास का काम चल रहा था। उन्होंने शिक्षा के लिए बोड़ाम में डिग्री कॉलेज खोलने का काम किया है। भाजपा ने केंद्रीय एजेंसी का दुरूपयोग कर हेमंत सोरेन को षडयंत्र रचकर जेल भेजने का काम किया है।

# जमशेदपुर फतह को लेकर भाजपा गंभीर

## जमशेदपुर महानगर और जमशेदपुर ग्रामीण की संयुक्त बैठक कर बनी रणनीति

- बूथों पर 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का काम करें कार्यकर्ता : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा ने अगामी लोकसभा चुनाव में अपने तैयारियां को तेज करते हुए जमशेदपुर महानगर एवं जमशेदपुर ग्रामीण की संयुक्त बैठक का आयोजन किया। बिस्टुपुर स्थित चैंबर भवन के सभागार में लोकसभा चुनाव प्रबंधन की बैठक में भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जमशेदपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत सैकड़ों वरीय नेतागण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर संसदीय सीट पर बड़ी विजय के लिए कई जरूरी निर्देश दिये गये। सभी कार्यकर्ताओं को बूथों को मजबूत करने की दिशा में एवं बूथों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने को कहा गया। बैठक के दौरान आसन्न लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में 14 सीटों पर विजयी प्लान तैयार किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बूथ सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता बूथ जीता-चुनाव जीता के ध्येय के साथ कार्य करें। बाबूलाल मरांडी ने नेताओं व कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में 2019 के चुनावों की तुलना में भाजपा के वोट प्रतिशत में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने का आह्वान किया। कहा कि पीएम मोदी ने 2014 में जीत के बाद जनता की जरूरतें पूरा करने का काम किया। 2019 की जीत के बाद उनकी आकांक्षाओं को पूर्ण किया। अब 2024 की जीत, भारत को दुनिया का सिरमौर बनायेगा। श्री मरांडी ने कहा कि जनता को झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन की करतूतों पर जागरूक करें। लोकसभा चुनाव के बाद कोल्हान की सभी 14 सीटों पर भाजपा एक बार फिरसे विजयी होगी।

वहीं, सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक जाकर पहुंचाना है।



चेंबर भवन में आयोजित संयुक्त बैठक में जीत का मंत्र देते बाबूलाल मरांडी।

उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(जिला योजना)

अति अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023–24 में विशेष केन्द्रीय सहायता मद अन्तर्गत एंटी–क्राईम चेकिंग तथा विधि–व्यवस्था डियूटी संधारण के लिए बैरिकेड के क्रय एवं आपूर्त्ति हेतु मानक स्तर के कम्पनियों/प्रमाणित बिक्रेताओं/उनके अधिकृत बिक्रेताओं से शर्त्तों के अनुरूप मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। बैरिकेड का Specification निम्नवत् है :–

| SL No. | Name of Item | Specification |
|---|---|---|
| 1 | Sliding Barricades | Iron Material, Size- 4X6, Yellow Colour coated, Reflective Sticker on Pipes, Printed with "District Administration, Khunti & Khunti Police along with Road Safety Slogan/Message |

इच्छुक कम्पनियां/प्रमाणित बिक्रेताएं/उनके अधिकृत बिक्रेताएं **दिनांक 13.03.2024 के मध्याह्न 12:00 बजे तक** निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, विकास भवन, खूँटी में जमा कर सकते हैं, निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 13.03.2024 के अपराह्न 03:30 बजे** जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की अन्य शर्त्ते समाहरणालय, खूँटी के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला योजना कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/
उपायुक्त, खूँटी।

PR 321788 (District) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़

ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–_अतिअल्पकालीन निविदा संख्या:- 23/R1/2023-24/RWD/RAMGARH
दिनांक :- 06.03.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा DMFT मद अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ RAMGARH/ 23/R1/2023-24/ DMFT | रामगढ | ग्राम– हुहुआ लाहरबारी में समाहरणालय परिसर में नगर परिषद द्वारा निर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स से जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लेक्स के पीछे होते हुए उपेन्द्र साव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 37,26,200/- | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 13.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15 .03.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.321785 Rural Work Department(23-24):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, लोहरदगा

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 28/2023-24

1- विभाग का नाम :–भवन निर्माण विभाग।
2- विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
3- परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक 21/03/2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक।
4- निविदा प्राप्ति की तिथि :–दिनांक 22/03/2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5- निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक 22/03/2024 को 03:30 बजे अपराह्न में।
6- परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1- भवन अवर प्रमण्डल, पदाधिकारी–01, लोहरदगा का कार्यालय।
2- कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय।
3- अधीक्षण अभियंता भवन अंचल संख्या–2,राँची का कार्यालय।
7- निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय।
8- कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Family Judge Residence, Barrack, Garage, Laying of parking tiles on pathway and Concertina coil fencing on boundary wall at Lohardaga. | 20,36,600=00 | 41,000=00 | 5,000=00 | 04 (Four) Months. |
| 2. | Renovation of Hajat/Malkhana Building at Lohardaga. | 4,28,500=00 | 9,000=00 | 750=00 | 02 (Two) Months. |
| 3. | Renovation of Boundary Wall and Campus Development Work at S.P. Residential Campus, Lohardaga. | 9,97,400=00 | 20,000=00 | 1,250=00 | 02 (Two) Months. |
| 4. | Construction of Police Barrack with Internal Electrification & Water Supply/Sanitary Work at S.P. Residence, Lohardaga. | 18,50,400=00 | 38,000=00 | 5,000=00 | 04 (Four) Months. |

निविदा का परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तों का पालन अनिवार्य है :–
1-निबंधन पत्र, यूकेन, GST में निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन 3B, पैन कार्ड, विद्युत कार्य होने की स्थिति में विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र सम्बन्धी प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
♣विशेष जानकारी के लिए – www.jharkhand.gov.in या कार्यालय का सूचना पटट् पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 321787 (Lohardaga)23-24*D

स्पीड न्यूज

## हाथी ने घर का दरवाजा तोड़ा, महिला घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के तिलाई पिड़ी गांव में एक जंगली हाथी ने मंगलवार रात मेनका देवी के घर का दरवाजा तोड़ डाला। इस दौरान दरवाजा टूटकर गिरने से घर में सो रही 47 वर्षीय महिला मेनका देवी घायल हो गई। उसे लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल सिल्ली में भर्ती कराया गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सुबह वन विभाग के अधिकारी दिलीप सिंह मुंडा ने उनके परिजनों से मिलकर तत्काल ईलाज के लिए 10 हजार रुपये दिए।

## रामनारायण चौधरी खलारी पुलिस उपाधीक्षक बने

**खलारी।** खलारी पुलिस उपाधीक्षक डीएसपी के पद पर रामनारायण चौधरी नियुक्त किए गए। सरकार ने झारखंड राज्य के 109 इंस्पेक्टर से प्रमोट होकर डीएसपी बनाए गए जिसमें अमर पांडे को रांची मुख्यालय वन डीएसपी बनाया गया है। वहीं रामनारायण चौधरी को खलारी का डीएसपी बनाया गया। इससे पहले श्री रामनारायण चौधरी गिरिडीह थाना में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थापित थे।

## हरहंजी स्कूल में बन रहा शौचालय, छात्रों को मिलेगी राहत

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष भीम गोप के देखरेख में गुणवत्तापूर्ण तरीके से शौचालय का ढलाई कार्य किया।स्कूल में शौचालय नहीं होने के कारण स्कूल आने वाले छात्र छात्राओं को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। इसको देखते हुए स्कूल परिसर शौचालय का निर्माण करवाया गया है।

## मृतक ग्राम प्रधान के परिजनों से मिले बंधु तिर्की, बंधाया ढाढस

**इटकी।** करंट लगने से ग्राम प्रधान संजय उरांव और उनकी छह वर्षीय पुत्री सोनाली की मौत के बाद शोकाकुल परिवार से मिलने बुधवार को पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की इटकी प्रखंड के सौका गांव स्थित उनके घर पहुंचे। इस दौरान बंधु तिर्की शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की और परिवार जनों को ढांढस बंधाया। साथ ही पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

## ओरमांझी में पत्थर लदा हाइवा खेत में पलटा चालक की बची जान



**ओरमांझी।** रामगढ़ जिला से अवैध रूप से पत्थर ओरमांझी के क्रेषर में पहुंचते हैं। बुधवार को हुई पत्थर लदा एक हाइवा के दुर्घटना ग्रस्त होने के बाद इसका पता चला। सुबह तीन बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि लोवाडीह पतरातू पत्थर खदान ने रात में पत्थर लेकर ओरमांझी के गुंजा स्थित क्रशर जा रहा पत्थर लदा हाइवा एनएल07एए-1638 जैसे ही मंदरो के पास पहुंची। एक खेत में पलट गया। पलटने के दौरान सड़क किनारे का एक पेड़ भी उखड़ कर हाइवा के निचे दब गया। जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों की भिड़ लग गई। बताया गया कि ग्रामीण पथ से रातभर अवैध पत्थर लदा हाइवा चलती है। दुर्घटना में चालक बाल-बाल बच गया और वह वाहन छोड़कर फरार हो गया। इसके अलावा बुधवार की रात को भी एनएच-20 पथ शास्त्री चौक के पास एक तेज रफ्तार इंटा लदा ट्रक जेएच01एफ- 4171 पलट गया। जिससे सड़क पर इंटा बिखर गया थे। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा दोनो दुर्घटना ग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# शिलान्यास : नौ करोड़ की लागत से होगी दो सड़कों की मरम्मत

ग्रामीणों को आवागमन में होती थी काफी परेशानी

**सहुलियत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा लगभग नौ करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दो सड़क मरम्मत होगी। बुधवार को मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, सांसद संजय सेठ व विधायक समरीलाल द्वारा शिलान्यास किया। इन दोनों सड़कों के मरम्मत हो जाने से चंदवे ओएना मुख्य पथ से ओरमांझी तक जाने वाले लोगों का आवागन सुगम हो जाएगा। बताया गया कि ओरमांझी से बरटोली, हुजीर, सेलदा, चारी कुम्हारिया सहित कई गांव जाने वाली यह सड़क काफी जर्जर हो गई है। किसान, स्कूली बच्चे सहित ग्रामीणों को आवगमन में काफी परेशानी होती है। सड़क मरम्मत का शिलान्यास होने से क्षेत्र के लोगों के साथ शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा खुशी जताई गई। आदित्य साहू ने कहा कि गांव के विकास के लिए सड़क काफी महत्वपूर्ण है। मरमत कार्य होने के बाद लोगों को सड़क के गड्ढे से मुक्ति मिलेगी। वहीं संजय सेठ ने कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। देश की प्रगति का आधार यातायात व्यवस्था है। विधायक समरीलाल के अलावा कई लोगो ने संबोधित किया। मौके पर अशफाक खान, अमित साहू, भीम मुंडा, दिलीप उरांव, मदन मुंडा, हरि भगत सहित काफी संख्या में स्कूली छात्राएं उपस्थित थे।



सड़क का शिलान्यास करते सांसद व अन्य।

## कांके-बुढ़मू प्रखंड में कई विकास योजनाओं का हुआ शिलान्यास



**ठाकुरगांव।** कांके व बुढ़मू प्रखंड के विभिन्न गांवों में बुधवार को विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, अनिल टाइगर, कमलेश राम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मालश्रृंग में 23 की लागत से तालाब सुंदरीकरण, मारवा में 10 लाख की लागत से श्मशान शेड, सोबा स्थित संत कबीर अनाथालय में 57 लाख की लागत से चार कमरों का निर्माण व खिजुरटोला मेलाटांड़ में 11 लाख की लागत से स्टेज निर्माण का शिलान्यास किया गया। मौके पर सांसद ने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करने का कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी मोर्चों पर विकास कर रही है। मौके पर मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, सांसद प्रतिनिधि मनोज गुप्ता, बिंटू शाहदेव, सीटू मुंडा, अमृत महतो, सचिन्द्र महतो, झिबरा मुंडा, आनंद चौधरी समेत अन्य मौजूद थे।

**पत्रकारों ने ट्रेनी आईपीएस से की मुलाकात**

# अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता : मो याकुब

● सबको साथ लेकर चलेंगे, सहयोग की जताई उम्मीद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झारखंड कैडर 2021 बैच के तेज-तर्रार और मृदु व हंसमुख स्वभाव के धनी ट्रेनी आईपीएस एस मो याकुब से बुधवार की शाम पत्रकारों ने मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र में आये दिन हो रही चोरी व छिनतई की घटनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और अपराध नियंत्रण उनकी प्राथमिकता होगी। वह प्रबुद्ध नागरिक और पंचायत प्रतिनिधियों को साथ लेकर चलेंगे। श्री याकुब ने अपराधियों पर शिकंजा कसने की बात कही और इलाके के लोगों से अपेक्षित सहयोग की उम्मीद जतायी। इधर विभिन्न राजनीतिक दल के नेता और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी श्री याकुब से मिलकर पुष्प गुच्छ भेंट किये।



**अपराधकर्मी भयभीत**

आईपीएस अधिकारी के पदस्थापन से अपराधकर्मी और भू माफिया भयभीत हैं। कार्रवाई के डर से उनके पर उखड़ गये हैं। श्री याकुब थाने में दर्ज कांडों को खंगालने में लगे हैं। दागियों पर उनकी पैनी निगाह है। वह लंबित वारंट का निष्पादन और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी अभियान चला रहे हैं।

**मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण**

श्री याकुब ने लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिये प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दिया है। थाने में योगदान देने के दूसरे दिन उन्होंने इंस्पेक्टर शशिभूषण चौधरी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के साथ कई संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर श्री चौधरी को जरूरी निर्देश दिये।

# सोनाहातू : 12 करोड़ की लागत से होगा कांची नदी के हारिन घाट पर पुल निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** विधायक सुदेश महतो ने बुधवार को कांची नदी के हारिन घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। हारिन घाट पर 2004 पर पुल बना था। ये पुल सोनाहातू के सात पंचायत के लिये लाइफ लाइन माना जाता है। 2020 से पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद आवागमन को बंद रखा गया था। जिससे सात पंचायत के लोगों को 30 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर मुख्यालय आना होता था।पुल निर्माण के शिलान्यास होने पर पूरे सात पंचायत के लोगों में खुशी का माहौल है। मौके पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास स्टूडेंट्स बस सेवा लाइब्रेरी आदि की सुविधा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है।हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। खेल को बढ़ावा देने के लिये पंचायत में खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। हमारा लक्ष्य जेनरेशन को विकसित करना है।

इस दौरान समारोह में खेलो सिल्ली कार्यक्रम के तहत पंचायत के खिलाड़ी को खेल किट दिया गया। मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा गांडेय प्रभारी अर्जुन बैठाए सुनील सिंह चितरंजन महतो वीणा मुंडा रमेश मुंडा गोपाल सिंह मानकी अक्षय महतो गुणाधर सिंह मुंडा सुषेन प्रामाणिक धरनी देवी अनिता देवीएआदि मौजूद थे।



## कर्मचारियों पर अत्याचार को लेकर प्रबंधन को चेतावनी

**पिठोरिया।** आईआईसीएम में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता के नेतृत्व में आईआईसीएम मजदूर संघ कर्मचारियों के साथ हो रहे अत्याचारों की जानकारी लेते हुए आजसू पार्टी के कांके प्रखंड अध्यक्ष अमन लाल सहदेव एरांची जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी एरांची जिला प्रवक्ता सूरज मिशए प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज महतो ए प्रखंड कोषाध्यक्ष महमूद आलम और मजदूर संघ अध्यक्ष नूर आलम एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में आजसू पार्टी ने महसूस किया आईआईसीएम भारी मात्रा में मानव अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। और कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर कर्मचारियों को प्रताड़ित करने के कार्य किया जा रहे हैं। आजसू पार्टी ने इसके खिलाफ प्रबंधन को चेतावनी दी है कि आजसू पार्टी आईआईसीएम में प्रबंधन के सौतेला व्यवहार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

**एक नजर में**

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



**बुढ़मू।** चकमे में नवनिर्मित शिव मंदिर का तीन दिवसीय उद्घाटन समारोह का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से आंरभ होकर चकमे, आरा गांव होते हुए शिव मंदिर प्रांगण बुढ़मू पहुंची और समस्त देवी-देवता को निमंत्रित करते हुए नदी से जल लेकर मंदिर परिसर में आकर कलश यात्रा समाप्त हुई। गुरुवार को नवनिर्मित भवन में भगवान शिव का प्रवेश और रुद्राभिषेक, शुक्रवार को महाशिव पूजा, अखंड हरि किर्तन और हवन किया जाएगा। समस्त धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन में मनोज साहु, संतोष यादव, बबलू कुमार यादव, तपेश्वर मिश्रा, रंधीर मिश्रा, विकास मिश्रा, दिनेश यादव सहित समस्त ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं।

## शिविर में 86 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच



**इटकी।** यूनियन बैंक इटकी शाखा व हर्षित हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बैंक प्रांगण में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ आरके श्रीवास्तव व डॉ हिमांशु ने 86 लोगों की स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर में बीपी, शुगर सहित अन्य रोगों की जांच की गई और जरूरतमंदों के बीच मुफ़्त दवा का वितरण किया गया। शिविर में यूनियन बैंक इटकी के शाखा प्रबंधक दीपक उरांव, आमिर सोहेल, सुमन तिर्की, रूपेश, सुजीत सहित अन्य मौजूद थे।

## लपरा मुखिया पुतुल देवी सम्मानित



**खलारी।** लपरा पंचायत के मुखिया पुतुल देवी को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया हैण अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रांची में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विकास भारती के सचिव पद्मश्री डॉ अशोक भगत ने लपरा मुखिया पुतुल देवी को फूलो झानो दीदी सम्मान से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयाण मुखिया को उनके कार्य क्षेत्रए महिला नेतृत्व व उनके समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए यह सम्मान दिया गया है लपरा पंचायत के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। व्यक्त करने वालों में शेखर बोस जितेन्द्रनाथ पांडेय जितेंद्र भारती मनोज गिरि रामबिलास गोप मनोहर यादव मुखदेव गोप बासदेव ठाकुर सहित अन्य ने किया।

## बेड़ो : करकरी पंचायत भवन का हुआ उद्घाटन

**बेड़ो।** बीडीओ संग्राम मुर्मू के निर्देश पर नरकोपी स्थित थाना परिसर में बुधवार को करकरी पंचायत के लिए भवन का उद्घाटन पंचायत की मुखिया सरिता एक्का और पंचायत समिति सदस्य मकबूल अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पंचायत की मुखिया ने कहा कि पंचायत सचिवालय व्यवस्थित हो जाने से अब लोगों को काफी सुविधा होगी। पंस सदस्य मकबूल अंसारी ने बताया कि पंचायत भवन नहीं होने के कारण काफी दिनों से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

# इटकी के नौ पंचायतों के प्रभारियों का चयन

**आजसू ने शुरू किया लोस और विधानसभा चुनाव की तैयारी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी की इटकी पूर्वी पंचायत सचिवालय में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर इटकी प्रखंड प्रभारी आजम अंसारी ने इटकी प्रखंड के नौ पंचायत के प्रभारियों का चयन किया और उन्हें चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम ने चूल्हा परमुख, पिलर मेंबर और पंचायत प्रभारियों को आजसू पार्टी के नीति सिद्धांत को घर-घर पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जन समस्याओं के समाधान के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो कर ग्रामीणों के समस्याओं का निदान कराने में अहम भूमिका निभाने की बात कही। साथ ही आगामी ग्यारह मार्च को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो द्वारा रांची में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में चयनित पंचायत प्रभारियों व चूल्हा प्रमुखों को माला पहना कर स्वागत किया गया।

**इन्हें बनाया गया पंचायत प्रतिनिधि**

इटकी प्रखंड के पंचायतों में आजसू पार्टी ने अपना पंचायत प्रतिनिधि बनाया है। मो रेहान व जगमोहन महतो को इटकी पूर्वी पंचायत का प्रतिनिधि बनाया गया है। जबकि रवि साहू व मुर्तजा आलम को इटकी पश्चिमी, शोभा कुमारी व देवगन लकड़ा को कुल्ली पंचायत, मो सरफुल व दिनेश उरांव गढ़गांव पंचायत, राजा सिंह व पतरस केरकेट्टा चिनारो पुरियो पंचायत, मो आलम व दिनेश उरांव मल्टी पंचायत और मो साजिद व मो शमीम को कुर्गी पंचायत का प्रतिनिधि बनाया गया है।

# फिल्म फेस्टिवल में नागपुरी फिल्म स्कॉलरशिप का चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** नागपुरी शॉर्ट फिल्म स्कॉलरशिप का चयन बैंगलोर के टीन इंडी फिल्म अवाड्र्स के लिए हुआ हैद्यइस फिल्म का निर्देशन पिठोरिया रांची के अर्श इफ्तिखार ने किया हैद्य फिल्म का निर्माण पिठोरिया के नागपुरी संस्थान में आयोजित फिल्म वर्कशॉप के तहत नागपुरी फिल्मकार एनपीके पुरुषोतम की अगुवाई में किया गया था। ज्ञात हो कि टीन इंडी फिल्म अवाड्र्स बैंगलोर में हर साल विश्वभर के युवाओं की फिल्मों को पुरस्कार दिया जाता हैद्यइस फिल्म फेस्टिवल में नागपुरी फिल्म श्स्कॉलरशिपश बेस्ट फिल्म अवार्ड कैटेगरी में फ्रांसए इटली और मैक्सिको की चयनित फिल्मों के साथ मुकाबला करेगी। यह फिल्म एक गरीब आदिवासी बच्ची की कहानी बयां करती है जो हर रोज दुर्गम रास्तों से होते हुए स्कूल जाती है और उसकी ख्वाहिश है कि एक दिन वो नई साइकिल लेकर स्कूल जाए। यह फिल्म मूलतरू उस आदिवासी दर्शन पे आधारित है जिसमे स्वयं की चाह से ज्यादा सामाजिक जरूरतों का ख्याल रखा जाता हैद्य फिल्म की कहानी अंकिता केरकेट्टा और अर्श इफ्तिखार ने मिलकर लिखा है तथा इसे प्रोड्यूस फिल्मकार पुरुषोत्तम श्एनपीकेश ने किया है। टीन इंडी फिल्म अवाड्र्स फेस्टिवल आरवी यूनिवर्सिटी बैंगलोर में 14 से 17 मार्च तक चलेगाद्य इसमें फिल्म निर्देशक अर्श इफ्तिखार को बुलाया गया हैए उन्होंने कहा मेरी इस फिल्म को पहले भी कई फिल्म फेस्टिवल में चुना जा चुका है।



# भाजपा के सांसद प्रत्याशी ने ग्रामीणों से मांगा आशीर्वाद

**आदिवासी गीत-नृत्य से प्रत्याशी का हुआ भव्य स्वागत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग विधायक सह भाजपा हजारीबाग संसदीय क्षेत्र सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने किया पिपरवार क्षेत्र दौरा। इस दौरे के दौरान सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल एवं कई अतिथि का कारों गांव में भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा एवं अरुण उरांव के नेतृत्व में सैकड़ों आदिवासी महिला कार्यकताओं द्वारा उनका परंपरागत आदिवासी गीत एवं नृत्य प्रस्तुत का स्वागत किया गया। जिसके बाद उन्होंने कारो शिव मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर बचरा के लिए रवाना हुए बचरा पहुंचने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने भीमराव अंबेडकर एवं सरदार वल्लभभाई पटेल एवं कृष्णा महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बचरा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की जिसके बाद बीएमसी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ परीचात्मक बैठक की इसके बाद बचरा काली मंदिर में उन्हें पूजा अर्चना कर हजारीबाग के लिए रवाना हुए। इस मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा मंडल कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महतो मंडल महामंत्री संजय कुमार भोगता रीना देवी भाजपा जिला नेत्री रविन्द्र सिंह महिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो मोर्चा अध्यक्ष माधुरी देवी राधा देवी सांसद प्रतिनिधि टन्नू सिंह यूवा मोर्चा सायोजक रामलाल महतो मंडल उपाध्यक्ष करण महतो धीरेंद्र शर्मा अरूण उरांव राघवेंद्र सिंह विजय लाल महेश विश्वकर्मा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह हजारीबाग मीडिया प्रभारी जयनारायण महतो सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर महतो पूर्वी बीस सूत्री अध्यक्ष उपेंद्र सिंह केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव केरेडरी सांसद प्रतिनिधि बद्रीनारायण सिंह प्रदेश कार्यसमिति अनिल मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष बालगोविंद सोनी राजू सावसरिता टाना भगत सबिता शनिचरिया शीला ममता टाना भगतए मीना टाना भगत रूबी किरण सुषमा सावित्री बसंती विनीता लीलावती सुनीता शांति देवी मुनिया टाना भगत किरण टाना भगतसीमा देवी प्रतिमा कुमारी मानती कुमारी बबीता मैना कुमारी संजीव चंद्रा सैक्रो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# आधी आबादी के विकास के बिना विकसित नहीं होगा देश

**महिलाएं** राष्ट्र और समाज में पुरुषों जितनी ही सक्षम हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना हुनर दिखा रही हैं और समाज के विकास में योगदान दे रही हैं। हालांकि आज भी महिलाओं को पुरुषों के समान सम्मान और अवसर नहीं मिलते। इसकी एक वजह महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में पता न होना है। एक ही क्षेत्र में एक समान काम करने वाले पुरुष की आय महिला से अधिक होती है।

ऐसे ही कई अन्य मामलों में भी अधिकारों की जानकारी न होने से महिलाएं समान अवसर से दूर रह जाती हैं। महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिला दिवस के मौके पर दुनियाभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना, समाज में पुरुषों के बराबर सम्मान, कार्य के समान अवसर प्रदान करना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आने वाला है। आइए जानते हैं कि महिला दिवस कब है, महिला दिवस का इतिहास, महत्व और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 की थीम क्या है।




कब है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024?

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है। हर साल 8 मार्च को महिलाओं को सशक्त बनाने वाले इस दिन को विश्व स्तर पर मनाते हैं। इस दिन को मनाने की शुरूआत 1909 में हुई थी।

महिला दिवस का इतिहास

दरअसल, 1908 में अमेरिका में मजदूर आंदोलन हुआ था। इस मजदूर आंदोलन में करीब 15 हजार महिलाएं शामिल हुई, जो न्यूयॉर्क की सड़कों पर अपने अधिकारों की मांग करते हुए उतरी। कामकाजी महिलाओं की मांग थी कि उनकी नौकरी के घंटे कम किए जाएं और वेतनमान बढ़ाया जाए। इसके अलावा इस आंदोलन में महिलाओं को मतदान का अधिकार देने की भी मांग की गई। जब सरकार के कानों में कामकाजी महिलाओं की आंदोलन की आवाज पहुंची, तो एक साल बाद 1909 में अमेरिका की सोशलिस्ट पार्टी ने महिला दिवस मनाने का एलान किया।

8 मार्च को क्यों मनाते हैं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस?

महिला दिवस 8 मार्च को मनाने की एक खास वजह है। अमेरिका में कामकाजी महिलाओं ने 8 मार्च को अपने अधिकारों को लेकर आंदोलन करते हुए मार्च निकाला था। जिसके बाद सोशलिस्ट पार्टी ने इस दिन महिला दिवस मनाने का एलान किया। बाद में 1917 में पहले विश्व युद्ध के दौरान रूस की महिलाओं ने ब्रेड और पीस के लिए हड़ताल किया। बाद में सम्राट निकोलस ने अपना पद त्याग दिया और महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला। ये देख यूरोप की महिलाओं ने भी कुछ दिन बाद 8 मार्च को पीस ऐक्टिविस्ट्स का समर्थन करते हुए रैलियां निकाली। इस कारण 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरूआत हो गई। बाद में 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मान्यता दे दी।

महिला दिवस 2024 की थीम

साल 2023 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'एम्ब्रेस इक्विटी' रखी गई है। इसका अर्थ है लैंगिक समानता पर ध्यान देना। वहीं महिला दिवस 2022 की थीम 'जेंडर इक्वालिटी टुडे फॉर ए सस्टेनेबल टुमारो' था। इस थीम से आशय एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता से है।

# महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आकलन का दिन

**मनोज कुमार सिन्हा**

**(अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च पर विशेष)**

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण और गौरवशाली दिन है जो महिलाओं के सम्मान और समानता को समर्पित है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता को बढ़ावा देना है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक महत्वपूर्ण दिवस है। यह महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति को उनकी महत्वता और योगदान की प्रासंगिकता के साथ मनाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को समझाना, उनकी समस्याओं को उजागर करना और उन्हें समाज में समानता की दिशा में अग्रसर करना है।



भारत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। यह राजनीति, व्यवसाय, शिक्षा, विज्ञान और कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने का समय है। यह उन मुद्दों और चुनौतियों को उजागर करने का भी एक अवसर है जिनका भारतीय समाज में महिलाओं को सामना करना पड़ता है, जैसे कि लिंग आधारित हिंसा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक असमान पहुंच और सीमित आर्थिक अवसर।

भारत में कई संगठन और संस्थान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इनमें सेमिनार, पैनल चर्चा, कार्यशालाएं, सांस्कृतिक प्रदर्शन और महिलाओं की उपलब्धियों को उजागर करने वाली प्रदर्शनियां शामिल हो सकती हैं। महिलाओं के अधिकारों के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तियों और समूहों द्वारा सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों का उपयोग करना भी आम बात है।

भारत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का एक प्रमुख विषय सशक्तिकरण है। इसमें सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों के साथ-साथ उद्यमिता, कौशल विकास और वित्त और बाजारों तक पहुंच के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की पहल शामिल है। इसमें उन सामाजिक मानदंडों और दृष्टिकोणों को संबोधित करना भी शामिल है जो लैंगिक असमानता और भेदभाव को कायम रखते हैं।

भारत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू वकालत है। यह कार्यकताओं और अधिवक्ताओं के लिए नीतिगत बदलावों और कानूनी सुधारों पर जोर देने के लिए एक साथ आने का समय है जो लैंगिक समानता को बढ़ावा देते हैं और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करते हैं। इसमें लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ कानूनों की पैरवी करना, समान काम के लिए समान वेतन की वकालत करना और महिलाओं और लड़कियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा तक बेहतर पहुंच के लिए अभियान चलाना शामिल हो सकता है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने का एक और महत्वपूर्ण तरीका है महिलाओं को उनके अधिकारों की जागरूकता दिलाना। यह एक मौका है समाज को महिलाओं के अधिकारों की महत्वपूर्णता को समझने का।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है जो महिलाओं के सम्मान, समानता और उनके योगदान को समर्पित है। यह दिन महिलाओं के प्रति हमारी समझ और आदर को दशार्ता है और हमें समाज में उनके साथ न्यायपूर्ण व्यवहार करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है।

**स्त्री शक्ति का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

**महिला और समाज:**

महिलाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्हें समाज के हर क्षेत्र में समानता का अधिकार होना चाहिए। लेकिन अभी भी कई समाजों में महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है और उन्हें उनकी स्वतंत्रता से वंचित किया जाता है। इसलिए, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक माध्यम है जिसके माध्यम से हम समाज को समानता की ओर अग्रसर कर सकते हैं।

महिला और शिक्षाः

महिलाओं के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण माध्यम है जो उन्हें स्वतंत्र और सक्षम बनाता है। शिक्षा के माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों को समझती हैं और समाज में अपनी जगह बनाती हैं। इसलिए, महिलाओं को शिक्षित करना और उन्हें समाज में शामिल करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**महिला और रोजगार:**

महिलाओं के लिए उचित रोजगार के अभाव में, वे आर्थिक रूप से पिछड़ी होती हैं और उन्हें अपने आर्थिक स्वतंत्रता के लिए निर्भर रहना पड़ता है। महिलाओं को रोजगार के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण प्राप्त करने का समान अधिकार होना चाहिए।

इसके लिए सरकारों को महिलाओं के लिए उचित रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कड़ी कड़ी कोशिश करनी चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक महत्वपूर्ण दिवस है,जो महिलाओं की समस्याओं को उजागर करने और उन्हें समाज में समानता की दिशा में अग्रसर करने के लिए है। इस उत्सव को मनाकर हम महिलाओं के योगदान को समझते हैं और उन्हें समाज में उचित मान्यता और सम्मान प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर हमें यह सोचना चाहिए कि कैसे हम समाज में महिलाओं के अधिकारों को समझाने और समर्थन करने में सक्षम हैं।

# दिव्यांग बच्चों ने किया श्री भोला मिष्ठान के चौथे आउटलेट का शुभारंभ







**दिव्यांग बच्चों** ने किया श्री भोला मिष्ठान के चौथे आउटलेट का उद्घाटन, मिठाईयों के साथ रेस्ट्रो में फूड वैरायटी की बड़ी रेंज

राजधानी के पिस्का मोड़ में बुधवार को श्री भोला मिष्ठान भंडार के नए आउटलेट की शुरूआत की गई. बिजुपाड़ा के अमर ज्योति संस्था के दिव्यांग बच्चों ने इसका उद्घाटन किया. जहां बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया. इसके बाद बच्चों ने फीता काटकर आउटलेट का उद्घाटन किया. ये बच्चे विशिष्ट अतिथि के रूप में आए थे. बच्चों ने रेस्टोरेंट में तरह तरह के व्यंजनों, मिठाई, आइस क्रीम का लुत्फ उठाया और खुश हुए. आउटलेट में मिठाईयों की बड़ी रेंज रखी गई है. ओनर संजय और जीएम कमल तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि फैक्ट्री हेड अंशुमन को जिम्मेवारी सौंपी गई है. जो सभी आउटलेट पर प्रोडेक्शन से लेकर क्वालिटी का ध्यान रख रहे है. यहीं वजह है कि हम रांची के लोगों को क्वालिटी प्रोडक्ट दे पा रहे है. हमारी मिठाईयों में किसी भी तरह की मिलावट नहीं होती. शुद्ध दूध से मिठाइयां बनाई जाती है. चाहे खोया की मिठाई हो या फिर छेना की. काजू की 18 तरह की मिठाईयां हमारे पास अवेलेवल है. नई मिठाईयों को लेकर हमेशा तत्पर रहते है. घी वाले मोतीचूर लड्डू स्पेशल है और काजू बर्फी परफेक्ट है. जीएम कमल ने बताया कि मिठाईयों के अलावा हमारा रेस्टोरेंट भी है. जिसमें अलग-अलग वैरायटी के फूड आइटम्स उपलब्ध है.

मॉकटेल, कांटिनेंटल, चाइनीज, साउथ इंडियन, नॉर्थ इंडियन, तंदूर की कंप्लीट रेंज है. जीएम ने बताया कि 1990 बिजुपाड़ा में हमारा पहला आउटलेट खोला गया. एमडी संजय जी के पिता भोलाजी ने जहां पर हमारी मिठाईयों की बड़ी रेंज उपलब्ध थी. शेल्टर मॉल में हमलोगों ने दूसरा आउटलेट खोला. डंगराटोली में तीसरा आउटलेट भी खोला. जिससे कि हमारे ग्राहकों को ज्यादा दूर जाने की जरूरत न पड़े. इसके बाद हमलोगों ने पिस्का मोड़ का आउटलेट खोला है. हमारा अपना डेयरी है इसलिए प्रोडक्ट में मिलावट की कोई संभावना ही नहीं है. हम दूध की भी बिक्री करते है. फेस्टिव सीजन में हमारी मिठाईयों की बड़ी डिमांड है.यूको बैंक में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

***महिलाओं का समुचित सम्मान, सभ्य समाज की पहचान : वंदना टेटे**




राजधानी के मेन रोड (पीपी कंपाउंड लेन) स्थित यूको बैंक की शाखा में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंककर्मियों की ओर से प्रख्यात कवियत्री वंदना टेटे को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया था।

श्रीमती टेटे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में देश में सरकारी और गैर सरकारी संगठनों की ओर से उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। यह सराहनीय व स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय सहभागिता के बिना सर्वांगीण विकास की बातें बेमानी है। श्रीमती टेटे ने कहा कि महिलाओं का समुचित सम्मान सभ्य समाज की पहचान है।

इस अवसर पर यूको बैंक के जोनल हेड विक्रांत टंडन, डिप्टी जोनल हेड अंजू सिन्हा, मुख्य प्रबंधक श्रीकांत सिंह, नरेंद्र कुमार मिश्रा सहित यूको बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय व मेन रोड शाखा की महिला कर्मी मौजूद थीं।

# आखिर कौन करता है नौकरीपेशा महिलाओं को परेशान?

**आर.के. सिन्हा**

**अब** सामाजिक, व्यापारिक, संस्थागत जीवन का शायद ही कोई इस तरह का क्षेत्र बचा हो, जिधर महिलाएं नौकरी के लिए न जाती हों। खेत-खलिहानों, बैंकों,सरकारी और निजी दफ्तरों से लेकर घरों में चूल्हा-चौका करके अपने परिवार की आर्थिक मदद करने में आधी आबादी किसी भी तरह मर्दों से पीछे नहीं है। कहा जा सकता है कि अब देश में करोड़ों महिलाएं कार्यशील हैं। देश में बढ़ती साक्षरता के चलते नौकरीपेशा औरतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जाहिर है, उन्हें घरों से निकलकर अपने दफ्तर और फैक्ट्रियों में तो जाना होता ही है। आपको हजारों औरतें विभिन्न संस्थानों में नाइट ड्यूटी करते मिलेंगी। पर अपने दफ्तर या फिर स्कूल-कालेज जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को कुछ विक्षिप्त मानसिकता के लोग परेशान करते रहते हैं। वे उनके (महिलाओं) के पीछे पड़ जाते हैं। उन्हें वे तरह-तरह से परेशान करते हैं। इस हरकत को अंग्रेजी में कहते हैं स्टॉकिंग।

दिल्ली पुलिस ने हाल ही में इस तरह के शख्स को पकड़ा जो एक कार्यशील महिला का लगातार पीछा कर रहा था। यह तो सिर्फ एक उदाहरण मात्र है। इस तरह के तमाम केस पुलिस के सामने आते रहते हैं। किसी महिला का पीछा करना यौन उत्पीड़न का एक गंभीर रूप है और भविष्य में होने वाली किसी गंभीर घटना की पहली चेतावनी भी है। बेशक, मोटी चमड़ी वाले दुष्ट अपराधी होते हैं। सख्ती से मना करने के बाद भी वे बेशर्मी से महिला का पीछा करते रहते हैं। महिला के उन्हें अस्वीकार करने के बाद भी वे बाज नहीं आते। वे अपनी हरकतों को जारी रखते हैं।

बेशक, स्टॉकिंग एक गंभीर अपराध है। इस अपराध से दो-चार होने वाली लड़कियों/महिलाओं को तुरंत पुलिस में शिकायत करनी चाहिए। यदि वे आगे आकर शिकायत नहीं करेंगी, तो उनका पीछा करने वालों को गलतफहमी होने लगेगी कि वे सचमुच में बहुत ताकतवर हैं। उन्हें लगेगा कि वह जो चाहे कर सकते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि जब किसी महिला को अपने पीछे पड़े हुए व्यक्ति से दो-चार होना पड़ता है तो वह बुरी तरह से मनोवैज्ञानिक रूप से टूटने लगती है। यह अपने आप में घोर उत्पीड़न है और इससे कम कुछ नहीं। लड़कियाँ पीछा करने वाले से लगातार भयभीत रहती हैं।

याद रख लें कि किसी भी समाज के चरित्र को जानने के लिए आपको यह देख लेना काफी होगा कि वहां पर कितनी महिलाएं कार्यशील हैं। जिस समाज में जितनी अधिक औरतें कार्यशील होंगी वह समाज उतना ही प्रगतिशील माना जाएगा। इसलिए कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा देना समाज और सरकार का पहला दायित्व है। अब नौकरियां सुबह दस से शाम पांच बजे तक की बहुत कम रह गई हैं। अब तो दिन-रात दफ्तर चलते हैं। भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नौकरियों की



पीड़िता को चुपचाप सहने के बजाय आगे आना चाहिए और अपने साथ हो रहे अपराध की रिपोर्ट पुलिस को करनी चाहिए ताकि इसे शुरू में ही खत्म किया जा सके।

एक बात समझ लें कि किसी सिरफिरे का किसी महिला का पीछा करना प्रारंभिक चरण है। उसका अंतिम इरादा महिला के साथ छेड़छाड़ या बलात्कार ही हो सकता है। राजधानी दिल्ली के न्यू सीमापुरी इलाके में हजारों मेहनतकश लोग छोटे-छोटे घरों में रहते हैं। यहां अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा जैसे राज्यो से आए लोगों के साथ अनेकों बांग्लादेशी हैं। अब बांग्लादेशियों के पास वैसे तो अवैध आधार कार्ड वगैरह सबकुछ है। यहां रहने वाली बहुत सारी महिलाएं अपने इलाके में चलने वाली ह्यमहिला पंचा?तह्ल में अपने साथ घरों में होने वाले उत्पीड़न से लेकर घरों के बाहर उनका पीछा करने वालों की शिकायत करने के लिए आती हैं। आगे बढ़ने से पहले बता दें कि इस महिला पंचायत में पीड़ित महिलाओं को उनके कानूनी हकों के बारे में पंचायत में काम करने वाली काउंसलर विस्तार से जानकारी देती हैं और उनकी समस्या का समाधान खोजती हैं।

इस महिला पंचायत, जिसका संबंध दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से है, उसके प्रबंधक फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि कार्यशील औरतों के पीछे पड़ने के मामले बहुत तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। किसी महिला का पीछा करने वाले शख्स पीड़ित महिला को फोन पर अश्लील मैसेज भी भेजते रहते हैं। वह दिनभर और देर रात तक उसे फोन करके परेशान करते हैं। महिला के घर से निकलने पर वह उसे छूने या बात करने की चेष्टा करते हैं। इस कारण से बहुत सारी औरतें नौकरी छोड़ने तक के बारे में सोचने लगती हैं। अनेकों किशोरियां डर के मारे पढ़ाई भी छोड़ देती हैं। दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज के बाद अब हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल स्थापित करने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए फादर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि जो लोग स्टॉकिंग में शामिल होते हैं, वे बहुत

बहार आने के बाद हम देख रहे हैं कि बड़ी संख्या में नौकरियां रात के समय की ही होती हैं। इन परिस्थितियों में कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा तो देनी ही होगी। यह देखना होगा कि उनका दफ्तर के भीतर किसी तरह से यौन उत्पीड़न न हो। उन्हें कोई फोन करके परेशान न करता हो या फिर उनका कोई पीछा न करता हो।

इसमें कोई शक नहीं है कि किसी भी देश और समाज की पहचान इस बात से ही होती है कि वहां पर महिलाएं कितनी आर्थिक रूप से स्वावलंबी हैं। वे स्वावलंबी तो तब ही होंगी जब उन्हें सही ढंग से शिक्षित किया जाएगा और उन्हें रोजगार में पर्याप्त अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, उन्हें कार्यस्थल पर बेहतर माहौल और अपने पुरुष साथियों के बराबर वेतन भी मिलेगा। बेशक, जिन दफ्तरों में महिलाएं मुलाजिम होती हैं वहां पर माहौल कुल मिलाकर सकारात्मक ही रहता है। इसलिए किसी दफ्तर का समावेशी होना बहुत जरूरी है। हां, उस वातावरण को कुछ गटर मानसिकता वाले लोग खराब अवश्य करने की कोशिश करते हैं।

चूंकि अब विश्व महिला दिवस (8 मार्च) को आने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं, इसलिए सारी बहस कार्यशील औरतों तक सिमट कर



नहीं रह जानी चाहिए। अब भी अनेक औरतों को घरों में अपने ही पतियों के जुल्म-ओ-सितम का शिकार होना पड़ता है। महिला पंचायत में आने वाली औरतों में उन बेबस महिलाओं की संख्या भी खासी रहती है, जो घरेलू हिंसा का लगातार शिकार होती हैं। जब देश में औरतों को उनके वाजिब हक दिलवाने की मांग हो तो उन असहाय औरतों को नजरअंदाज न कर दिया जाए जो दिन-रात अपने घरों में काम करने के बाद भी अपने जालिम पतियों के वहशीपन का शिकार होती रहती हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# धर्मशाला टेस्ट में धमाल मचाने को तैयार रोहित सेना



## बारिश कर सकती है खेल खराब

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पांचवें टेस्ट में एक बार फिर स्पिनरों का बोलबाला देखने को मिल सकता है। दरअसल, धर्मशाला में फिलहाल मौसम की हालत खराब है। अगले कुछ दिनों तक वहां बारिश हो सकती है और मैच में खलल पड़ सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी से बचने और मैच को जल्दी खत्म करने के लिए पिच को स्लो टर्नर बनाया जा सकता है। इतना ही नहीं बेमौसम बरसात की वजह से क्यूरेटर को पिच पर ज्यादा काम करने का मौका नहीं मिला। क्यूरेटर के भारतीय टीम मैनेजमेंट के साथ चर्चा करने की उम्मीद है और वह इस बात पर चर्चा करेंगे कि अंततः तैयार की गई पिच किस प्रकार की होगी। धर्मशाला में अब तक एकमात्र टेस्ट में कुल 30 विकेट गिरे थे। इनमें से तेज गेंदबाजों ने 12 विकेट और स्पिनरों ने 18 विकेट लिए थे। ऐसे में इस बार भी स्पिनर्स को मदद मिल सकती है। वहीं, टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह की वापसी से भी फायदा मिल सकता है। उन्हें रांची में चौथे टेस्ट से आराम दिया गया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि रांची में जबरदस्त डेब्यू करने वाले आकाश दीप को मौका मिलता है या फिर टीम मैनेजमेंट मोहम्मद सिराज पर ही भरोसा जताते हैं। रविचंद्रन अश्विन का यह 100वां टेस्ट मैच होगा और वह इस मौके को खास बनाना चाहेंगे।

## स्पिनरों का बोलबाला देखने को मिल सकता है

समयः सुबह 09:30 बजे से।



### यशस्वी नजर सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड पर

टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी नेट्स में जमकर प्रैक्टिस की। यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में धमाल मचा रहे हैं। यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेले गए चार टेस्ट मैचों में दो दोहरा शतक और दो फिफ्टी लगा चुके हैं। टीम इंडिया के इस युवा ओपनर बल्लेबाज ने 8 पारियों में कुल 655 रन बनाए हैं। ऐसे में अब उनकी नजर सुनील गावस्कर के एक सीरीज में सबसे अधिक 774 रन बनाने के रिकॉर्ड को भेदने पर होगी।

### धर्मशाला में सिर्फ एक टेस्ट खेला गया

रिपोर्ट के मुताबिक, इंग्लैंड को स्लो टर्निंग विकेट की वजह से एक बार फिर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। धर्मशाला में अब तक एक ही टेस्ट मैच खेला गया है। साल 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए इस मुकाबले में जीत टीम इंडिया के हाथ लगी थी। इस मैदान पर पहली पारी में एवरेज स्कोर 300 का रहा है, जबकि दूसरी पारी में औसतन स्कोर 332 रन का रहा है। तीसरी पारी में औसतन स्कोर 137 का है, तो चौथी पारी में औसतन स्कोर 106 का है।

### 5वें टेस्ट से पहले बोले बेन स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का ध्यान महत्वपूर्ण आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों पर है, भले ही वह श्रृंखला हार गए हों। मैच से पहले स्टोक्स ने कहा, ठीक है, जब भी हम खेलते हैं तो ऐसा ही होता है। हम इस सप्ताह जीतना चाहते हैं। इंग्लैंड के लिए, आत्मसंतुष्टता कोई विकल्प नहीं है क्योंकि वे अपने खेल को अगले स्तर तक ले जाने की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं, कई अवसरों के चूकने के बाद जो उन्हें उल्लेखनीय संघर्ष के बावजूद घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला जीतने नहीं दे सके और भारत के खिलाफ यहां एशियाई दिग्गजों को चार मैचों के दौरान काफी सिरदर्द मिला।





**धर्मशाला में चलेगा कुलदीप का जादू :** स्पिनर कुलदीप यादव भी धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। कुलदीप ने पिछली बार 2017 में धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट झटके थे। ऐसे में अब इंग्लैंड के खिलाफ भी उम्मीद है कि कुलदीप यादव अपनी फिरकी का जादू चलाएंगे।

**देवदत्त पडिक्कल कर सकते हैं डेब्यू:** इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट मैच में बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का मौका मिल सकता है। देवदत्त पडिक्कल घरेलू क्रिकेट में दमदार खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें टीम इंडिया के स्क्वाड में शामिल किया गया। देवदत्त पडिक्कल को रजत पाटीदार की जगह मौका मिल सकता है।

एजेंसी

**धर्मशाला।** भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले की शुरूआत हो रही है। यह मैच धर्मशाला में खेला जाएगा। टीम इंडिया फिलहाल सीरीज में 3-1 से आगे है और पांचवां टेस्ट जीतकर इंग्लैंड को करारी शिकस्त देने की फिराक में है। हालांकि, इस पूरे सीरीज में पिच को लेकर काफी बातें हुईं। जब इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला टेस्ट जीता था तो वहां के पूर्व क्रिकेटरों ने स्पिन पिच को लेकर भारत पर तंज कसा था। इसके बाद भारतीय टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए बिना ज्यादा स्पिन वाली पिचों पर भी इंग्लैंड को शिकस्त दी और 3-1 से सीरीज में अजेय बढ़त बनाई। अब इस बात को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता है कि धर्मशाला की पिच कैसी होगी। देखा गया है कि धर्मशाला में तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में यह बातें सामने आ रही हैं कि इस मैच के लिए टर्निंग विकेट तैयार की गई है। इंग्लिश बल्लेबाजों को एक बार फिर स्लो टर्निंग विकेट का सामना करना पड़ सकता है।

# विदर्भ ने मध्य प्रदेश को 62 रनों से हराया चैंपियन मुंबई से होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी

**नागपुर।** आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने बुधवार को यहां मध्य प्रदेश के पुछल्ले बल्लेबाजों को पस्त करते हुए विदर्भ ने 62 रनों से जीत दर्ज कर रणजी ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब विदर्भ का सामना खिताब के लिए 41 बार की चैंपियन मुंबई से होगा जो 10 मार्च से होगा। मध्य प्रदेश चौथे दिन स्टंप्स तक 228/6 पर नाजुक स्थिति में था, उसे जीत के लिए 93 रन और चाहिए थे, लेकिन अंतिम दिन के पहले सत्र में विदर्भ को जीत दिलाने के लिए आदित्य और यश की जोड़ी ने आक्रामक गेंदबाजी के सामने घुटने टेक दिए। मध्य प्रदेश अंततः



81.3 ओवर में 258 रन पर ढेर हो गई और प्रमुख घरेलू टूनार्मेंट में तीसरी बार फाइनल में प्रवेश करने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं। रणजी फाइनल में विदर्भ की यह तीसरी प्रविष्टि है और दोनों ही मौकों पर उन्होंने क्रमशः दिल्ली (2017-18) और सौराष्ट्र (2018-19) को हराकर खिताब जीता है। जीत के लिए 321 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 2021-22 रणजी चैंपियन मध्य प्रदेश छह विकेट खोने के बावजूद मैच में बना हुआ था, लेकिन अंतिम दिन आदित्य और यश लय में थे, विकेट की सुबह की ताजगी से उन्हें मदद मिल रही थी जिससे वह पर्याप्त उछाल और गति प्राप्त कर सकें। बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय शून्य पर आउट हुए जिन्हें केवल चार गेंदों का सामना करने के बाद ठाकरे ने क्लीन बोल्ड कर दिया। अनुभव अग्रवाल को ठाकरे ने शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया जिससे एमपी 8 विकेट पर 234 रन पर लड़खड़ा गया और तीसरी बार रणजी फाइनल में जगह बनाने की उनकी संभावनाएं लगभग समाप्त हो गईं। सारांश जैन ने पारी को जीवित रखने की कोशिश की, लेकिन अपने 16 रन के स्कोर में आज सिर्फ 9 रन जोड़ सके। इससे पहले यश ठाकुर ने विदर्भ खेमे में और अधिक खुशी लाने के लिए अपने स्टंप उड़ा दिए। अक्षय वाडकर की अगुवाई वाली टीम में जश्न का संकेत देने के लिए कुलवंत खेजरोलिया भी सस्ते में आउट हो गए।

# गुजरात ने को 19 रनों से हराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग 2024 के तहत गुजरात जायंट्स ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 19 रन से हरा दिया। गुजरात ने पहले खेलते हुए ओपनर लौरा वोल्वार्ड्ट और बेथ मूनी के तेजतर्रार अर्धशतक की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 199 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी बेंगलुरु की ओर से सिर्फ जॉर्जिया का सहारा मिला। स्मृति 24, एलिसा पेरी 24, सोफिया डिवाइन 23 बड़ी पारियां नहीं खेल पाई जिस कारण उनकी टीम को हार झेलनी पड़ी। आरसीबी की यह लीग में तीसरी हार है। वह अभी भी अंक तालिका में दूसरे नंबर पर काबिज है।



**गुजरात : 199/5 (20 ओवर)**

गुजरात की शुरूआत अच्छी रही थी। ओपनर लौरा वोल्वाड्र्ट और बेथ मूनी ने बेंगलुरु की गेंदबाजों की खूब खबर ली और मजकर चौके बरसाए। लौरा ने 45 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से 76 रन बनाए जबकि बूथ मूनी भी अर्धशतक पूरा करने में सफल रही। फोएबे लिचफील्ड ने 17 गेंदों पर 18 रन बनाए। इसके बाद गुजरात को तेजी से झटके लगे। एशले गार्डनर पहली ही गेंद पर आऊट हो गई जबकि दयालन हेमलता ने सिर्फ 1 रन बनाया। बूथ मूनी ने एक छोर संभाला और स्कोर 199 तक ले गई। बेथ मूनी ने 51 गेंदों पर 12 चौके और एक छक्के की मदद से 85 रन बनाए।

**बेंगलुरु : 180/8 (20 ओवर)**

बेंगलुरु की शुरूआत खराब रही। मेघाना 13 गेंदों पर 4 ही रन बना पाई लेकिन कप्तान स्मृति मंधाना ने 16 गेंदों पर 24 रन बनाकर स्कोर आगे बढ़ाया। एलिसा पेरी ने 23 गेंदों पर 24 तो सोफिया डिवाइन ने 16 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए मध्यक्रम में ऋचा घोष ने 21 गेंदों पर 30 तो जॉर्जिया वेरहेम ने 22 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 48 रन बनाए लेकिन 2 रन आऊट होने के कारण उनकी टीम लक्ष्य से दूर रह गई। एकता बिष्ठ ने भी 5 गेंदों पर 12 रन बनाए। गुजरात की ओर से गेंदबाजी करते हुए एशले गार्डनर ने 23 रन देकर 2 विकेट लीं। इसी तरह कैथरीन ने 26 रन देकर 1 तो तनुजा कंवर ने 43 रन देकर एक विकेट लिया।

## एम्बाप्पे के दो गोलों से पीएसजी चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में

**मैड्रिड।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने मंगलवार देर रात किलियन एम्बाप्पे के दो गोल की बदौलत रियल सोसिदाद को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इससे पहले अंतिम 16 के पहले लेग में पीएसजी ने रियल सोसिदाद को 2-0 से हराया था और अब इस जीत के साथ फ्रांसीसी टीम कुल स्कोर 4-1 के साथ अंतिम 8 में पहुंची। इस मैच में पीएसजी ने तेज शुरूआत की और एम्बाप्पे ने मैच के 15वें मिनट में ही गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर तक पीएसजी ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। मध्यांतर के बाद मैच के 56वें मिनट में एम्बाप्पे ने एक और बेहतरीन गोल कर पीएसजी को 2-0 से आगे कर दिया। मैच के अंतिम मिनटों में मिकेल मेरिनो ने गोल कर रियल सोसिदाद का खाता खोला और स्कोर 2-1 हो गया, अंतिम सीटी बजने तक यही स्कोर रहा और पीएसजी ने मैच 2-1 से जीत लिया।

## गौरिका ने छह अंडर का कार्ड खेला लेकिन अमनदीप शीर्ष पर बरकरार

**गुरूग्राम।** गौरिका बिश्नोई हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 5वें चरण के दूसरे दौर में बुधवार को यहां छह अंडर 66 का कार्ड खेलने के बाद तालिका में शीर्ष पर काबिज अमनदीप द्राल से दूरी को पाटने में सफल रही। गौरिका ने इस दौरान आखिरी नौ होल में पांच बर्डी लगाई। पहले दौर में उन्होंने दो अंडर 70 का कार्ड खेला था जिससे दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर 8 अंडर 136 है। पहले दौर में दो ईगल लगाने वाली अमनदीप दूसरे दौर में भी एक ईगल लगाने में सफल रही।

# निशांत की ओलंपिक क्वालीफायर में जीत से शुरूआत, शिव थापा हारे

एजेंसी

**बस्तो अर्सिजियो (इटली)।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ने बुधवार को यहां ब्रिटेन के मुक्केबाज लुईस रिचर्डसन के खिलाफ 3-1 की रोमांचक जीत दर्ज करके पहले ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की, लेकिन अनुभवी शिव थापा को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में निशांत ने राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता रिचर्डसन के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया और पहले राउंड में 4-1 से जीत दर्ज की। यह 23 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज दूसरे राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह हावी हो गया और उन्होंने अपने दाहिने हाथ से कुछ जोरदार मुक्के जमाए। निशांत ने इस राउंड को 5-0 से जीता। निशांत ने तीसरे राउंड में अपनी बढ़त को बरकरार रखने के लिए रक्षात्मक रवैया अपनाया तथा आखिर में विभाजित फैसले से जीत हासिल की। एशियाई चैंपियनशिप में छह बार के पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन रुस्लान अब्दुल्लाव से हार गए। रुस्लान ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया। उन्होंने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाकर भारतीय मुक्केबाज को रक्षात्मक होने के लिए मजबूर कर दिया। शिव थापा की यह रणनीति हालांकि ज्यादा देर तक नहीं चली क्योंकि रुस्लान ने आक्रमण जारी रखा था। रेफरी ने पहले राउंड में ही मुकाबला रोककर उज्बेकिस्तान के मुक्केबाज को विजेता घोषित कर दिया।

# आइसीसी टेस्ट रैंकिंग: यशस्वी ने टॉप 10 में बनायी जगह

एजेंसी

**दुबई।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर बुधवार को अपने करियर में पहली बार टेस्ट बल्लेबाजों की आइसीसी रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए। वर्ष 2023 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जायसवाल 727 रेटिंग अंक के साथ दो स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ बल्ले से जबरदस्त फॉर्म में चल रहे जायसवाल ने एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले बाएं हाथ के एकमात्र बल्लेबाज हैं। 22 साल के जायसवाल सुनील गावस्कर, दिलीप सरदेसाई, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के साथ टेस्ट श्रृंखला में 600 रन का आंकड़ा पार करने वाले केवल पांचवें भारतीय हैं। भारतीय कप्तान को दो स्थान का फायदा हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की पूरी श्रृंखला से बाहर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। रांची में चौथे टेस्ट में शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में विफल रहे मार्नस लाबुशेन पांच स्थान के नुकसान से 13वें स्थान पर खिसक गए। गेंदबाजों में भारत के रविंद्र जडेजा एक स्थान फिसलकर सातवें स्थान पर हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर 172 रन की जीत के बाद जोश हेजलवुड और नाथन लियोन दोनों रैंकिंग में ऊपर चढ़कर क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर हैं।

# राष्ट्रीय चैंपियनशिप महत्वपूर्ण घरेलू टूर्नामेंट: दिलीप टिर्की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सभी की निगाहें आगामी 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 पुणे पर होंगी, जहां भारत के शीर्ष हॉकी खिलाड़ी और उभरते सितारे अपनी-अपनी राज्य टीमों का प्रतिनिधित्व करते हुए सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। हॉकी इंडिया के चयनकर्ता आगामी राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए मुख्य संभावित खिलाड़ियों को चुनने के लिए यहां खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर करीब से नजर रखेंगे। अब ध्यान 2026 में एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप की योग्यता को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों का एक मजबूत पूल बनाने पर होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक बहुत ही महत्वपूर्ण घरेलू टूनार्मेंट है, जहां हमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नई प्रतिभाएं उभरती हुई देखने को मिलेंगी। इस साल 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हमारी भागीदारी होगी, जिसमें भारतीय टीम के सदस्य अपने संबंधित राज्यों का



प्रतिनिधित्व करेंगे। हॉकी इंडिया के चयनकर्ता सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर बारीकी से नजर रखेंगे और उनकी सिफारिश के आधार पर एक नए कोर ग्रुप का चयन किया जाएगा। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा भारतीय टीम के खिलाड़ियों के लिए भी, 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में अच्छा प्रदर्शन कोर ग्रुप में अपनी जगह बनाए रखने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा, कोई भी खिलाड़ी कोर ग्रुप में अपनी जगह पक्की नहीं कर सकता। हर किसी को जगह बनाने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से प्रदर्शन करना होगा। हमें अब 2026 में एफआइएच महिला विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन बनाने और लॉस एंजिल्स ओलंपिक की ओर बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। भारत में काफी प्रतिभा है, राष्ट्रीय चैंपियनशिप नई प्रतिभाओं की पहचान करने का एक महत्वपूर्ण मंच है और हमें उन्हें सामने लाने के लिए घरेलू ढांचे को और मजबूत करने की जरूरत है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, हम घरेलू कैलेंडर में कुछ नए टूनार्मेंट शुरू करने पर विचार कर रहे हैं, खासकर महिला हॉकी के विकास के लिए। हमारे पास पहले से ही एक पुनर्गठित राष्ट्रीय चैंपियनशिप है, लेकिन हम महिलाओं के लिए एक घरेलू लीग शुरू करने पर भी काम कर रहे हैं जो महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय कार्यक्रम में अपनी जगह बनाने का अवसर दे सकती है। अब समय आ गया है कि पुनर्निर्माण किया जाए और भविष्य में निवेश पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

## पेरिस ओलंपिक: भारतीय पुरुष हॉकी टीम 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी

**लुसाने।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पहले मुकाबले में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक की हॉकी स्पर्धा का कार्यक्रम जारी किया गया। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को पूल बी में रखा गया है। भारतीय टीम 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ने के बाद 29 जुलाई को अर्जेन्टीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को बेल्जियम और दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।पूल ए में नीदरलैंड, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका को जगह मिली है। क्वार्टर फाइनल 4 अगस्त को जबकि सेमीफाइनल छह अगस्त को खेला जाएगा। कांस्य पदक का प्ले ऑफ और फाइनल 8 अगस्त को होगा। कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख थॉमस बाक और अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम मौजूद थे। मुकाबले कोलोंबेस के युवेस-डु-मेनोइर स्टेडियम में खेले जाएंगे। बेल्जियम पुरुष वर्ग में गत चैंपियन है।

## स्पीड न्यूज

### एड्स को ले जागरूकता अभियान



**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिला नेटवर्क फोर पिपुल लिविंग विथ एचआईवी एड्स संस्था द्वारा, एनटीपीसी, पकरी बरवाडीह और उपायुक्त हजारीबाग के सहयोग से बिष्णुगढ़ के बनासो बाजार में एचआईवी/ एड्स जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया । हजारीबाग जिला नेटवर्क संस्था के सचिव के द्वारा यहां प्रण लिया गया कि पूरे झारखण्ड से एचआईवी एड्स को खत्म करना है। जिला में लगभग 8500 एचआईवी संक्रमित वक्तियों को सेवा प्रदान कर रहे हैं। विष्णुगढ़ में इसकी संख्या लगभग 1200 के के पास पहुंच गयी है। लोग बाहर काम करने के लिए जाते हैं और जाने अनजाने में इस बीमारी का शिकार हो जा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सचिव बहादुर यादव, अध्यक्ष रामजीत यादव, उपाध्यक्ष सरयू यादव बसंत कुमार, अंकित राज शामिल थे ।

### दारू बीडीओ ने पदभार ग्रहण किया

**दारू।** दारु प्रखंड में नये प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में हारून रशीद ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व बीडीओ मनीष कुमार ने पदभार दिया। मनीष कुमार ने नए बीडीओ को बुके देकर स्वागत किया। उसके उपरांत प्रखंड कर्मियों ने बीडीओ का स्वागत करते हुए शिष्टाचार मुलाकात किया। प्रखंड की जनता ने उम्मीद जतायी कि नए बीडीओ के नेतृत्व में प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों में तेजी आएगी। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी कि प्रखंड में विकास कार्य में तेजी लाने का प्रयासरत रहूँ। इस मौके पर सभी प्रखंड कर्मी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शफीक खान बने दारु थाना प्रभारी

**दारु।** मोहम्मद शफीक खान को दारु थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी सह दारु थाना प्रभारी अपने दो माह का प्रशिक्षण अवधि पुरा हो गया जिसके बाद बुधवार को उन्होंने थाना प्रभारी का विधिवत प्रभार ग्रहण कर लिया। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर शांति कायम रखना उनका मुख्य उद्देश्य होगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी । जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को बधाई देते हुए कहा कि नये प्रभारी युवा और तेज तर्रार है उन्हे उम्मीद है की उनके कार्यकाल मे क्षेत्र मे शांति कायम रहेगी और लगातार हो रही चोरी व अन्य घटना में कमी आएगी।

### अवैध बालू से लदा ट्रैक्टर जब्त

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के भराजो गांव में एक सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। मनीषकांत कुमार पिता भुनेश्वर महतो ने टाटीझरिया थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देते हुए कहा कि सुजीत कुमार दिलीप प्रसाद दोनो के पिता दिनेश्वर महतो पर आरोप लगाते हुए कहा है कि अवैध बालू से लदा ट्रैक्टर वाहन संख्या-जेएच 13 सी 5810 के मालिको से जब हमलोगो ने 6 मार्च बुधवार को सुबह 8 बजे पूछ ताछ किया की अवैध बालू का उठाव तो प्रशासन द्वारा रोक लगाई गई है तो आप प्रशासन को जानकारी देकर बालू की तस्करी कर रहे है। इतनी बात हमने बोला था कि दोनो भाईयो ने हमको पिस्तौल दिखाकर धारदार हथियार चाकू से हमारे गर्दन पर जानलेवा हमला किया। पुलिस प्रशासन की गस्तीदल ने धारदार चाकू को बरामद किया। मनीषकांत ने आवेदन में यह भी लिखा है कि दोनो भाई गांव के गरीब परिवार के द्वारा अपने निजी छोटे काम करने वाले लोगो से डरा धमकाकर लेवी की मांग करते है।

### सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला संपन्न



**बड़कागांव।** एनटीपीसी खनन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र ने एक व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन किया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर शिक्षित करना, सड़कों पर जिम्मेदार व्यवहार के महत्व पर जोर देना और दुर्घटनाओं को कम करना है। कार्यशाला में बड़कागांव के थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। मौके पर सड़क पर जीवन की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों और नियमों पर प्रकाश डालते हुए कई बातें कही। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा शिक्षा को प्राथमिकता देने और युवाओं के बीच जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी मैती द्वारा की गई पहल की सराहना की। एनटीपीसी मैती के प्रिंसिपल मिथलेश उपाध्याय ने कहा, हमें इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के लिए इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह के साथ सहयोग करके खुशी हो रही है। कार्यशाला का समापन एक प्रतिज्ञा समारोह के साथ हुआ।

### कुजू में अन्नपूर्णा देवी का स्वागत



**कुजू।** भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में दिगवार में केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी स्वागत किया गया। अन्नपूर्णा देवी रांची से कोडरमा जाने के क्रम में कुछ देर के लिए यहां रुकी थी। स्वागत करने वालों में सुनील प्रसाद साहू, भाजपा नेत्री प्रिया करमाली, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, नरोत्तम सिंह, राजेश करमाली, रंजीत प्रसाद साहू, प्रमोद यादव, गणेश प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद साहू, दुर्योधन यादव, देवेंद्र गिरि, विनोद प्रसाद, राजा सिंधु महतो, संतोष शर्मा, चंदन कुशवाहा, शंभू प्रसाद सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बड़कागांव में मनीष जायसवाल का स्वागत

## भाजपाइयों ने कहा- रिकॉर्ड मतों से सांसद बनायेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव का दौरा किया।इस दौरान बरवाडीह एवं बड़कागांव मुख्य चौक पर उपस्थित भारी संख्या में भाजपाइयों एवं ग्रामीणों ने मनीष जायसवाल का गेरुआ वस्त्र देकर स्वागत किया।तत्पश्चात श्री जायसवाल भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ झारखंड में प्रसिद्ध केरेडारी प्रखंड स्थित कांडाबेर माता स्थान मंदिर में माथा टेका और पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने मनीष जायसवाल को फूल माला पहनाकर पुरजोर स्वागत किया प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई दी। इस दौरान कार्यकताओं में भारी उत्साह देखी गई। कार्यकताओं ने कहा कि देश में रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल कर श्री जायसवाल को दिल्ली भेजेंगे



। कहा कि जायसवाल को प्रत्याशी बनाए जाने पर सभी चौक- चौराहे, गांव -मोहल्ला में उत्सव सा माहौल है। लोग कह रहे हैं अबकी बार सिर्फ मनीष जायसवाल। मौके पर जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, अनिल मिश्रा, बालेश्वर कुमार, जय नारायण प्रसाद,राजू साहू, सत्येंद्र सिंह, सुमन कुमार पप्पू, केपी ओझा, बाल गोविंद सोनी, कर्मचारी साहू, बद्रीनाथ सिंह, खेमलाल महतो, दामोदर सिंह, मनीष पांडे,विजय यादव, कृष्णा राम, शंकर राम, रामपति राम,अशोक महतो, सुमन गिरी,राजेश श्रीवास्तव, मूलचंद साहू, इंद्र भूषण, नरसिंह प्रसाद,दिलीप राणा,अरुण मालाकार, पुष्कर अग्रवाल के अलावा भारी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

# चौपारण में 10 लाख रुपये का अफीम जब्त

### पुलिस ने तीन किलो अफीम के साथ तस्कर को दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चौपारण।** कहा जाता है तुम डाल- डाल तो मै पात-पात। तस्कर जितना भी तस्करी का नायाब तरीका निकाल ले पर प्रशासन उसका पदार्फाश कर ही लेता है। मंगलवार रात पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बरही की तरफ से एक वाहन से कुछ व्यक्ति अवैध रूप से अफीम लेकर तस्करी करने के लिये चौपारण होते हुए बिहार की ओर ले जाया जा रहे है। जिसके बाद त्वरीत कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही नौशाद आलम के नेतृत्व में चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह एवं एएसआई मदन मुंडा व सशस्त्र बल के जवानों ने चोरदाहा चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच किया। इसी क्रम में मोटरसाइकिल सं०- जेएच02बीबी 4962 के डिक्की में रखा लगभग 3 किलो अफीम पाया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0-60/24 दिनांक 06/03/24 धारा 414/34 भा0द0वि0 एवं 17 (उ)/18()/22(उ) एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर इस कांड में संलिप्त फागु मुंडा पिता स्व० लखिरम मुंडा ग्राम चमरगड्डा थाना चौपारण जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उक्त जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम व थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप प्रेसवार्ता कर दिया।

### विधायक अमित यादव ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा ।** विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड के विभिन्न जगहों पर विकास योजनाओं का शिलन्यास किया। विधायक ने कहा कि जिले का उत्क्रमित कन्या प्लस टू स्कूल एक उदाहरण है। बच्चे देश के भविष्य हैं। विधायक ने कहा कि हमारी प्राथमिकता शिक्षा का विकास है। लगभग प्रत्येक स्कूल में चाहरदीवारी व सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। उन्होंने स्कूल परिसर में कमेटी हाल और स्कूल के लिए प्ले ग्राउंड बनाए जाने की बात कही। मवि बेड़ोकला में भी स्कूल उन्नयन कार्य डीएमएफटी मद से किये जाने का शिलान्यास विधायक ने किया। समारोह की अध्यक्षता टुकलाल नायक और संचालन सहायक शिक्षक मुकेश कुमार पांडेय ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन झामुमो नेता संजय कुमार साव ने की।

# रामगढ़ में एस्ट्रोलॉजिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का उद्घाटन



**रामगढ़।** मोदी कॉम्पलेक्स में बुधवार को एस्ट्रोलॉजिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का उद्घाटन अमित कुमार सिन्हा, डॉक्टर के चंद्र, नंदकिशोर गुप्ता, राजीव जायसवाल, अजीत जायसवाल, शिव शंकर, साहू विनोद कुमार, खोगेंद्र साव, संतोष कुमार रंजन ने संयुक्त रूप से किया। संचालक ज्योतिषाचार्य संतोष कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अमित सिन्हा ने कहा कि ज्योतिषशास्त्र प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती और न किसी की प्रोत्साहन तथा प्रशंसा का मोहताज ही रहता है। विशेषकर भारतवर्ष की भूमि ऐसे प्रतिभावानों के लिए अति उर्वरक रही है। भारत की महानतम भूमि ने ऐसे दिव्य रत्न प्रदान किए हैं। वही ज्योतिषी संतोष कुमार ने कहा कि पूरे भूमंडल के प्राणी एवं वनस्पतियाँ ब्रह्मांड में व्याप्त अनेक ग्रहों एवं नक्षत्रों के प्रभाव क्षेत्र में ही संचारित रहा करते हैं। सदियों से ही मनीषियों ने इस बात को सप्रमाण स्वीकार किया है। ग्रहविदों, ज्योतिषियों एवं वैज्ञानिकों के बदौलत ही ये सब संभव हो सका है। ये प्रतिभावान उनपर शोध तथा अनवरत खोज जारी रखते हुए अपनी दशा एवं दिशा का दिग्दर्शन कराकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस अवसर पर रविन्द्र साहू, संतोष कुमार रंजन, जमुना साहू, विनोद कुमार, जीतू अग्रवाल, संजय शाहा, राजेश कुमार गुप्ता, शिव शंकर साहू, चंद्रशेखर सिंह, पूर्णेंदु सिन्हा पुष्पेश आदि उपस्थित थे।

### चरही लोयला विद्यालय के बच्चे को सिखाया गया योग



**चरही।** प्रखंड के चरही में स्थापित लोयला विद्यालय में नियमित योग का सत्र चलाया जाएगा। सप्ताह के एक दिन प्रतीक बुधवार को अब योग प्रशिक्षक के द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्र - छात्राओं को नियमित योग की तकनीक सिखाया गया। विद्यालय के निदेशक एमके वर्णवाल ने बताया कि विद्यायल में योग प्रशिक्षक विजय कुमार दास के द्वारा विद्यालय में सप्ताह के हरेक बुधवार के अहले सुबह योग सत्र चलाया जाएगा। ताकि विद्यायल के छात्र - छात्राओं को शिक्षा के साथ - साथ शारीरिक व मानसिक रूप से विकसित करवाया जा सके। इस मौके पर लोयला विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एमके वर्णवाल , प्रधानाध्यापक सुभाषित स्पाइन, शिक्षक नीतू कुमारी, टैरेसा गिल्बर्ट ,द्वारिका सिंह,अभिमन्यु कुमार,श्वेता कुमारी,अलीशा खातून, प्रियंका कुमारी सहित कई स्कूली बच्चे आदि शामिल थे।

# मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें : प्रो. एनके तिवारी

**▸▸ जुबिली कॉलेज में मतदान मेरा कर्तव्य पर निबंध प्रतियोगिता**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे मतदात जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को मतदान मेरा कर्त्तव्य विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विशेश्वर रविदास एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि सभी चुनावो में आप अपना तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों को हर हाल में मतदान कराएं। साथ ही अपने समाज में हर वर्ग को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। ताकि हमारा देश सुद्दढ़ हो। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा एवं डॉ विशेश्वर रविदास ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं की 18 वर्ष आयु परी हो गई हो वे गर्व के साथ मतदान करें व दूसरों को भी वोट करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि मतदान करना अधिकार ही नहीं हमसबों का कर्तव्य भी है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ महेन्द्र पांडेय, डॉ. मनोज प्रसाद, डॉ. एसएन सिंह, प्रो. रंजनी कुमारी, राम प्रवेश राम, सनी मुंडा, सुजल चंद्रवंशी, जय प्रकार पांडेय, कोमल, खुशी, अंषिका, अंजली, नेहा, आकांक्षा, गुंजन, आयुष, प्रिंस, अरबाज, एस अहमद, अमित, समीर, आलोक, राहुल, मोहित, रोहित आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### भुरकंडा : जल संरक्षण का लिया संकल्प

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में जल जीवन मिशन के तहत वार्ड सदस्य, स्वयंसेवी महिला समूह और ग्रामीण महिलाओं के लिए चलाए जा रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। ट्रेनर अजय कुमार महतो और उर्मिला देवी ने दिया प्रशिक्षण। जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। अजय महतो ने बताया कि 2024 में हर घर नल जल का लक्ष्य है। मुखिया के नेतृत्व में टीम गठित होगी जो सुनिश्चित करेगी की पंचातय के हर एक घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचे और लोग जल की बबार्दी न करें। मौके पर भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, वार्ड सदस्य रौशन पासवान, रूपा कुमारी, सुकून देवी, रेखा देवी, सीमा देवी, कौलेश्वरी देवी, सबीता देवी, पूजा देवी, गीता देवी, कांति देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी, चरकी देवी, उमापति देवी, सुरोमनी देवी, राजो देवी, पिंकी देवी, यशोदा देवी, पम्मी कुमारी, भोला कुमार, जुगेश राम, नरेश दास आदि मौजूद थे।

### दिव्यांग स्कूल के बच्चों को मिला राशन

**रजरप्पा।** अपर्णा महिला मंडल, सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र तथा प्रेरणा महिला मंडल, बरकाकाना के संयुक्त तत्वाधान में आवासीय दिव्यांग विद्यालय सुकरीगढ़ा लारी में कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में विद्यालय में रहने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं हेतु महीने भर का राशन सामग्री जैसे चावल, दाल, चना, तेल, चीनी, अंडा, दूध आदि दिया गया। मौके पर उपस्थित बच्चों के बीच मिठाई भी बांटा गया। अपर्णा महिला मंडल की अध्यक्षा रजनी कुमारी ने कहा कि दिव्यांगों की दशा और दिशा सुधारने के लिए सीसीएल कृत संकल्पित है. विद्यालय के विकास के प्रति सीसीएल तत्पर है. उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए सीसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रति भी कृत संकल्पित है. वही प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा शिवानी सिंह ने कहा कि सीसीएल अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का लगातार निर्वहन करती है। हम अपने कल्याणकारी, कायाकल्प योजनाओं के माध्यम से समाज के हर तबके, वर्ग एवं व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य लीलमोहन पटेल, शिक्षिका देवन्ति कुमारी, जीतू कुमारी, गायत्री कुमारी के अलावा महिला मंडल से पुष्पा रजक, क्षमा कुलश्रेष्ठ, श्वेता प्रज्ञा, पूनम रामदास, वीणा सिंह, इंदु सिन्हा, सुषमा प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### रुद्र महायज्ञ में हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

**कुजू।** करमा में आयोजित श्री श्री 1008 सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ में त्रिदंडी सेवा आश्रम बक्सर के जगतगुरु श्री मधुसूदनाचार्य जी महाराज, स्वामी रंगनाथा चार्य जी महाराज एवं उनके सहयोगी पंडितों ने प्रधान यजमान बने सभी लोगों को पूजन एवं देवस्वपन, आरती आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य को संपन्न कराया गया। यज्ञ स्थल में स्थापित देवी देवताओं के विभिन्न मूर्तियां श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। इससे पूर्व बीती रात आयोजित प्रवचन में आजसू के तिवारी महतो को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। बाद में वृंदावन धाम से आई विदुषी अनुराधा तिवारी शास्त्री ने श्रोताओं को कथा मंच के माध्यम से अपने संदेश को बाँट रही थी. उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा ने समाज के सभी वर्गों को अपनी चपेट में ले लिया है। अमीर और संपन्न परिवार जिस प्रथा का अनुसरण अपनी सामाजिक और पारिवारिक प्रतिष्ठा दिखाने के लिए करते हैं। वहीं निर्धन अभिभावकों के लिए बेटी के विवाह में दहेज देना उनके लिए विवशता बन जाता है। मौके पर तापेश्वर महतो, पिंटू कुमार, खागेश्वर महतो, सरोज कुमारी, रामेश्वर महतो, मथुरा साव, हेमलाल महतो, नरेश मुंडा, शक्ति कुमार, शंकर प्रसाद, संजय कुमार, अशोक गुप्ता, अनिल गुप्ता, लखीकांत महतो, डोमन ठाकुर, विजय महतो, गुड्डू वर्मा, नेवा लाल कुमार रवि कुमार महतो, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### झारखंडी अस्मिता बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

**आंगनबाड़ी केंद्रों को ठोस बनायेंगे :** सीएम ने कहा कि राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों को ऐसा स्वरूप देने जा रहे हैं, जहां महिलाओं और बच्चों को बेहतर माहौल मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब बच्चे शारीरिक और आर्थिक रूप से मजबूत होंगेए तभी उनकी सोच भी बेहतर होगी। ऐसे में झारखंड को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। हमारा संकल्प कुपोषण मुक्त झारखंड बनाना है।

**राज्य की नींव को कर रहे मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड तभी आगे बढ़ेगा, जब इसकी नींव मजबूत होगी। इसी बात को ध्यान में रखकर यहां की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहे हैं। समाज में किसी के साथ भेदभाव नहीं हो, इस पर सरकार का विशेष जोर है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। आदिवासी-मूलवासी दलित, पिछड़े, गरीब, मजदूर, किसान और महिला सभी के उत्थान के लिये कार्य हो रहा है। यहां के बच्चे-बच्चियों के भविष्य को संभालने और उन्हें बेहतर शिक्षा देने के लिये भी कई कदम उठाये गये हैं ।

**झारखंड अमीर पर लोग गरीब :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जल,जंगल और जमीन, खेत- खलिहान और खनिज संसाधनों के मामले में झारखंड एक धनी राज्य है। लेकिन, अफसोस इस बात का है कि यहां के आदिवासी-मूलवासी अभी भी पिछड़े हैं। वे आर्थिक तंगी में रहने को मजबूर हैं। अलग राज्य बनने के 19 वर्ष तक इन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में कभी सार्थक प्रयास नहीं हुआ। यहां के लोग हमेशा हाशिये पर रहे। उनके दुःख-दर्द की चिंता किसी ने नहीं की। अब उनकी सरकार यहां के आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग और तबके को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम करती आ रही है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

### संदेशखाड़ी का ज्वार पूरे बंगाल में फूटेगा

**बंगाल पर लगा टीएमसी नाम का ग्रहण :** पीएम मोदी बुधवार को बारासात भाजपा की राज्य इकाई द्वारा नारी शक्ति वंदन अभिनंदन पर आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल पर टीएमसी नाम का ग्रहण लगा हुआ है। वो इस राज्य के विकास को आगे नहीं बढ़ने दे रहा। राज्य सरकार लंबे समय से महिला उत्पीड़न की शिकायतों को नजरअंदाज कर रही थी। हर कोई शर्मिंदा है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस और राज्य सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार और सत्तारूढ़ दल को आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेता और उनके सहयोगियों पर भरोसा है, लेकिन संदेशखाली की महिलाओं पर नहीं। संदेशखाड़ी विरोध की लहर अब राज्य के हर कोने में फैल जायेगी। तुष्टिकरण की राजनीति और व्यापक भ्रष्टाचार दो स्तंभ हैं जिन पर तृणमूल कांग्रेस खड़ी है। राज्य सरकार ने उस प्रणाली को संचालित करने की अनुमति नहीं दी है। केंद्र की कई योजनाओं को भी राज्य सरकार ने लागू नहीं होने दी। पीएम मोदी ने कहा कि संदेशखाड़ी का ज्वार पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां नारी शक्ति लोकसभा चुनाव में टीएमसी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

### तबादले से खपा डीएसपी देंगे इस्तीफा

**चर्चा का बाजार गर्म:** हाल के दिनों में जितने भी ट्रांसफर पोस्टिंग में अनियमितता के आरोप लग रहे हैं। सबसे ज्यादा विवाद पुलिस अफसरों के ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर चल रहा है। अधिसूचना जारी होने के बावजूद कई डीएसपी की पोस्टिंग को रातों-रात विलोपित कर दिया गया। रांची के सदर डीएसपी, खलारी डीएसपी के साथ-साथ कई जिलों में तबादले की अदिसूचना जारी कर दी गयी, लेकिन बाद में उन अफसर को दूसरे जिलों में भेज दिया गया। रांची के खलारी डीएसपी के पद पर तो भोला सिंह ने योगदान भी दे दिया था लेकिन दो दिन बाद ही उनका तबादला जमशेदपुर कर दिया गया।

स्पीड न्यूज

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर की एक विशेष अदालत ने बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह को 04 साल पुराने अपहरण के एक मामले में सात साल की सजा सुनायी है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमएलए- एमपी कोर्ट चतुर्थ शरद कुमार त्रिपाठी ने नमामि गंगे योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण मामले में जौनपुर के पूर्व सांसद और उनके एक सहयोगी को मंगलवार को दोषी करार दिया था और इसी मामले में सात साल कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

## गाजा में संघर्ष विराम की वार्ता बेनतीजा

**काहिरा।** गाजा में संघर्ष विराम और इजराइली बंधकों की रिहाई को लेकर हमास के साथ तीन दिनों की वार्ता मंगलवार को बेनतीजा समाप्त हो गई। मिस्र के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका, कतर और मिस्र ने समझौता कराने के लिए मध्यस्थता करते हुए हफ्तों कोशिश की। समझौते के तहत, हमास रमजान के महीने के दौरान संघर्ष विराम के एवज में 40 बंधकों को रिहा करेगा। वहीं, इजराइल को कुछ फलस्तीनी कैदियों को रिहा करना होगा और गाजा में मानवीय राहत सहायता पहुंचने देना होगा। मिस्र के दो अधिकारियों ने कहा कि तीन दिवसीय वार्ता समाप्त हो गई है।

## प्रधानमंत्री आज जायेंगे श्रीनगर, देंगे कई तोहफे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 मार्च को श्रीनगर जाएंगे और विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह जम्मू-कश्मीर में कृषि-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5 हजार करोड़ रुपये का कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करेंगे। समग्र कृषि विकास कार्यक्रम जम्मू-कश्मीर में लगभग 2.5 लाख किसानों को दक्ष किसान पोर्टल के माध्यम से कौशल विकास से लैस करेगा। कार्यक्रम के तहत लगभग 2 हजार किसान खिदमत घर भी स्थापित किये जायेंगे।

## लखनऊ में दो सिलेंडर फटे, पांच की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखे दो गैस सिलेंडर चपेट में आने से तेज धमाके के साथ फट गए। इस विस्फोट में मकान की छत ढह गई और उसकी चपेट में आकर पति-पत्नी और तीन बच्चों की मौत हो गई है जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## ट्रंप अलास्का से भी जीत की ओर अग्रसर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलास्का से जीत की ओर अग्रसर होने के साथ ही आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गये हैं। एनबीसी न्यूज ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनबीसी न्यूज के मुताबिक श्री ट्रंप को 9,200 से अधिक यानी 87.6 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि उनकी इकलौती प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को केवल 12 प्रतिशत वोट मिले। संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत हेली सभी राज्यों में श्री ट्रंप से हारती दिख रही हैं।

## रूस व यूक्रेन संघर्ष में एक भारतीय की मौत

**नयी दिल्ली।** रूस और यूक्रेन संघर्ष में एक भारतीय की रूसी सेना में सहयोग के दौरान मौत हो गई है। मरने वाले की पहचान हैदराबाद के रहने वाले 30 वर्षीय मोहम्मद असफान के तौर पर हुई है। वे उन भारतीयों में शामिल हैं, जिन्हें धोखे से रूसी सेना में शामिल कराया गया है। रूस के भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है।

# देश में पहली बार पानी के नीचे दौड़ी मेट्रो

## प्रधानमंत्री ने सुरंग में की मेट्रो की सवारी, 105 साल पुराना सपना हुआ साकार



अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन में छात्रों से बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**एजेंसी**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में हुगली नदी के नीचे मेट्रो रेल की सुरंग का लोकार्पण करके 105 साल पुरानी उस कल्पना को बुधवार को साकार किया जिसे अंग्रेजों की सरकार और आजादी के बाद बनी सरकारें भी अंजाम तक नहीं पहुंचा सकीं। कोलकाता के नवनिर्मित एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर सुबह आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में श्री मोदी ने कोलकाता मेट्रो के हावड़ा मैदान-एस्पलेनैड मेट्रो खंड, कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो खंड, तारातला-माजेरहाट मेट्रो खंड (जोका-एस्पलेनैड लाइन का हिस्सा) का लोकार्पण किया। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के पुणे में रूबी हॉल क्लिनिक से

**हुगली नदी के नीचे बनी 520 मीटर लंबी दो सुरंगों में मेट्रो दौड़ी**

रामवाड़ी खंड तक पुणे मेट्रो, कोच्चि में एसएन जंक्शन मेट्रो स्टेशन से त्रिपुनिथुरा मेट्रो स्टेशन तक कोच्चि मेट्रो रेल चरण-1 विस्तार परियोजना, आगरा में ताज ईस्ट गेट से मनकामेश्वर तक आगरा मेट्रो का विस्तार और दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का दुहाई-मोदीनगर (उत्तर) खंड का उद्घाटन किया और इन खंडों पर ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखायी।

प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं के उद्घाटन एवं रेल सेवाओं के शुभारंभ के बाद एस्प्लेनेड स्टेशन से हावड़ा और वापस हावड़ा से एस्प्लेनेड तक मेट्रो रेल की सवारी भी की और मेट्रो में सवार स्कूली छात्र छात्राओं से बातचीत भी की। जैसे ही मेट्रो रेल महाकरण स्टेशन से कुछ दूर हावड़ा नदी के जलक्षेत्र के शुरू होने पर सुरंग में नीला प्रकाश और सुरंग की दीवार पर लेजर बीम से पानी के अंदर के दृश्य एवं जीव जन्तुओं की तस्वीरें दिखाई दीं। ये देख कर बच्चों की खुशी का ठिकाना ना रहा।

**भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है हावड़ा :** कोलकाता मेट्रो के हावड़ा मैदान - एस्प्लेनेड मेट्रो खंड में भारत की किसी भी तीव्र प्रवाह एवं अथाह जलराशि की हुगली नदी के नीचे बनने वाली पहली परिवहन सुरंग है। हावड़ा मेट्रो स्टेशन भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है। इसके अलावा, तारातला-माजेरहाट मेट्रो खंड का माजेरहाट मेट्रो स्टेशन प्लेटफार्मों और नहर के पार सबसे ऊंचा मेट्रो स्टेशन है। हुगली नदी के नीचे सुरंग और मेट्रो रेल बिछाने का विचार एक सदी से अधिक पुराना है। ऐतिहासिक दस्तावेजों के मुताबिक अंग्रेजी शासन के दौरान भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी शिमला में इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में 1919 में यह प्रस्ताव पारित हुआ था। उस समय भारत की राजधानी कोलकाता ही थी। काउंसिल में डब्लू ई क्रेम की अध्यक्षता वाली समिति ने कोलकाता में बागमारी से बनारस रोड सल्किया तक 10.4 किलोमीटर की ईस्ट वेस्ट ट्यूब रेलवे यानी मेट्रो रेल परियोजना की रिपोर्ट पेश की थी जिसकी लागत 35.27 लाख पाउंड आने का अनुमान लगाया गया था। यह राशि मौजूदा समय में करीब सात हजार करोड़ रुपये होती।

प्रधानमंत्री ने बिहार में 13 हजार करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास, कहा

# जंगलराज वालों ने लाखों बच्चों का भविष्य दांव पर लगा दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



- मोदी ने लालू यादव पर बोला हमला, कहा-नौकरी के बदले जमीन लूटते गये
- डबल इंजन की सरकार में तेजी से हो रहा है विकास

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार में विकास कार्य तेजी से चल रहा है। बिहार में आए दिन विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हो रहा है। आज भी 12 हजार 800 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालू परिवार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जंगलराज लाने वालों को अपने परिवार की चिंता की। यहां के युवा नौकरी के लिए पलायन कर गए। और एक परिवार अपने ही बारे में ही सोचता गया। नौकरी के बदले वह जमीन लूटते गए। क्या ऐसे लोगों को माफ किया जा सकता है क्या? बिहार में जंगलराज लाने वाला परिवार बिहार के युवाओं का सबसे बड़ा गुनाहगार है। बिहार के युवाओं से उनका भाग्य छीन लिया। साथियों, एनडीए की डबल इंजन सरकार का प्रयास है कि बिहार के युवा को बिहार में नौकरी व रोजगार मिले।

**लालटेन की लौ के भरोसे जी रहें है इंडी गठबंधन के लोग**

भोजपुर में उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। राजद, कांग्रेस और इंडी गठबंधन आज भी 20वीं सदी की दुनिया में जी रहा है। हम सोलर लगाने की बात करते हैं। इसको लेकर विकास योजनाओं का शुभारंभ करते हैं लेकिन इंडी गठबंधन के लोग आज भी लालटेन की लौ के भरोसे जी रहे हैं। आज जब मोदी इनकी सच्चाई बता रहा है तो यह मुझे गालियां देते हैं। यह लोग कहते हैं मोदी का परिवार नहीं है। यह लोग कहते हैं कि इंडी गठबंधन के परिवारवादी नेताओं को लूटने का लाइसेंस मिलना चाहिए। परिवारवाद और भ्रष्टाचार के कट्टर समर्थक आज बापू, लोहिया और बाबा साहेब को भी कटघरे में खड़ा करते हैं। इन लोगों ने भी अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने बचपन में ही घर छोड़ दिया। छठ, दिवाली में पूरे बिहार के लोग अपने घर आते हैं।

**दीघा-सोनपुर के बीच छह लेन के ब्रिज का किया शिलान्यास**

प्रधानमंत्री ने बेतिया से गोरखपुर कैंट-वाल्मीकिनगर रेलखंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण, बेतिया रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास, एनएच-139 डब्ल्यू का गंगा नदी पर पटना में दीघा-सोनपुर रेल सह सड़क पुल के समानांतर पश्चिम में 180 मीटर अपस्ट्रीम 6 लेन एक्स्ट्रा-डोज्ड केबल ब्रिज का शिलान्यास किया। एनएच-130 डब्यू का 4 लेन बकरपुर हाट-मानिकपुर खंड, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और देवरिया में शहरी गैस वितरण परियोजना का शिलान्यास और एचबीएल की सुगौली और लौरिया में अनाज आधारित इथेनॉल परियोजना का भी शिलान्यास किया।

इसके अलावा नरकटियागंज-गौनाहा आमान परिवर्तित रेलखंड और बेतिया रेल फ्लाईओवर का बेतिया-लौरिया भाग का उद्घाटन किया। बापूधाम मोतिहारी-पिपराहां रेलखंड का दोहरीकरण, इंडियन ऑयल मोतिहारी एलपीजी प्लांट, मोतिहारी में इंडियन ऑयल पाइप लाइन टर्मिनल पीएम मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया।

## महिला आयोग ने की प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**एनसीडब्ल्यू ने राष्ट्रपति को सौंपी संदेशखाली हिंसा की रिपोर्ट**

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुई हिंसा की रिपोर्ट राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। 13 पन्नों के इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय महिला आयोग ने पश्चिम बंगाल के हालात का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मंगलवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को स्थिति से अवगत कराया। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट में संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध और उनकी हालत के बारे में जानकारी दी गई है । आयोग का कहना है कि इस रिपोर्ट में उन महिलाओं के परेशान करने वाले बयान दर्ज हैं, जिन्होंने बताया है कि किस तरह से पुलिस अधिकारियों और टीएमसी के सदस्यों ने डर का माहौल पैदा किया। महिलाओं ने अपने साथ हुई घटनाओं के बारे में बताया। रिपोर्ट में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मंशा पर भी सवाल उठाया गया है।

# जमीन के बदले नौकरी मामले में तीसरी पूरक चार्जशीट दाखिल

**सीबीआइ ने लालू यादव के पूर्व सचि भोला यादव और नौकरी पाने वाले अशोक कुमार और बबीता को आरोपी बनाया**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब मामले में बुधवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में तीसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई ने पूरक चार्जशीट में भोला यादव और नौकरी पाने वाले दो अभ्यर्थियों अशोक कुमार और बबीता को भी आरोपित बनाया है। इस मामले पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 14 मार्च को सुनवाई तय की है।

सीबीआइ की पूरक चार्जशीट में कहा गया है कि भोला यादव लालू यादव के सचिव रह चुके हैं और वही सभी काम देखते थे। भोला यादव ही अफसरों को निर्देश देते थे। सीबीआई ने इस संबंध में भोला यादव के कंप्यूटर से दस्तावेज हासिल किए हैं। इससे पहले 27 फरवरी को सीबीआई ने कोर्ट से कहा था कि वो इस मामले में दस दिनों के अंदर पूरक चार्जशीट दाखिल करेगी। सीबीआई ने इस मामले में भोला यादव और हृदयानंद चौधरी को गिरफ्तार किया था। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे। लैंड फॉर जॉब घोटाला लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। भोला यादव को ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन देने के लिए कहा जाता था। नौकरी के बदले जमीन देने के काम को अंजाम देने का काम भोला यादव को सौंपा गया था। भोला यादव 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में बहादुरपुर सीट से विधायक चुने गए थे। कोर्ट ने 4 अक्टूबर, 2023 को इस मामले में तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को जमानत दी थी। कोर्ट ने 22 सितंबर, 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 3 जुलाई, 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट में तेजस्वी यादव को आरोपित बनाया गया है। सीबीआई इस मामले में लालू यादव और राबड़ी देवी के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।




## लगे पोस्टर, रायबरेली पुकारती प्रियंका गांधी

**प्रियंका गांधी को लेकर रायबरेली में पोस्टर व होर्डिंग्स लगाने की होड़ मची हुई है। कुछ दिनों से पूरे शहर भर में इस तरह के पोस्टर लगाए जा रहे हैं, जिसमें प्रियंका गांधी से यहां चुनाव लड़ने का आग्रह किया जा रहा है। अब रायबरेली पुकारती प्रियंका गांधी लिखी यह होर्डिंग्स शहर भर में लगाई गई है। समर्थकों ने जो पोस्टर व होर्डिंग्स लगाए गए हैं, उनमें लिखा है कि कांग्रेस के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएं, रायबरेली पुकारती है, प्रियंका गांधी जी आइए। इन पोस्टरों में प्रियंका गांधी के साथ-साथ सोनिया गांधी, पूर्व पीएम इंदिरा गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की तस्वीरें हैं।**

# फिल्म स्पाई यूनिवर्स में नजर आयेंगी आलिया



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के ब्लॉकबस्टर स्पाई यूनिवर्स में आलिया भट्ट की एंट्री को लेकर कई महीनों से चर्चा हो रही थी। अब स्पाई यूनिवर्स में आलिया की एंट्री हो चुकी है, यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने इस बात की पुष्टि की। आलिया के साथ एक्ट्रेस शरवरी वाघ भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अक्षय विधानी ने कहा कि मैं आपके साथ इंडस्ट्री का एक सीक्रेट शेयर कर रहा हूं। आलिया भट्ट वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की एक फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगी। इस साल फिल्म की शूटिंग साल के अंत में शुरू होगी। हम इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म के टाइटल का ऐलान अभी तक नहीं किया गया है लेकिन इसमें आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। सलमान खान की टाइगर, ऋतिक रोशन की वॉर और शाहरुख खान की पठान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा हैं।

# नये शिखर पर पहुंचा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 408 अंक छलांग लगाकर पहली बार 74,000 के पार

- निफ्टी 117 अंक उछलकर नये रिकॉर्ड स्तर 22474 पर पहुंचा



**मुंबई।** फेड रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के अमेरिकी संसद में होने वाले वक्तव्य से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बैंकिंग, आईटी और टेक समेत आठ समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 408.86 अंक अर्थात 0.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर पहली बार 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 74,085.99 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत उछलकर नये रिकॉर्ड स्तर 22,474.05 अंक पर रहा।

वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में हुई भारी बिकवाली ने बाजार पर दबाव बनाया। इससे बीएसई का मिडकैप 0.65 प्रतिशत की गिरावट लेकर 39,699.89 अंक और स्मॉलकैप 1.91 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,343.57 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3940 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 904 में तेजी जबकि 2954 में गिरावट रही वहीं 82 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी में 35 कंपनियों में लिवाली जबकि शेष 15 में बिकवाली हुई।

**इन कंपनियों के शेयर में तेजी**

बीएसई के आठ समूहों में लिवाली जबकि शेष में बिकवाली हावी रही। इस दौरान एफएमसीजी 0.22, वित्तीय सेवाएं 0.07, हेल्थकेयर 0.32, आईटी 0.66, ऑटो 0.27, बैंकिंग 0.99, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.35 और टेक समूह के शेयर 0.87 प्रतिशत चढ़ गए। वहीं, कमोडिटीज 0.76, ऊर्जा 0.79, इंडस्ट्रियल्स 0.82, दूरसंचार 0.77, यूटिलिटीज 0.83, तेल एवं गैस 0.85, पावर 1.07, रियल्टी 1.40 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 2.03 प्रतिशत की गिरावट रही। प्रमुख कंपनियों में कोटक बैंक 2.47, एक्सिस बैंक 2.28, भारती एयरटेल 2.15, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.53, एचसीएल टेक 1.52, टीसीएस 1.34, एलटी 0.90, आईसीआईसीआई बैंक 0.80, इंफोसिस 0.69, आईटीसी 0.39, रिलायंस 0.26, एचडीएफसी बैंक 0.05 और एसबीआई 0.02 % शामिल रही।

## सट्टेबाजी और जुआ के विज्ञापनों पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीसीपीए

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 के तहत सट्टेबाजी और जुआ सख्त प्रतिबंधित है। इसके बावजूद ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म और ऐप्स सीधे तौर पर या फिर गेमिंग की आड़ में सट्टेबाजी और जुआ के विज्ञापन दे रहे हैं। इनके प्रभाव में आकर युवाओं पर वित्तीय और सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ रहा है। इन सब विषयों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने एक व्यापक परामर्श जारी किया है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार दिए गए परामर्श में अवैध गतिविधियों के विज्ञापन, प्रचार और समर्थन पर रोक लगाने पर जोर दिया गया है।

सरकार का कहना है कि गेमिंग की आड़ में सट्टेबाजी और जुआ के प्रचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

- सशक्त सबल नारी ए साक्षर बच्चाए स्वस्थ भारत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गयाए जिसमें पोषण पखवाड़ा एबेटी बचाओए बेटी पढ़ाओ तथा सर्वजन पेंशन के लाभुकों के बीच प्रथम किस्त का भुगतान किया गयाए समारोह को संबोधित करती हुई उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के लिए 20 से 23 फरवरी तक विशेष शिविर लगाकर कुल 34164 आवेदन प्राप्त किए गये जिसकी जांच कर 13961 लोगों को पेंशन स्वीकृति दी गई है। अभी तक कुल 7366 लोगों की एनएसएपी पोर्टल में प्रविष्टि कर दी गई है। वही आज 5446 लाभुकों के भुगतान हेतु पीएमएफएस पोर्टल में अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सेविका सहायिका को आज सम्मानित भी किया गया है। टुंडी विधायक मथुरा महतो ने 50 से 60 साल की सभी महिलाओं तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पुरुष वर्ग को वृद्धावस्था पेंशन मिलने पर मुख्यमंत्री को आभार जताया। उन्होंने कहा इस राशि के मिलने से लाभुकों जीवन में बदलाव आयेगाए मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद समेत कई बीडीओ सीओ एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने पोषण पखवाड़ा 2024 के तहत झारखंड को कुपोषण मुक्त बनाने में जन समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत हस्ताक्षर करते हुए की।

## कलाकारों ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

आम जनता को जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, शानदार नृत्य प्रस्तुति, गायन और बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम जिला प्रशासन धनबाद के द्वारा की गई। इसके अलावा मनरेगा अभिसरण अंतर्गत बाल विकास परियोजना बाघमारा के आंगनबाड़ी केंद्र बिलबेरा.01ए कोड संख्या 225 एवं धनबाद सदर के आंगनबाड़ी केंद्र न्यू ड्रिप दुर्गा मंदिर कोड संख्या 209 का उद्घाटन भी किया गया।

## इन्हे मिला योजनाओं का लाभ

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत कुल 17 लाभान्वितों के बीच 3ए40ए000 का भुगतान किया गया। सर्वजन पेंशन योजना के 5446 लाभुकों को फरवरी एवं मार्च माह के 2000 रुपये राशि का भुगतान किया गया। 30 सेविका एवं सहायिका को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 3 किशोरी को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ गोदभराई, अन्नप्राशन कराया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा लाभुकों के बीच ट्राई साइकिल एवं व्हीलचेयर का वितरण भी किया गया।

## स्पीड न्यूज

### सरकारी साइकिल के बदले छात्राओं से 100 रुपये की वसूली



**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र के पितीज स्थित मिडिल स्कूल पितीज विद्यालय के छात्राओं से सरकारी योजना के तहत साइकिल देने के बदले प्रत्येक छात्राओं से 100 रुपये लिये जा रहे हैं। इसके लिए छात्राओं को स्कूल की ओर से कोई स्लीप नहीं दिया जा रहा है। रुपये लेने का कारण छात्राओं द्वारा पूछे जाने पर बताया जा रहा है कि साइकल स्कूल तक लाने में गाड़ी का खर्च है, इसलिए 100 रुपये लिये जा रहे हैं। छात्राओं ने बताया कि ये रुपये स्कूल के सचिव ब्रह्मदेव दांगी ले रहे हैं।

### फुसरो में हुआ ए टू जेड सिक्योरिटी सिस्टम का हुआ उद्घाटन

**बेरमो।** फुसरो के महालक्ष्मी कंपलेक्स में ए टू जेड सिक्योरिटी सिस्टम का उद्घाटन फुसरो व्यवसायी संघ के अध्यक्ष आर. उनेश और व्यवसायी सैमसंग स्मार्ट प्लाजा के प्रोपराइटर रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने फीता काटकर किया। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर आसिफ खान ने बताया कि मेरे यहां हर प्रकार सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध है। उसके अलावा बेहतरीन सर्विस भी दिया जाएगा। बताया कि सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी, अलार्म के अलावा कई तरह के उपकरण मौजूद है। कहा कि 15 सौ रुपए से लेकर 35 हजार रुपए तक का सीसीटीवी कैमरा मेरे पास उपलब्ध है। आर.उनेश तथा पिंटू सिंह ने कहा कि यह फुसरो बाजार के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दुकान है। कहा कि प्रत्येक दुकानदार को अपने दुकान की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरा लगाना चाहिए। यहां कम लागत में अच्छा सीसीटीवी कैमरा मौजूद है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में डीवीसीकर्मियों ने निकाली प्रभातफेरी

**बोकारो।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और सुरक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में डीवीसी के अधिकारियों कर्मचारियो एवं अन्य कर्मियों ने प्रभातफेरी निकाली। इस अवसर पर अधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य कर्मियों ने संपूर्ण प्लांट का भ्रमण किया। मौके पर आयोजित समारोह में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि सुरक्षा हम भारतीयों की संस्कृति है। इसे हम अपनाकर गृह व्यवस्था, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वास्थ्य विकास, सहित देश की समृद्धि के लिए आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्लांट में कार्यरत नीचे से नीचे तबका के कर्मचारी का भी उतना ही अधिकार है, जितना कि हम सभी का है। प्रभातफेरी में वरिष्ठ महाप्रबंधक रामप्रवेश साह महाप्रबंधक अविजीत घोष के अलावा तरुणेश्वर प्रसाद अजीत कुमार सिन्हा राजीव रंजन ओझा राजीव रंजन संजीव कुमार विनय कृष्ण दास सुजीत कारक सत्येंद्र कुमार संजीव कुमार अशोक चौबे रंजीत कुमार चौबे मनोज कुमार झा अक्षय कुमार जितेंद्र कुमार गणेश चंद्र गांगुली आदि शामिल थे।

### पीड़िता के पति को 10 लाख रुपए मुआवजा

**दुमका।** दुमका जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पिछले दिनों पीड़िता के पति को 10 लाख रुपए (11,126.20 यूरो) का मुआवजा दिया गया। पैसे उनके अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। चेक की प्रतिलिपि और राशि ट्रांसफर से संबंधित पत्र पीड़िता के पति को दुमका के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे और एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रदान किया था।

### डीवीसी चंद्रपुरा में परियोजना प्रधान ने दिलाई सुरक्षा की प्रतिज्ञा

**बोकारो।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और सुरक्षा विभाग की ओर से सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर और वरिष्ठ महाप्रबंधक आरपी साह ने सुरक्षा प्रतिज्ञा पर कर्मियों को हिंदी और अंग्रेजी में शपथ दिलाई और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का झंडोत्तोलन किया। 4 मार्च से 10 मार्च तक मनाये जा रहे 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह दिवस में डीवीसी कर्मियों को दिलाई गई प्रतिज्ञा में उपस्थित कर्मियों ने सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा ली कि वे अपने-आपको सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के बचाव के प्रति समर्पित रहेंगे और नियमों विनियमों एवं कार्य विधियों के पालन हेतु यथाशक्ति प्रयत्न करेंगे और निश्चित रूप से इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरणादायक अभिवृत्ति एवं आदतों का विकास करेंगे। मौके पर महाप्रबंधक अविजीत घोष संजीव कुमर अशोक चौबे, मनोज कुमार झा रंजीत कुमार चौबे आदि उपस्थित थे।

### गायत्री महायज्ञ को लेकर पिछरी में निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

**बेरमो/फुसरो।** 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर बुधवार को पिछरी दुर्गा मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल 101 कुमारी कन्या व महिला श्रद्धालुओं ने सर पर कलश लेकर एक बनेंगे, नेक बनेंगे, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा,नारी का सम्मान जहां है, संस्कृति का उत्थान वहां है एवं गायत्री मंत्र आदि की उदघोष कर पिछरी मेन रोड, प्योर ढोरी मोड़ होते हुए हथिया पत्थर दामोदर नदी पहुंचा। जहां शांति कुंज हरिद्वार से आए टोली नायक राजन दीक्षित, धर्मेंद्र शर्मा, दीपक बघेल व शिवम भारद्वाज ने 251 कलश में मंत्रों उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना जल भरा और पुनः यज्ञ स्थल पहुंचा।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार का आयोजन

- मातृशक्ति संस्कृति एवं सभ्यता की संवाहक तथा सन्तान की प्रथम गुरु है: जिप उपाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** अंतरष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वयं सेवी संस्था ग्रामोदय चेतना केंद्र परिसर में बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम में किशोरी एवं युवा वर्ग के महिलाओं की आवश्यकताएं चाहत और कानून₹ पर महिलाओं को जानकारी दी गई। बिरजू तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्त्री संस्कृति एवं सभ्यता की संवाहक तथा सन्तान की प्रथम गुरु है। मनुष्य का सारा जीवन स्त्री को केंद्रित कर ही अपना पथ निर्धारित करता है। यदि स्त्री केंद्र से हटकर परिधि पर आ जाये तो व्यक्ति का जीवन अनियंत्रित और कई बार उद्देश्य हीन भी हो जाता है। महिलाओं के सम्मान में बढ़ोतरी तभी संभव जब महिला शिक्षित हो मां अपनी संतान की प्रथम गुरु होती है अतः चाहिए कि सभी माताए अपने बच्चों को स्त्री के सम्मान करना सिखाए महिलाओं को सकारात्मक सोच के साथ अपनी आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए।इस अवसर पर गंधारिया मुखिया अनीता यादव जी, बद्री वर्मा जी, सविता बनर्जी समेत सैकड़ों मातृशक्ति उपस्थित रहे।

## ज्योतिर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता





**रामगढ़।** मोदी कॉम्पलेक्स में बुधवार को एस्ट्रोलॉजिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का हुआ शुभारंभ। जिसमें बतौर उद्घाटनकर्ता अमित कुमार सिन्हा व अतिथि के रूप में डॉक्टर के चंद्र, नंद किशोर गुप्ता, राजीव जायसवाल, अजीत जायसवाल, शिव शंकर, साहू विनोद कुमार, खोगेंद्र साव, संतोष कुमार रंजन आदि संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर केंद्र का उद्घाटन किया तथा संचालक ज्योतिषाचार्य संतोष कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि ज्योतिषशास्त्र प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती और न किसी की प्रोत्साहन तथा प्रशंसा का मोहताज ही रहता है। विशेषकर भारतवर्ष की भूमि ऐसे प्रतिभावानों के लिए अति उर्वरक रही है। भारत की महानतम भूमि ने ऐसे दिव्य रत्न प्रदान किए हैं। वही ज्योतिषी संतोष कुमार ने कहा कि पूरे भूमंडल के प्राणी एवं वनस्पतियाँ ब्रह्मांड मे व्याप्त अनेक ग्रहों एवं नक्षत्रों के प्रभाव क्षेत्र में ही संचारित रहा करते हैं। सदियों से ही मनीषियों ने इस बात को सप्रमाण स्वीकार किया है। ग्रहविदो ज्योतिषियों एवं वैज्ञानिकों के बदौलत ही ये सब संभव हो सका है। ये प्रतिभावान उनपर शोध तथा अनवरत खोज जारी रखते हुए अपनी दशा एवं दिशा का दिग्दर्शन कराकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस अवसर पर रविन्द्र साहू, संतोष कुमार रंजन, जमुना साहू, विनोद कुमार, जीतू अग्रवाल, संजय शाहा, राजेश कुमार गुप्ता, शिव शंकर साहू, चंद्रशेखर सिंह, पूर्णेंदु सिन्हा पुष्पेश आदि उपस्थित थे।

## संत शिरोमणि रविदास जी की मूर्ति स्थापना पर दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता में संत शिरोमणि रविदास जी की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष में मंगलवार की रात्रि दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मझिआंव जिला परिषद सदस्य र्मेंद्र कुमार सिंह, पंचायत मुखिया रीता देवी एवं मंदिर पुजारी महावीर राम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दुगोला में बिहार के अरवल से आए व्यास गुड्डू हलचल एवं मुस्कान यादव को देखने के लिए हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे। वहीं निर्णायक मंडली कैलाश पासवान, रामप्रवेश राम, ड रामसेवक चौरी के द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाले व्यास गुड्डू हलचल को चुना। वहीं सम्मानित नागरिक द्वारिका राम एवं जनेश्वर राम के विजेता गुड्डू हलचल एवं उपविजेता मुस्कान यादव को पुरस्कार दिया गया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बताते चले कि संत शिरोमणि रविदास जी की 3 मार्च को चमचमाती संगमरमर के पत्थर की मूर्ति को स्थापना किया गया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य र्मेंद्र कुमार सिंह एवं पंचायत मुखिया रीता देवी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी का 15वीं शताब्दी में जन्म हुआ था। उन्होंने अपने जीवन के दौरान कई ग्रंथो को अययन किया था। रविदास जी एक महान संत, कवि और समाज सेवक के रूप में जाने जाते थे। मौके पर कमेटी अयक्ष विजय राम, सचिव सत्येंद्र कुमार रवि, कोषायक्ष उमाशंकर कुमार रवि उर्फ बबलू राम, बबलू कुमार राम, राहुल कुमार रवि, ओमप्रकाश मेहता, युगल राम, सुरेंद्र राम, पिंटू कुमार रवि, संतोष कुमार रवि, सरवन राम, पप्पू राम, भोला प्रसाद, शुनेश्वर राम, प्रहलाद राम, कामेश्वर राम आदि उपस्थित थे।

### धनबाद के कई पुलिस अधिकारी इधर से उधर

**धनबाद।** जिले के जैप-3 के तीन कमांडेंट धनबाद रेल जिला पुलिस बल में दो डीएसपी बाघमारा एसडीपीओ व साइबर धनबाद में एक डीएसपी का तबादला हो गया है। राज्य के गृह कारा और आपदा प्रबंधन विभाग ने धनबाद समेत कई जिलों में प्रोन्नति देकर डीएसपी व कमांडेंट के पद पर तबादला किया है। विभाग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार धीरेंद्र नारायण बंका को धनबाद का रेल डीएसपी जय गोविंद प्रसाद गुप्ता को रेल डीएसपी आनंद ज्योति मिंज को एसडीपीओ बाघमारा और संजीव कुमार को साइबर धनबाद का डीएसपी के साथ ही आईआरबी गिरिडीह भी डीएसपी बनाया गया है। इसके अलावा बनारसी प्रसादए नयन सुख दादेल और सतीश चंद्र झा को जैप गोविंदपुर का कमांडेंट बनाया गया है।

## पीएम मोदी की शक्ति वंदन कार्यक्रम को महिलाओं ने लाइव दिखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद।** भारतीय जनता पार्टी लोयाबाद मंडल के अंतर्गत कतरास क्लब में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शक्ति वंदन कार्यक्रम दिनांक 06 .03 .2024 को कतरास क्लब सीजुआ में लाइव प्रसारण देखा गया। जिसमे काफी संख्या में माताओं बहनों उपस्थित हुई। कार्यकर्म की अध्यक्षता लोयाबाद मंडल अध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने की साथ ही प्रभारी के रूप में जिला भाजपा उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राम सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डब्लू आलम जलाल अंसारी, अरुण गुप्ता, रामेश्वर राम, उपेंद्र यादव, प्रदीप सिंह, भोला भट्टाचार्य, गुड्डू अंसारी, राजू साव, गंगा भुइया, टिंकू भुइया, राजीव पासवान उपस्थित हुए। कार्यकर्म के दौरान चाय पर राजनीतिक चर्चा हुई आने वाले चुनाव में सभी नारी शक्ति ने राजग प्रत्याशी को समर्थन देने की बात कही और सभी ने प्रण लिया।

इस कार्यकर्म को सफल बनाने में माताओं बहनों का अहम योगदान रहा। जिसमे मुख्य रूप से सत्या देवी, इंदु देवी, सपना सिंह, पूनम देवी, रीता देवी, प्रभावती पाल, अंजू देवी, शकुंतला देवी, आरती देवी, सीमा देवी, मालती देवी, कुंती देवी, खुसबु कुमारी, सरिता देवी, बिमल देवी, रीना देवी, कविराज देवी, उर्मिला देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, कमली देवी, बुलवा देवी, चिंता देवी, समता देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया अन्नपूर्णा देवी का स्वागत

**डोमचांच (कोडरमा)।** भारतीय जनता पार्टी की घोषित कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी का स्वागत डोमचांच शहीद स्मारक के समीप जमुआ जाने के क्रम में किया गया। इस दौरान डोमचांच के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता और माला देकर उन्हें जीतने की शुभकामनाएं दी। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर वीरेंद्र प्रसाद मेहता, राजेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिन्हा, विनय मोदी, रौशन सिन्हा, प्रभाकर लाल रावत, अनिल पांडेय, महेंद्र प्रसाद वर्मा, परमेश्वर यादव, अशोक मेहता, प्रकाश मेहता, बसंत बक्शी आदि मौजूद थे।

## दो कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत अधिकाधिक संख्या ने युवकों को रोजगार से जोड़ने की जानकारी देने के उद्देश्य से वुधवार को दो कौशल रथों को रवाना किया गया। न्यू टाउन हॉल परिसर से उपायुक्त माधवी मिश्राए उप विकास आयुक्त सादात अनवर जिला परिषद उपाध्यक्ष जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस शैलेश रंजन द्वारा संयुक्त रूप से जेएसएलपीएस अंतर्गत डीडीयू-जीकेवाई परियोजना जागरूकता हेतु 2 कौशल रथ को हरी झंडी दिखाई। कौशल रथ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना कार्यक्रम की जागरूकता पहचान और दृश्यता को बढ़ाना है ताकि अधिक से अधिक युवा इस योजना के माध्यम से रोजगार से जुड़ सके। जेएसएलपीएस की दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना डीडीयू जीकेवाई झारखंड के ग्रामीण युवाओं को उनकी रुचि और आकांक्षा के अनुसार वेतन.आधारित रोजगार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्लेसमेंट लिंक प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक कौशल इकाई है। जिले के सभी 10 प्रखंडों में 6 10 मार्च 2024 तक डीडीयू जीकेवाई कौशल रथ के माध्यम से योजना का प्रचार प्रसार किया जायेगाद्य सूचना शिक्षा संचार आईईसी थीम के तहत कौशल रथ कार्यक्रम लाभार्थियों के पक्ष में जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएग।

## मंजर से लदे आम के पेड़, किसानों को अच्छी उपज की उम्मीद

खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड में इस वर्ष आम के पेड़ों पर लगे अच्छी-खासी मंजर से आम के अच्छे फलन की उम्मीद से किसानों में नई आस जगी है। इस वर्ष अधिकांश आम के पेड़ों पर इतने मंजर आए हैं कि पेड़ के पत्ते तक नहीं दिख रहे हैं। बताते चलें कि प्रखंड के धनामुंजी, सेमरा, पोड़हा, बिटपी, तिलसिरी, मलगटोली, टोटो छापर टोली, भैसमुंदोसे से आम प्रतिवर्ष बाहर भी भेजे जाते हैं मालदा, दशहरी, लगड़ा, आम्रपाली, सहित अन्य प्रजाति के आम की पैदावार अच्छी होती है। मौसम ने साथ दिया तो इस वर्ष आम की अच्छी पैदावार प्रखंड क्षेत्र के किसानों के बेहतर आय का माध्यम बनेगा। ऐसी आस किसानों की है। बगीचा मालिकों के साथ-साथ आम का सीजनली व्यापार करने वाले व्यापारी और खुदरा दुकानदार खुश हैं। इस साल अधिक मंजर लगने से इस व्यापार से जुड़े लोगों में को खुशी हो रही है।

### तापमान बढ़ते हीं दिखने लगा मंजर



पेड़ में लगा मंजर।

कुछ दिन पहले तक तापमान कम होने के कारण आम में काफी कम मंजर लगा था। लेकिन तापमान बढ़ना ज्योंही शुरू हुआ तो आम के पेड़ों में मंजर काफी दिखाई देने लगा। किसान अशोक उरांव, दानियाल लकड़ा, सुरेंद्र उरांव, दिलीप उरांव, बुद्धेश्वर उरांव आदि ने बताया कि आम की फसल के लिए मार्च एवं अप्रैल का महीना काफी महत्वपूर्ण है। हल्की हवा एवं बदलते मौसम के कारण आम के पेड़ पर लगा मंजर गिरने लगता है। वही किट पतंगों के चलते आम की फसल में काला धब्बा, काली फफुंदी, पत्ती अंगमारी, गुच्छा रोग सहित अन्य बीमारियों से मंजर को नुकसान पहुंचाता है। आम के मंजर में विभिन्न प्रकार की बीमारियां लगती है। इसके बचाव के लिए दवा का छिड़काव करना पड़ता है। बीमार टहनियों की कटाई छटाई कर गिरे हुए पत्तियों जला देना होता है।

### ओलावृष्टि से आम के मंजर हुए बर्बाद

पिछले दिनों बारिश और ओलावृष्टि से क्षेत्र के उदरंगी, सेगराटोली, टंगरा टोली आदि क्षेत्र में सब्जी, आम सहित कई अन्य फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है। किसानो को लाखो रूपयो की आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रति दिन किसानो अंचल कार्यालय भंडरा पहुंचकर आवेदन पत्र जमा कर रहे हैं।

## एक नजर में

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का बस्ती संपर्क अभियान

**बाघमारा।** मधुबन थाना क्षेत्र भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से बस्ती संपर्क अभियान के तहत आज धनबाद भुली में साबरी आश्रम में भुईयां समाज के लोगों से बैठकर जानकारी ली तथा जिले के बाघमारा विधानसभा अंतर्गत कतरास भंडारीडीह अंगारपथरा सिनीडीह भुली आदि जगहों पर अनुसूचित जाति समाज के लोगों बीच संपर्क अभियान के तहत मोदी जी की गारंटी योजना पर चर्चा हुई। साथ ही मोदी जी के प्रणाम को भी लोगों को बीच देने का काम किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर कार्यक्रम प्रभारी सह झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी नीरज नायक ने बाघमारा सिनीडीह में संपर्क अभियान चलाया मोदी जी के द्वारा दिए गए योजनाओं के बारे में जानकारी ली उजाला योजना के लाभुकों से मिले मोदी जी के चलाए जा रहे हैं योजनाओं के बारे में कार्यक्रम में जानकारी लोगों को बीच में दी कार्यक्रम भ्रमण के दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर के मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी से भी उनके आवास में जाकर मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गयी कार्यक्रम में जिला महामंत्री रामजीत भुईया, बिनेश कुमार भुईयां, गोपाल बाउरी, बिन्दु देवी, गंगा देवी, लखी देवी, सीमा देवी, संतोषी देवी, छाया देवी, सुमा देवी, भास्कर बाउरी, कर्म बाउरी आदि मौजूद थे।

### पुटकी चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय का शुभारंभ साथ ही होली मिलन समारोह

**पुटकी।** पुटकी बाजार चेम्बर ऑफ कॉमर्स कार्यलय का वुधवार को विधिवत शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन और होली मिलन समरोह में मुख्य रूप से जिला चेबर के अध्यक्ष चेतन गोयलए महासचिव अजय नारायण लालए लोयाबाद चेम्बर के राज कुमार असलम मंसूरी और पुटकी थाना के प्रशिक्षु सुश्री अर्चनास्मृति खालकोए थाना प्रभारी मनोहर करमाली केंदुआ थाना प्रभारी आर एन ठाकुर आदि उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि पुटकी क्षेत्र में चेम्बर की मांग थी जिसका आज उद्घटन किया गया। व्यापारियों को अब कई प्रकार की सुविधा मिलेगी। किसी बन्धु को कोई कष्ट न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। पुलिस आप के सहयोग में हमेशा खड़ी रहेगी। मौके पर हीरा शर्मा, मूर्तजा अंसारी, शाहरुख खान, राजू असारी, भानु प्रताप, बिकाश सिंह चोधरी, राम प्रताप शर्मा, बिक्की बर्मा, शंभू पासवान, केदार वनार्वाल, महेंद्र वनार्वाल, मोव इस्तिखर, सरोज सोनी, बालेश्वर सोनी, नागेश्वर शर्मा, रवींन्द्र सिंह, मोव चाँद परवेज, श्यामलाल महतो सहित सैकड़ो ब्यवसाई उपस्थित थे।

### करकेंद में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की कार्यशाला

**पुटकी।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के 6 दिवसीय कार्यशाला में 95 महिलाओं को स्वावलंबी बनने के टिप्स दिये गये। निगम डे अनुएलम द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत करकेंद गोपालीचक मध्य विद्यालय वार्ड नव 9 में छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विभिन्न समूह की 95 महिलाओं को स्वावलंबी बनने की दिशा में टिप्स दिये गये।प्रशिक्षण कर्ता अमित कुमार जायसवालए वर्षा दुबेएअनुष्का कुमारीए अभिषेक कुमार मुख्य रूप से शामिल होकर प्रशिक्षण दिलाया वही सीआरपी की अनीता कुमारी बबिता देवी सावित्री देवी ने आपना सहयोग दिया। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1446 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है। उद्धमिता विकास कार्यक्रम अंतर्गत नगर निगम में क्रेडिट लिंकेज प्राप्त स्वंय सहायता समूह सदस्यो एवं एसईपी लाभुको को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होने प्रशिक्षार्थियों को कई लाभकारी योजनाओ की जानकारी दी। महिलाओं को स्वावलंबी बनने की दिशा में कैसे सहयोग मिले एवं कैसे रोजगार से जुड़े इसके बारे में में विस्तृत रूप बताया गया। मौके पर प्रतिलता शर्मा, रिंकू देवी, आशा देवी, अनीता देवी, पूजा देवी, आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष 7 मार्च को एक दिवसीय धरना कार्यक्रम एसबीआई मुख्य शाखा के सामने करेंगे

**गोड्डा।** कांग्रेस जिलाअध्यक्ष गोड्डा दिनेश प्रसाद यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुएं बताया की देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भाजपा के चुनावी बांड को असंवैधानिक करार देते हुए उस पर रोक लगा दी है और अदालत ने सभी राजनीति दलों को इस योजना के तहत प्राप्त दान का खुलासा करने का निर्देश दिया, साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी चंदा का जानकारी 6 मार्च 2024 से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया गया है, चंदा का राशि अकेले भाजपा के पास 55 प्रतिशत जमा की गई है, जिस का खुलासा करने से देश मोदी सरकार भारतीय स्टेट बैंक के ऊपर दबाव बना रही है, जिसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निदेर्शानुसार दिनांक 07 .03 .2024 गोड्डा जिला के मेन एस बी आई ब्रांच हटिया चौक के मुख्य द्वार के सामने सुबह साढ़े 10 बजे से मोदी सरकार के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है , जिसमें पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी गण, सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गण, सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष गण, नगर कांग्रेस कमिटी के सभी सदस्य गण एवं सभी कांग्रेस के कार्यकताओं को उपस्थित होने का निवेदन किया है कि उक्त समय एवं तिथिनुसार कार्यक्रम उपस्थित होकर धरना को सफल बनावें और मोदी सरकार के कारनामों का पदार्फास कर जनता के सामने लाएं।

# मोदी की हर गारंटी को हम सभी मिलकर पूरा करते हैं : डॉ निशिकांत

## तेरहवीं ट्रेन लेकर गोड्डा सांसद गोड्डा स्टेशन पहुंचे, ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** बुधवार को गोड्डा लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार और सांसद डॉ निशिकांत दुबे, गोड्डा विधायक अमित मंडल, एडीआरएम मालदा, जिलाध्यक्ष संजीव मिश्र ने गोड्डा देवघर पैसेंजर टीम को हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को देवघर जाने के लिए रवाना किया। ठीक 12 बजे पोरेयहाट रेलवे स्टेशन में सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया।

पुनः सांसद इसी ट्रेन से गोड्डा रेलवे स्टेशन पहुंचे और फिर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देवघर रवाना किया। गोड्डा में अयोध्या जा रहे राम भक्तों का ट्रेन आस्था का स्वागत करने पुनः 3 बजे स्टेशन पर आकर यात्रियों का स्वागत करेंगे । गोड्डा सांसद ने अपने संबोधन में कहा मोदी जी जो गारंटी देते हैं उसे पूरा करते हैं । सरैया हाट में ट्रेन देखने बड़ी संख्या में लोग आए । आजादी के 67 वर्ष बीत जाने के बाद भी इन क्षेत्रों की उपेक्षा की गई थी ।आज



विकास की गारंटी देकर हम शिलान्यास भी करते हैं और उद्घाटन के साथ लोकार्पण का कार्य भी हम ही करते हैं। आगे उन्होंने कहा 2029 में हम विक्रम शिला कहलगांव के पास भवानी पुर स्टेशन भी बनाएंगे और उसमे जाने वाले यात्रियों को खाना भी खिलाएंगे और विक्रम शिला की मुफ्त सैर भी कराएंगे ।

चुनाव का जिक्र करते हुए घोषणा किया की पहले के चुनाव प्रभारी राजीव मेहता, दिलीप सिंह और संजीव मिश्र और राजेश झा ही रहेंगे । विधायक अमित मंडल ने अपने संबोधन में कहा की प्रधान मंत्री के नेतृत्व में गोड्डा सांसद हमारे बड़े भाई की भूमिका में हैं और विकास के मुद्दे पर ही हम जनता के बीच जाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे ।

हमारा एक एक कार्यकर्ता हर घर जाएगा और पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्यों को दिखाएगा हमे आशा ही नहीं पूर्ण

> उन्होंने कहा 2029 में हम विक्रम शिला कहलगांव के पास भवानी पुर स्टेशन भी बनाएंगे और उसमे जाने वाले यात्रियों को खाना भी खिलाएंगे और विक्रम शिला की मुफ्त सैर भी कराएंगे

विश्वास है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में हम चार सौ सीटों के पार जाएंगे और मोदी जी के हाथों को मजबूत करेंगे । कार्यक्रम में देवघर से गोड्डा सांसद की धर्म पत्नी भी दर्शक दीर्घा में उपस्थित थी साथ ही शेषाद्रि दुबे ,भाजपा नेता गणेश मिश्र देवघर से साथ आए थे।

जिला भाजपा अध्यक्ष संजीव मिश्र पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव मेहता, दिलीप सिंह, राजेश झा पवन झा, सुभाष चंद्र यादव उपाध्यक्ष जिला भाजपा ,कृष्ण मुरारी चौबे जिला महासचिव, राजेश टेकरीवाल, बिमंत साह जिला मीडिया प्रभारी ,के साथ हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे। जय श्री राम और इस बार चार सौ पार का नारा भी लगाया गया।

## अभियान प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मिल कर चुनाव में साझा जमीनी संघर्ष की अपील की

**बेरमो/ललपनिया।** लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान का प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मिलकर लोकसभा चुनाव के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए साझा जमीनी संघर्ष के लिए अपील करते हुए मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल अलोका कुजूर, अफजल अनीस, दिनेश मुर्मू, एलिना होरो, ज्योति कुजूर, जयसिंह बोदरा, सिराज दत्ता एवं टॉम कावला ने मुख्यमंत्री जीको अभियान के विषय में कहा की अभियान अंतर्गत राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों में 2024 लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष में लगभग एक साल से जन जागरण कार्यक्रमों जैसे जनसभा, कार्यशाला, यात्राओं व वॉलंटियर प्रशिक्षणों आदि का आयोजन किया जा रहा है तथा लोगों को संगठित किया जा रहा है ।मोदी जी सरकार, आरएसएस एवं भाजपा समाज, झारखंड, देश, लोक तन्त्र संविधान और मेहनतकश वर्ग के लिए सबसे बड़े खतरे हैं। लोकसभा में मोदी सरकार को हटाने के लिए लोकतंत्र पसंद लोगों,संगठनों और इंडिया पार्टियों को मिल कर जन मुद्दों पर साझा जमीनी संघर्ष करने की जरूरत है जल्द-से-जल्द सीट वार गठबंधन तयकर साझा जन संपर्क अभियान शुरू करने की मांग की।

## एक नजर में

### नये थाना भवन निर्माण कार्य का मंत्री व विधायक ने किया शिलान्यास



हिरणपुर (पाकुड़ )। हिरणपुर थाना परिसर में नए थाना भवन निर्माण का विधिवत शिलान्यास बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम व लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया ।2.70 करोड़ कि लागत से बनने वाली नए थाना भवन निर्माण के शिलान्यास में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के मौजूदगी में थाना भवन के निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिलान्यास कार्यक्रम के पूर्व मंत्री व विधायक का एसपी ने शॉल ओढ़ाकर समानित किया ।इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य सरकार सभी थाना जहां पुराने भवन है, वहां नया भवन का निर्माण की दिशा में काम कि रही है ।इसी क्रम में हिरणपुर और पाकुड़ में महिला थाना भवन का निर्माण होना है। नए थाना भवन में फरियादियों को बैठने के लिए व्यवस्था की गई है ।नए थाना भवन में पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों के आवासीय भवन का भी निर्माण होना है। पूरे राज्य में सभी थानों को नए भवन का निर्माण करने का काम किया जा रहा है। वही विधायक ने उपस्थित लोगों के बीच सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर झामुमो के नेता समद अली, अजीजुल इस्लाम, कांग्रेस नेता मुख्तार हुसैन, एसडीपीओ प्रदीप उरांव, थाना प्रभारी नवीन कुमार, मनोहर आलम आदि मौजूद थे।

### बेरमो विधायक ने चंद्रपुरा प्रखंड वासियों को दिया 1 करोड़ 9 लाख की सौगात



बेरमो /बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने विधायक मद योजना से चंद्रपुरा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मंगलवार को जनहित के योजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास किए गए योजनाओं में कुरूंबा पंचायत स्थित आईपीएस इंटर कॉलेज में कमरों के निर्माण, कमार्टॉंड पंचायत के बुढीडीह स्थित दामोदर नदी में घाट निर्माण एवं पारटॉंड में बजरंग बली मंदिर के समीप पेभर ब्लॉक पथ निर्माण ।दुग्दा उत्तरी पंचायत के चंदुवाडीह गांव पूर्व में बने में सोलर युक्त पानी टंकी डीप बोरिंग का पटना गैराज के समीप बिजली युक्त डीप बोरिंग एवं खटाल तक पाइपलाइन सहित का निर्माण कार्य शामिल है। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के चंद्रपुरा प्रखंड अध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह, दुग्दा उत्तरी मुखिया चंदन सिंह, मुखिया सुनीता देवी, संतन सिंह, मंटू महथा, रजनीश दास, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष राज कुमार महतो, झामूमो नेता बीरू महतो, बोढन यादव, ब्रह्मदेव हेंब्रम, भीमलाल महतो, जीतन मुर्मू, जग्गु मुर्मू, आदि दर्जनों लोग उपस्थित थें।

### व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक मूल्य विषय पर सेमिनार आयोजित



बेरमो /बुधवार को केबी कॉलेज बेरमो के मनोविज्ञान एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक मूल्य विषय पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार मे सेमिनार दीप प्रज्वलित करके आयोजित किए गए। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा व्यक्तित्व विकास पूरे जीवनकाल तक होने वाली सतत प्रक्रिया है। हमारा व्यक्तित्व हमारे संपूर्ण व्यवहार, प्रतिमान व उसकी विशेषताओं के योग को दशार्ते हैं। विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग डा प्रभाकर कुमार ने बतलाया व्यक्तित्व के चार आयाम बुधिलब्धि ( आई क्यू ), संवेगात्मक बुधिलब्धि (ई क्यू ), सामाजिक बुद्धिलब्धी ( एस क्यू ) एवम आध्यात्मिक बुद्धिलब्धी (एस क्यू ) होते हैं। शुद्ध समाजीकरण की प्रक्रिया व्यक्तित्व निर्माण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग डॉ साजन भारती ने कहा सामाजिक मूल्य प्रत्येक निर्णय लेने की प्रकिया का मार्गदर्शन करते हैं। प्रो गोपाल प्रजापति, वरिष्ठ प्राध्यापक ने कहा व्यक्तित्व उन सभी गुणों का एकीकृत स्वरूप है जो किसी व्यक्ति की समाज के परिवेश मे भूमिकाओं एवम स्थिति को अभिव्यक्त करता है। आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डा अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा व्यक्तित्व विकास और मूल्य एक दूसरे के पूरक तत्व हैं। व्यक्तित्व हमारे विचारों व व्यवहार से मिलकर बनती है। डॉ नीला पूणीर्मा तिर्की ने कहा व्यक्तित्व हमारे अपनी अर्जित पूंजी होती है, व्यक्तित्व को मजबूत बनाने हेतु सतत प्रयास करना है, हमें हमेशा सीखते रहने की जरूरत है। डॉ आर पी पी सिंह ने कहा व्यक्तित्व विकास एवम सामाजिक मूल्य एक दूसरे के पूरक तत्व हैं। जबकि मंच संचालन का कार्य डा प्रभाकर कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डा अरुण कुमार रॉय महतो ने की। इस सेमिनार मे सीसीएल के सी एस आर पदाधिकारी चंदन कुमार, डॉ मधुरा केरकेट्टा, डॉ वासुदेव प्रजापति, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, रविंद कुमार दास, सदन राम, रवि यादविंधू, मो साजिद, नंदलाल राम, शिव चंद्र झा, बालेश्वर यादव, करिश्मा, कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों, छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

### अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



**बोकारो।** बोकारो जिला समाहरणालय स्थित सभागार में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंत्रिमंडल निर्वाचन संदीप सिंह ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव समेत विभिन्न कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर डीडीसी संदीप कुमार डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मो मुमताज अहमद एसडीओ बेरमो शैलेश कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सिंह ने कहा कि निर्वाचन नियमावली में निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यकतानुसार कई बदलाव किए गए हैं। कई नई बातों को जोड़ा गया है। आयोग ने कई नई आईटी एप को विकसित किया है। इस बार के निर्वाचन में इन आईटी एप की अहम भूमिका रहेगी। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को इलेक्शन मोड में काम करने को कहा। उन्होंने जिले की अब तक की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। जिला भ्रमण पर बोकारो पहुंचे अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंत्रिमंडल निर्वाचन संदीप सिंह ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 326 सेंट जेवियर्स स्कूल का निरीक्षण किया। मौके पर अभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ईडी संकार्य बीके तिवारी ने इंडक्शन प्रोग्राम में प्रशिक्षुओं को किया अभिप्रेरित



बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र के एचआरडी में आयोजित नव नियुक्त 31 ओसीटी प्रशिक्षुओं के इंडक्शन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ईडी संकार्य बीके तिवारी के साथ ईडी पी एन्ड ए राजन प्रसाद सीजीएम हरिमोहन झा मनीष जलोटा व कुंदन कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलायी गयी। सीजीएम श्री जलोटा ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया। ईडी श्री तिवारी ने प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बोकारो स्टील प्लांट निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है और इसे जारी रखने में प्रशिक्षुओं की भूमिका भी अपेक्षित है। ईडी राजन प्रसाद ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट के कार्मिकों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में प्रकाश डाला।

# दीपिका पांडे ने बूथ योद्धाओं के साथ बैठक कर गठबंधन को भारी बहुमत जीताने दिलाने का अनुरोध किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट बुधवार को स्थानीय विधायक दीपिका पांडे सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र के बूथ न्याय योद्धा के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में विधायक ने प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों के मतदान केंद्र प्रभारी और मतदान केंद्र के अध्यक्ष, मतदान केंद्र समिति सदस्यों के साथ बारी-बारी से बातचीत किया। प्रत्येक मतदान केदो पर दो महिलाओं सहित 10 से 12 व्यक्तियों को रखा गया है। मतदान केंद्र समिति के सभी सदस्यों को विस्तार पूर्वक मतदान से संबंधित हर प्रकार की जानकारी दी गई। इसके अलावे विधायक ने



कहा कि ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र में भोड़ा बराज का मजबूती से निर्माण जीर्णोद्धार कराया गया है।

जगह-जगह पर चेकडैम,कई महत्वपूर्ण मुख्य व ग्रामीण सड़क का निर्माण और मरम्मती कराया गया है ।साथ ही साथ महागामा अनुमंडल मुख्यालय में 300 बेड के अस्पताल का शिलान्यास कर दिया गया ।वर्तमान सरकार में 60 वर्षों उम्र वालों की पेंशन के साथ-साथ 50 वर्षों से अधिक उम्र की सभी महिलाओं और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पुरुषों का पेंशन की स्वीकृत की गई है। लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड सरकार साढ़े चार लाख लाभुकों को अबुआ आवास देगी। गरीबों को सीमित मात्रा में फ्री बिजली भी दी जा रही है। बताई कि गोड्डा लोकसभा में इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के साथ-साथ राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है और हर परिस्थिति में जल्द ही इस सपने को साकार करना है ।राहुल गांधी हमेशा किसानों, गरीबों की बात करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अपने गोड्डा लोकसभा के साथ-साथ झारखंड प्रदेश का सभी 14 लोकसभा में इंडिया महागठबंधन जीतेगी।

जिला अध्यक्ष दिनेश यादव, जिला प्रभारी अनुकूल मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष अवधेश ठाकुर के अलावे कई अन्य प्रमुख वक्ताओं ने भी उपस्थित बूथ कमिटी सदस्यों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हर परिस्थिति में महागठबंधन को और अधिक मजबूत करना है। और निश्चित रूप से इस लोकसभा सीट के साथ-साथ पूरे प्रदेश में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करनी है। जिससे कि केंद्र में इंडिया महा गठबंधन की सरकार बन सके और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सके। प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर,मिहिर महतो, रंजन ठाकुर, हेमलता झा, मिस्टर खान, सुशील प्रसाद यादव, अजमल अंसारी, मणिकांत महतो, प्रभारी प्रमुख कुंदन कुमार महतो,पंचायत समिति सदस्य विनीत कुमार, मुखिया मनोरंजन कुमार, चुन्नी देवी, मनोज कुमार यादव, सालोमी मुर्मू,प्रफुल्ल महतो, योगेश यादव, गुड्डू उर्फ अवधेश ठाकुर, जितेंद्र महतो, अखिलेश्वर ठाकुर, लोकनाथ ठाकुर, गोपाल यादव विनय गुप्ता सहित सैकड़ों महागठबंधन दलों के कार्यकर्ता व समर्थक शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### इंडिया गठबंधन मुसलमानों को सिर्फ.वोट बैंक न समझे : इमाम



**बेरमो/ललपनिया।** लोकसभा 2024 चुनाव में राजनीतिक भागीदारी को लेकर झारखंड के 54 संगठन की संयुक्त मोर्चा झारखंड प्रजातांत्रिक मंच का गठन हुआ है। मंच के पदाधिकारियों ने बैठक में निर्णय लिया है कि मुसलमान सिर्फ वोट बैंक बनकर नहीं रहेगी ।मंचके संस्थापक सदस्य इमाम सफी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए गठ बंधन द्वारा मुसलमानों को एक भी सीट नहीं दिया, जिससे मुस्लिम समाज के साथ अन्याय किया है। इसलिए इंडिया गठबंधन से अंतिम उम्मीद है कि वह आबादी के अनुसार उसकी भागिदारी देकर उसके साथ न्याय करेगी। इमाम सफी ने कहा झारखंड में मुस्लिम आबादी लगभग 20 प्रतिशत है और आज एक भी सांसद नहीं है, जो बहुत बड़ी विडंबना है ।इसलिए मंच ने निर्णय लिया है अब मुस्लिम समाज वोट बैंक बनकर नहीं रहेगी। अगर मुस्लिम समुदाय की वोट चाहिए तो इंडिया गठबंधन को आबादी के अनुरूप कम से कम तीन सीट गोडा, कोडरमा व गिरीडीह लोकसभा सीट देनी होगी ।अगर किसी कारण से तीन सीट नहीं मिलेगा तो मंच अपना कैंडिडेट मैदान में उतारेगी और एनडीए और इंडिया गठबंधन की बहिष्कार करेगी।

### बीएसएल में महिला कर्मियों हेतु उड़ान आउटबाउंड कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एचआरडी में टीम निर्माण और नेतृत्व क्षमता के विकास पर केंद्रित उड़ान आउटबाउंड कार्यक्रम का आयोजन महिला कर्मियों के लिए किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में ईडी संकार्य बीके तिवारी ईडी कार्मिक एवं प्रशासन राजन प्रसाद सीजीएम कार्मिक हरिमोहन झा सीजीएम परियोजनाएं अनिमा कुशवाहा सीजीएम एचआरडी मनीष जलोटा उपस्थित थे। उड़ान आउटबाउंड कार्यक्रम में बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत लगभग 150 महिला कर्मियों ने भाग लिया। नेतृत्व क्षमता के विकास तथा टीम निर्माण से जुड़ी मनोरंजक और शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित उड़ान कार्यक्रम का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों के बीच नेतृत्व समझ और सामंजस्य की भावना को बढ़ावा देना है। तिवारी नेप्रतिभागियों को उड़ान कार्यक्रम से लाभान्वित होने का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन में मानव संसाधन विकास विभाग की जीएम नीता बा एजीएम अमित आनंद के नेतृत्व में पूरे विभाग का योगदान रहा।

## अंतर क्षेत्रीय खेलकूद में कथारा के नौ खिलाड़ियों ने 10 पदक झपटे





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /कथारा।** रामगढ़ जिला के सीसीएल के बरका-सयाल क्षेत्र में बीते दिनों आयोजित अंतर क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता में कथारा क्षेत्र के 9 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कथारा क्षेत्र ने कुल 10 मेडल जीता, जिसमे 3 स्वर्ण, 2 रजक तथा 5 कांस्य पदक शामिल है ।उक्त जानकारी देते हुए कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन जयंत कुमार तथा सीएसआर प्रबंधक चंदन कुमार ने 5 मार्च को बताया कि बीते दिनों बरका सयाल क्षेत्र में आयोजित अंतर क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता में कथारा क्षेत्रीय मुख्यालय की महिला कर्मी पिंकी नाहक ने 3 स्वर्ण पदक जीता। वहीं संजीव कुमार ने 2 रजक पदक और एक कांस्य पदक जीता। जबकि, अजय यादव ने 2 कांस्य पदक पर कब्जा जमाने में सफल रहा। बताया गया कि 4.100 मीटर रिले दौर में शंकर पटेल, मोहन मुंडा और संजीव कुमार ने एक एक कांस्य पदक जीता। इसके अलावा डिस्कस थ्रो, जेवलिंग थ्रो तथा शॉट पुट में भी कथारा क्षेत्र के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। बताया गया कि उक्त प्रतियोगिता में कथारा क्षेत्र के पिंकी नाहक को सर्वश्रेस्ट महिला खिलाड़ी के सम्मान से भी सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक वित्त पवन कुमार तथा बरका सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह द्वारा दिया गया। ज्ञात हो कि प्रतिभागियों में कथारा क्षेत्र से संजीव कुमार, बॉबी कुमार कोल, अनमोल मुर्मू, पिंकी नाहक, शंकर पटेल, मोहन मुंडा, मुमताज कुमारी, मुकेश चौहान तथा अजय यादव ने भाग लिया था।

## अखिल भारतीय आदिम जनजाति विकास समिति ने 15 सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** अखिल भारतीय आदिम जनजाति विकास समिति ने अपनी 15 सूत्री मांगो बुधवार को रैली व धरना प्रदर्शन किया। सिदो-कान्हू पार्क से समाहरणालय तक रैली पहुँचकर धरना में तब्दील हो गया। धरना प्रदर्शन समाप्त के बाद राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौपा। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व समिति के महासचिव शिवचरण मालतो ने किया। उन्होंने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि पहाड़िया समुदाय हो या बिहाड सोशित व पीड़ित है। देश को आजादी हुआ 75 वर्ष बीत गया। लेकीन पहाड़िया की स्थिति वही पर है। वर्तमान सरकार की कारनामा एक अलग रूप है। हम पहाड़िया यहां के मूल निवासी है और आदिम जनजाति कहलाते है ।लेकिन हमें आरक्षण का लाभ नही मिल रहा है। कई योजनाएं पहाड़िया के स्वीकृति योजना धरातल में नही दी रही है। प्रधानमंत्री ने आदिम जनजाति के लिए जनमन आवास योजना को शुरू किया है ।लेकिन आवास योजना की चयन में इतनी गड़बड़ी है कि जिसके कारण पहाड़िया समुदाय के लोग वंचित हो गई। साथ ही कहा कि हम लोगो की 15 सूत्री मांग आदिम जनजाति पहाड़िया को प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना स शत प्रतिशत आच्छादित किया जाय, आदिम जनजाति पहाड़िया आवसीय विद्यालय नाम रखा जाय, जाती प्रमाण पत्र आदिम जनजाति के नाम से निर्गत किया जाय, बीजीआर व डीबीएल कॉल कंपनी के द्वारा अमड़ापाड़ा अंचल के अंतर्गत आने वाले विस्थापित एंव प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी एवं आदिम जाति पहाड़िया परिवारों को समुचित सुविधा उपलब्ध कराने ,सहित कई अन्य मांग को लेकर धरना प्रदर्शन व रैली में माध्यम से राज्य सरकार व केंद्र सरकार को बताना चाह रहे है कि हमारी बातों को निश्चित रूप से सुने। धरना प्रदर्शन में डेविड मालतो, बैजनाथ पहाड़िया, नारायण पहाड़िया, कालू पहाड़िया, बिजय मालतो, देवा पहाड़िया सहित पहाड़िया सामुदाय के लोग मौजूद थे।

## सर्वजन पेंशन योजना लाभुकों को प्रथम किस्त का किया गया भुगतान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** बुधवार को स्थानीय रविंद्र भवन टाउन हॉल (नगर भवन)में सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों को प्रथम किस्त के भुगतान एवं पोषण पखवाड़ा के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन आलमगीर आलम, माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार, माननीय विधायक, लिट्टीपाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद, अध्यक्ष जूली खिष्टमणी हेम्ब्रम, उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त मो शाहिद अख्तर, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता मो जियाउल अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वजन लाभुको को संबोधित करते हुए उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना में लाभुकों की उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष की गई है। इस पेंशन योजना के अन्तर्गत राज्य की महिला तथा अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के 50-60 वर्ष आयुवर्ग के पुरुषों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। 50-60 वर्ष आयुवर्ग के महिलाओं, अनुसूचित जनजाति (एसटी) तथा अनुसूचित्त जाति (एससी) के योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत योजना से अच्छादित किया गया है।

उपयुक्त ने बताया की मुख्यमंत्री वृद्धा व्यवस्था योजना में जिला में कुल 21 हजार आवेदन आए हैं। जिसमें से 10 हजार आवेदन को पोर्टल में एंट्री कर दिया गया है। साथ ही आज पोषण पखवाड़ा की शुरूआत की गई है।

> 60 वर्ष की जगह में अब 50 वर्ष पर मिलेगा पेंशन

## बंधना था शेहरा, उठ गयी चचेरे भाई की अर्थी, गांव में छाया मातम

**जामा।** दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के ताराजोरा गांव के दो चचेरा भाई की मौत से पूरा गांव मातम में डूब गया है। सड़क दुर्घटना में मंगलवार की देर रात दोनों की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार नवल किशोर खिरहर का पुत्र उदयकांत खिरहर (30) वर्ष एवं अजयकान्त खिरहर का पुत्र पिंटु कुमार (25) वर्ष दोनों चचेरा भाई की मौत जामताड़ा जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के अंगूठीया मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में हो गई है।

दोनों मृतक युवक की शादी इसी माह 11 एवं 12 मई को थी। दोनों कार्ड वितरण करने नई बाइक से अपने रिश्तेदार के घर फतेहपुर गये थे। वहां से लौटने के क्रम में दुर्घटना के शिकार हो गये। इस दुर्घटना में पिंटु कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। जबकि उदयकांत खिरहर की मौत धनबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गयी। मृतक उदयकांत खिरहर की शादी 11 मार्च को जरमुंडी प्रखंड के तालझारी थाना के तीनघरा गांव में तय हुआ था। वहीं पिंटु कुमार की शादी 12 मार्च को जामा थाना के हल्दीपट्टी गांव में तय हुआ था।

दोनों भाई अपने पिता के एकलौता पुत्र थे। मृतक उदयकांत का पोस्टमार्टम धनबाद में जबकि पिंटू का पोस्टमार्टम जामताड़ा में हुआ। मृतक का शव गांव पहुंचते ही चीख पुकार मच गयी। दोनों के घर के लोग दहाड़ मारकर रोने और चिल्लाने लगे। ज्ञात हो कि 5 दिन बाद दोनों को सेहरा पहनना था। मृतकों के गांव ताराजोरा में बुधवार को किसी के घर में चुल्हा तक नही जला।